


वर्ष : 2 अंक: 177 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 18 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## पंजाब निकाय चुनाव में करवाया BJP का सूपड़ा साफ

### बठिंडा नगर निगम कांग्रेस ने 53 साल बाद जीती है

**नई दिल्ली।** पंजाब में स्थानीय निकाय चुनावमें कांग्रेस ने राज्य की सात नगर निगम को अपने खाते में कर लिया, भाजपा का सूपड़ा साफ कर दिया। मोहाली नगर निगम के नतीजे गुरुवार को जारी किए जाएंगे, क्योंकि वहां पर दो बूथों पर आज दोबारा से चुनाव करवाए जा रहे हैं। जो नतीजे सामने आए हैं, इसे भाजपा के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। पंजाब के किसान पिछले कई महीनों से दिल्ली की सीमा पर केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या किसान आंदोलन का असर इन निकाय चुनाव पर देखने को मिला है? कांग्रेस पार्टी ने मोगा, होशियारपुर, कपूरथला, अबोहर, पठानकोट, बटाला और बठिंडा नगर निगम जीत ली है। बठिंडा नगर निगम कांग्रेस ने 53 साल बाद जीती है। वहीं, पंजाब की 109 नगर निकाय-नगर पंचायत के लिए हुए मतदान की मतगणना जारी है। दिल्ली के



गाजीपुर, सिंघू और टिकरी बॉर्डर पर पंजाब के किसान हरियाणा, राजस्थान और अन्य राज्यों के किसानों के साथ विरोध प्रदर्शन पर बैठे हैं। केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के आंदोलन के अब तीन महीने होने को हैं। ऐसे में किसानों के प्रमुख प्रदर्शन स्थलों- सिंघू, टिकरी और गाजीपुर बॉर्डर पर भीड़ अब कम होती दिखाई दे रही है, लेकिन किसान नेता अपने आंदोलन को पहले से ज्यादा मजबूत बता रहे हैं। किसान नेताओं का कहना है कि केवल दिल्ली की सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में आंदोलन को फैलाने के लिए यहां से भीड़ कम की जा रही है। ताकि ये लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाकर आंदोलन को मजबूत कर सकें। इस विरोध प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस पार्टी लगातार मोदी सरकार पर हमलावर रही है। कांग्रेस पार्टी ने किसान आंदोलन का समर्थन किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने किसान पंचायत में भी हिस्सा लिया था.। बिजनौर में हुई किसान पंचायत में प्रियंका गांधी ने कहा था कि 'आपका साथ नहीं छोडूंगी, मेरी जान, मेरा धर्म आप हैं'। पंजाब स्थानीय निकाय चुनाव के नतीजों को देखते हुए लग रहा है कि किसान आंदोलन को लेकर पंजाब में BJP के खिलाफ माहौल को कांग्रेस अपने पक्ष में लाने में कामयाब होती दिखी है।

## ई-छावनी एप सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम: रक्षामंत्री राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 16 फरवरी को नई दिल्ली में ई-छावनी पोर्टल एवं मोबाइल एप लॉन्च किया। देश भर में 62 छावनी बोर्डों के 20 लाख से अधिक निवासियों को ऑनलाइन नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए पोर्टल (https://echhawani.gov.in/) बनाया गया है। पोर्टल के माध्यम से छावनी क्षेत्रों के निवासी बटन के सिर्फ एक क्लिक के साथ पट्टों के नवीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन, पानी और सीवरेज कनेक्शन, ट्रेड लाइसेंस, मोबाइल टॉयलेट लोकेटर और विभिन्न प्रकार के करों और शुल्कों के भुगतान जैसी बुनियादी सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। ई-गॉवफाउंडेशन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल), डायरेक्टरेट जनरल डिफेंस एस्टेट्स (डीजीडीई) तथा नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह पोर्टल निवासियों को अपने घर बैठे इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। रक्षामंत्री ने लोगों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करके और प्रशासन को कुशल और पारदर्शी बनाकर देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रणाली को नागरिक हितैषी बनाने और लोगों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग' को सुगम बनाने के लिए प्रयासरत है।

रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सुशासन और लोगों के लिए जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के



लिए न्यूनतम सरकार- अधिकतम शासन, डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस जैसी पहलों की शुरूआत की गई थी। राजनाथ सिंह ने ई-छावनी पोर्टल को 'न्यू इंडिया' के दृष्टिकोण के अनुरूप छावनी बोर्डों के कामकाज में परिवर्तन लाने के लिए एक अभिनव प्रयास बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पोर्टल छावनी बोर्डों की सेवा वितरण प्रणाली की प्रभावशीलता और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा एवं निवासियों को समयबद्ध समाधान प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### लाल किला हिंसा मामले में मोस्ट वांटेड मनिंदर सिंह गिरफ्तार, घर से दो तलवारें बरामद

नई दिल्ली। बीते 26 जनवरी को किसान द्वारा आयोजित ट्रैक्टर रैली के दौरान लाल किला में हुई हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मोस्ट वांटेड मनिंदर सिंह को पीतमपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मनिंदर के स्वरूप नगर स्थित घर से दो तलवारें भी बरामद की हैं। दिल्ली पुलिस मनिंदर सिंह से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोपी मनिंदर सिंह 26 जनवरी को बाइक पर अपने 5 साथियों के साथ ट्रैक्टर रैली में शामिल होने के लिए निकला था। वह साथियों के साथ ट्रैक्टर रैली में शामिल होने के बाद लाल किले में घुसा और वहां तलवार लहराते हुए डांस किया। इस दौरान इसने दूसरे प्रदर्शनकारियों को भी उकसाया। आरोपी स्वरूप नगर इलाके में एक खाली प्लाट पर तलवार चलाने की ट्रेनिंग भी दे रहा था। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दिल्ली पुलिस ने लाल किला हिंसा मामले में दीप सिद्धू और इकबाल सिंह को गिरफ्तार किया था। सिद्धू पर अराजकता भड़काने और झड़प का आरोप लगाया गया है। झड़प के दौरान, प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने लाल किले में प्रवेश किया और सिख धार्मिक ध्वज फहराया। सिद्धू घटना के बाद फरार हो गया था। वहीं, इकबाल 26 जनवरी को लाल किले से फेसबुक लाइव कर रहा था और लोगों को कह रहा था कि टॉप जाओ बब्बर शेरो। उस पर भीड़ को उकसाकर लाल किले पर झंडा फरहरवाने का आरोप है। दिल्ली पुलिस ने दीप सिद्धू पर 1 लाख और इकबाल सिंह पर 50 हजार रुपए का इनाम रखा था।

### सड़क परिवहन मंत्रालय वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में कर रहा काम: नितिन गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने यहां कहा कि ईंधन के बढ़ते दाम को देखते हुए सड़क परिवहन मंत्रालय ने लिथियम ऑयन और हाइड्रोजन सेल जैसे वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में संभावना टटोलने के लिये कदम उठाया है। केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान में चमड़ा संकुल का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम ऑयन और स्टील ऑयन बैटरी पर भी चर्चा की जा रही है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और एमएसएमई सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम मंत्री गडकरी ने कहा मेरा सुझाव यह है कि देश में वैकल्पिक ईंधन अपनाने का समय है। मैं भारत में अतिरिक्त बिजली की उपलब्धता के साथ ईंधन के रूप में इसके उपयोग पर जोर देता रहा हूं और अब 81 प्रतिशत लिथियम ऑयन बैटरी भारत में बन रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मंत्रालय हाइड्रोजन ईंधन सेल विकसित करने के कार्य में भी लगा है। गडकरी ने कहा, 'हम जीवाश्म ईंधन के विकल्प पर काम कर रहे हैं। क्योंकि यह देश के लिये काफी महत्वपूर्ण है। फिलहाल देश 8 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन का आयात करता है। उन्होंने कहा कि समस्या यह है कि वैश्विक बाजार में जीवाश्म ईंधन के दाम बढ़ रहे हैं और भारत में 70 प्रतिशत जीवाश्म ईंधन का आयात होता है। गडकरी ने कहा कि उन्होंने हाल ही में जैव-सीएनजी संचालित ट्रैक्टर को पेश किया। इसमें ईंधन के रूप में पराली, गन्ने की खोई, कपास फसल के अवशेष का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें वैकल्पिक ईंधन उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है और तमिलनाडु कृषि के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण राज्य है। मंत्री ने कहा कि मैं राज्य सरकार से कृषि अवशेषों से ईंधन बनाने और किसानों को उससे अधिक आय प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित करने का आग्रह करता हूं।

## विकास से ज्यादा जरूरी था लोगों की जान बचाना: गोपाल राय

**नई दिल्ली।** कैबिनेट मंत्री व आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि यह साल दिल्ली की जनता के साथ साथ हमारी सरकार के लिए भी चुनौतियों से भरा रहा है। एक साल पहले दिल्ली की सत्ता में जब फिर से हमारी पार्टी लौटी तो उसके तुरंत बाद ही उत्तर-पूर्वी जिले में दंगे हो गए। उससे हम लोग निपट ही रहे थे कि उसी दौरान कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ गया। मार्च के अंत में लाकडाउन लग गया। गोपाल राय के अनुसार, उस समय बड़ी चुनौती सरकार के सामने यह थी कि जो गरीब हैं या जिनकी रोजी-रोटी छूट गई है, उन्हें कैसे बचाया जाए। आनन-फानन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों को बचाने के लिए वे सभी फैसले लिए जिससे गरीबों की जिंदगी बचाई



जा सकती थी। ऐसे में अगर कोई दिल्ली में विकास नहीं होने की बात कहता है तो बचकाना बयान है। हमारे लिए उस समय विकास की जगह लोगों की जान बचाना अधिक महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा कि पहले एक लाख, दो लाख, फिर चार लाख लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, मगर जब लोगों की संख्या बढ़ती गई तो मार्च के अंत में 10 लाख लोगों के लंच व डिनर की प्रतिदिन व्यवस्था की गई। रहने के लिए स्कूलों में आश्रय गृह बनाए गए। एक करोड़ लोगों को राशन दिया गया। राय ने कहा कि महामारी फैली तो एक और चुनौती थी कि जो लोग संक्रमित हो रहे थे, उन्हें तुरंत इलाज मिले। कई अस्पताल कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित किए गए। बेड की संख्या बढ़ाई गई। प्लाज्मा बैंक शुरू किए गए। हल्के लक्षणों वाले मरीजों को होम आइसोलेशन की सुविधा दी गई। उन्हें आक्सीमीटर दिए गए। इस दौरान अक्टूबर में पड़ोसी राज्यों से पराली जलाने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने लगा। एक बार फिर कोरोना अधिक मजबूत होने लगा। इससे निपटने के लिए कार्यक्रम चलाए गए। पूसा इंस्टीट्यूट के माध्यम से पराली के प्रदूषण को रोकने का फामरूला ढूंढा।

## कांग्रेस नेता को कृषि की कोई जानकारी नहीं है: अरुण सिंह

**मथुरा।** भाजपा सांसद अरुण सिंह ने केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों को समर्थन देने को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर निशाना साधते हुए दावा किया कि कांग्रेस नेता को कृषि की कोई जानकारी नहीं है और वह गेहूं एवं जौ की फसल में अंतर नहीं बता सकतीं। सिंह ने वृंदावन कुंभ में कहा कि कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल किसानों को गुमराह कर रहे हैं और उन्हें मूर्ख बना रहे हैं, लेकिन चुनाव में लोग उन्हें मूर्ख बनाएंगे और भाजपा के लिए मतदान करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि प्रियंका गांधी गेहूं और जौ की फसल में अंतर नहीं बता पाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और वाम दलों समेत विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिए किसानों के प्रदर्शन को समर्थन दे रहे हैं।

## कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष बने

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में नए नेता प्रतिपक्ष बन गए। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद का स्थान लिया है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी संसदीय बुलेटिन के मुताबिक राज्यसभा सदस्य के तौर पर आजाद का कार्यकाल 15 फरवरी को खत्म होने के बाद सभापति एम वेंकैया नायडू ने खड़गे को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की है। पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने नायडू को पत्र लिखकर खड़गे को उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का अनुरोध किया था। आजाद जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा के सदस्य थे। जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए



जाने और इसके केंद्रशासित प्रदेश बनाए जाने के बाद से वहां विधानसभा अस्तित्व में नहीं है। कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले दलित नेता खड़गे 2014 से 2019 के बीच लोकसभा में कांग्रेस के नेता रह चुके हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें गुलबर्गा संसदीय सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। 77 वर्षीय खड़गे पिछले साल राज्यसभा के लिए पहली बार निर्वाचित हुए थे। वह उच्च सदन में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने टूलकिट मामले में निकिता जैकब की गिरफ्तारी पर तीन हफ्ते के लिए लगाई रोक

**मुम्बई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज मामले में वकील और सामाजिक कार्यकर्ता निकिता जैकब को तीन हफ्ते के लिए गिरफ्तारी से राहत दे दी है। उन पर किसानों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ी टूलकिट बनाने के लिए अहम भूमिका निभाने का आरोप है। जस्टिस पीडी नाइक ने बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच द्वारा पारित आदेश को ध्यान में रखकर फैसला दिया, जिसमें टूलकिट मामले में फंसे एक अन्य व्यक्ति शांतनु मुलुक को ट्रांजिट जमानत दी गई थी।

कोर्ट में वकील ने कहा कि निकिता जैकब का हिंसा भड़काने का कोई धार्मिक, राजनीतिक और वित्तीय इरादा नहीं था। जैकब की ओर से पेश वकील मिहिर देसाई ने औरंगाबाद बेंच द्वारा सुनाया गया आदेश जस्टिस नाइक के सामने पेश किया। वहीं दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एडवोकेट हितेन वेनगोकर ने कोर्ट से कहा कि वह ट्रांजिट बेल पर हाईकोर्ट के जस्टिस एएस गडकरी द्वारा दिए गए फैसले पर विचार करें।



उल्लेखनीय है कि जैकब के घर पर 11 फरवरी को छापा डाला गया था। तलाशी के दौरान जब्ती की गई थी। कोर्ट में वकील ने कहा कि इस बात की आशंका थी जैकब को गिरफ्तार कर लिया जाएगा क्योंकि आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। अदालत ने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा अपराध की जांच की जा रही है। यह स्पष्ट है कि वह मुंबई में स्थाई निवासी है।

गौरतलब है कि जैकब ने चार सप्ताह के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत की मांग की थी, ताकि वह दिल्ली में अग्रिम जमानत याचिका दायर करने के लिये संबंधित अदालत का रुख कर सके। जैकब ने दाखिल की गई में याचिका में यह भी आरोप लगाया था कि कुछ ट्रोल उनकी निजी जानकारी, ईमेल-आईडी, फोन नंबर, सोशल मीडिया हैंडल और सोशल मीडिया पर तस्वीरें प्रसारित कर रहे हैं।

## मुसलमानों को भारत से अच्छा देश, हिंदू से अच्छा दोस्त और मोदी जैसा नेता नहीं मिल सकता : शाहनवाज

**उदयपुर।** बिहार सरकार में उद्योग मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने देश में मुसलमानों की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि देश का मुसलमान पूरी तरह से सुरक्षित है। यदि कोई असुरक्षित महसूस करता है तो वह उनके संज्ञान में लाएं। उस मुसलमान की सुरक्षा की गारंटी वे स्वयं देंगे। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हिंदुस्तान से अच्छा देश, हिंदू से अच्छा दोस्त और मोदी से अच्छा नेता मुसलमानों को नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि भारत का मुस्लिम पूरी तरह से सुरक्षित और खुश है, जबकि अन्य इस्लामिक देशों में ही मुसलमानों की स्थिति अच्छी नहीं है।

शाहनवाज हुसैन उदयपुर में एक निजी कार्यक्रम में शरीक होने आए थे, इस दौरान दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में उद्योगों को बढ़ाना अब उनकी प्राथमिकता रहेगी। हालांकि उन्होंने इसे चुनौतीपूर्ण कार्य बताया और कहा की पार्टी हमेशा उन्हें कठिन काम देती है और यह विश्वास करती है कि वह उस कार्य में खरा उतरेंगे। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक कमल खिलाने की जिम्मेदारी थी और उन्होंने कश्मीर घाटी में भी कमल खिला कर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।



किसान आंदोलन को लेकर भी शाहनवाज हुसैन ने साफ किया कि जिस तरह का हुड़दंग किसान आंदोलन के नाम पर किया गया है, यह किसानों द्वारा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस सरकार का किसानों से बैर नहीं है और देश को बदनाम करने वाली ताकतों की भी खैर नहीं है। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर भी पूछे गए सवाल पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कीमत पहले भी बढ़ी है और फिर कम भी हुईं। इस बार भी कीमत बढ़ी हैं। ऐसे में फिर से कम भी होंगी और सरकार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता को इससे राहत मिल सके। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि देश में कांग्रेस का दुर्भाग्य है कि उसे सत्ता में रहना नहीं आता और मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने में भी कांग्रेस कमजोर रही हैं। हुसैन ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो वर्ष की उपलब्धियों के होर्डिंग्स लगवाने वाली प्रदेश सरकार यदि इस पैसे का इस्तेमाल झीलों के संरक्षण में करती तो ठीक था।

## तेजस्वी-तेज प्रताप की वजह से राजद में आने वाला है भूकंप: सुशील मोदी

**पटना।** बिहार में राजनीतिक सुगबुगाहटों का दौर थमता नहीं दिख रहा है। कुछ दिन पहले लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) नेता की सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात और उसके बाद वामनेता कन्हैया कुमार के प्रदेश के मंत्री से मिलने की घटना के बाद बिहार में सियासी गर्मी पैदा हो गई थी। इस बीच भाजपा सांसद सुशील मोदी के एक बयान ने राज्य की राजनीति में एक बार फिर गर्मी पैदा कर दी है।

सुशील मोदी ने बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी राजद के नेताओं तेजस्वी यादव और तेज प्रताप को निशाना बनाते हुए कहा है कि राजद में



दोनों राजकुमारों की वजह से कभी भी भूकंप आ सकता है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी का यह बयान राजद में विधायकों की संभावित टूट को लेकर दिया गया। इसी बयान के बाद जेडीयू प्रवक्ता अजय आलोक ने राजद के अस्तित्व पर सवाल उठाते हुए कहा यह पार्टी असंवैधानिक है। पार्टी का गठन तब हुआ था, जब लालू प्रसाद यादव जेल जा रहे थे और राबड़ी देवी मुख्यमंत्री बनी। और भूकम्प तो आना है क्योंकि परिवार के लोगों का एक दूसरे से बन नहीं रही है। जदयू नेता व प्रवक्ता अजय आलोक के बयान पर राजद की ओर से भाई वीरेंद्र ने प्रतिक्रिया की है। राजद नेता ने सुशील मोदी के बयान को लेकर कहा सुशील मोदी की बात की कोई वैल्यू नहीं रह गई है। उनकी बात पर अब कोई गौर नहीं करता। उन्होंने दावा किया कि भूकंप तो असल में एनडीए में आने वाला है, लेकिन लोग महागठबंधन की बात कर रहे हैं।

## आजाद भारत की पहली महिला जिसे होगी फांसी

**नई दिल्ली।** महिला को फांसी देने की तैयारी जेल प्रशासन ने शुरू कर दी है। यह फांसी अमरोहा की रहने वाली महिला शबनम को दी जा सकती है। उसने अप्रैल, 2008 में प्रेमी सलीम के साथ मिलकर अपने ही 7 परिजनों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी। मथुरा जेल प्रशासन ने रस्सी का ऑर्डर दे दिया है। निर्भया कांड के दोषियों को फांसी पर लटकाने वाले पवन जल्लाद ने फांसी घर का जायजा भी लिया है। हालांकि फांसी की तारीख अभी तय नहीं की गई है। अगर शबनम को फांसी होती है तो यह आजाद भारत का पहला मामला होगा। हालांकि दोषी शबनम ने सुप्रीम कोर्ट ने कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। जहां से सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा है। इसके बाद शबनम-सलीम ने राष्ट्रपति को दया याचिका भेजी थी। लेकिन राष्ट्रपति भवन से उनकी याचिका को खारिज कर दिया है। आजादी के बाद शबनम पहली महिला कैदी होगी जिसे फांसी दी जाएगी। देश में सिर्फ मथुरा जेल का फांसी घर एकलौता जहां महिला को फांसी दी जा सकती है। फिलहाल शबनम बरेली तो सलीम आगरा जेल में बंद है। मथुरा जेल में 150 साल पहले महिला फांसीघर बनाया गया था। आजादी के बाद से अब तक यहां किसी भी महिला को फांसी पर नहीं लटकाया गया है. वरिष्ठ जेल अधीक्षक के मुताबिक अभी फांसी की तारीख तय नहीं है, लेकिन हमने तयारी शुरू कर दी है। रस्सी के लिए ऑर्डर दे दिया गया है। डेथ वारंट जारी होते ही शबनम-सलीम को फांसी दे दी जाएगी। हालांकि सलीम को फांसी कहां दी जाएगी यह भी अभी तय नहीं है। अमरोहा के हसनपुर कस्बे से सटे छोटे से गांव बावनखेड़ी में साल 2008 की 14-15 अप्रैल की दरमियानी रात का मंजर कोई नहीं भूला है। यहां शिक्षामित्र शबनम ने रात को अपने प्रेमी सलीम के साथ मिलकर अपने पिता मास्टर शौकत, मां हाशमी, भाई अनीस और राशिद, भाभी अंजुम और फुफेरी बहन राबिया का कुल्हाड़ी से वार कर कत्ल कर दिया था। भतीजे अर्श का गला घोंट दिया था। यह लोग उसके प्यार की राह में रोड़ा बन रहे थे। इस मामले अमरोहा कोर्ट में दो साल तीन महीने तक सुनवाई चली थी। जिसके बाद 15 जुलाई 2010 को जिला जज एसएए हुसैनी ने शबनम और सलीम को तब तक फांसी के फंदे पर लटकाया जाए तब तक उनका दम न निकल जाए का फैसला सुनाया। शबनम और उसका प्रेमी शायद कभी जेल न पहुंचते लेकिन कुछ मामूली राज ने उनकी करनी की सजा दे दी। शबनम ने शादी नहीं की थी। लेकिन वह रोजाना प्रेमी को घर पर बुलाती थी। वारदात में इस्तेमाल में सलीम के पास से कुल्हाड़ी मिली थी। दोनों के खून से सने कपड़े मिले थे। तीन सिम भी उनके पास से मिली थी, जिसपर अलग-अलग समय पर दोनों को वारदात को अंजाम देने की बात की थी. वारदात को अंजाम देने के बाद पकड़े जाने पर शबनम और सलीम ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे। सर्विलांस से दोनों के बीच बातचीत





का पता चला। फिर शबनम के पास दवा का खाली रैपर मिला था और फॉरेंसिक रिपोर्ट भी आई थी। शबनम की भाभी अंजुम के पिता ने लाल मोहम्मद ने कोर्ट में सलीम से उसके अवैध संबंध उजागर किए थे. सलीम ने वारदात को अंजाम देने के बाद हसनपुर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र पास गया था और अपनी करतूत बताई थी। शबनम-सलीम के केस में करीब 100 तारीखों तक जिरह चली। इसमें 27 महीने लगे। फैसले के दिन जज ने 29 गवाहों को बयान सुने 14 जुलाई 2010 जज ने दोनों को दोषी करार दिया था। अगले दिन 15 जुलाई 2010 को जज एसएए हुसैनी ने सिर्फ 29 सेकेंड में दोनों को फांसी की सजा सुना दी।





# मानव होने का अर्थ समझने के लिये विद्यार्थी बने रहना जरुरी

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली । वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर जियो जागो फाउंडेशन के संस्थापक धर्मवीर प्रभाकर ने समाज के अति महत्वपूर्ण पहलू शिक्षा में गिरते मानवीय मूल्यों को बचाने के लिए विद्यापति ब्लूज्म एंड बूम का शुभारंभ किया। जियो जागो फाउंडेशन का यह पहल विशेषतः स्कूल के बच्चों के लिए तैयार किया गया है, ताकि सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा ग्रहण करने में सहजता हो।

धर्मवीर प्रभाकर जो खुद माइंड मैनेजमेंट के एक विद्यार्थी है, बताते है कि इंसान उम्र के किसी भी पड़ाव पर विद्यार्थी बन सकते है और इसकी आज के समाज को अति आवश्यता भी है। आज बगैर विद्यार्थी बने जो डॉक्टर,इंजीनियर, ऑफिसर इत्यादि बन रहे वो समाज के लिए कितना घातक हो रहा है ये सर्वविदित है। मानवीय मूल्यों को ताक पर रखते हुए आज डॉक्टर पैसों के लिए जान बचाने के वजाय जान लेने पर उतारू है। ऑपेरशन के बहाने किडनी निकाल लेना आम बात हो गयी है। उद्घाटन के पहले पुल का गिर जाना इंजीनियर के भावना शून्य होने का प्रमाण देता है। भ्रष्टाचार के तो क्या कहने भ्रष्टाचार मानव के सिकुड़ते ह्रदय की प्रमाणिकता है। अगर यही हाल रहा तो वो दिन दूर नही कि मानव खुद के जाल में उलझ जाएगा। इसलिए जरूरी है हर बच्चा सर्वप्रथम विद्यार्थी बने ताकि मानव होने का अर्थ समझते हुए शिक्षा ग्रहण करे और जो भी बने उसके साथ इंसानियत बना रहे।

# खुशियों का खजाना ट्रस्ट में शहीदों की याद में बसंत उत्सव पर किया स्टेशनरी वितरण

» ह्रदयेश कुमार



फरीदाबाद ।हम होंगे कामयाब के भाव मन में लेकर आगे बढ़ते जाना ही सफलता की निशानी है। आज खुशियों का खजाना ट्रस्ट के अध्यक्ष उमा गर्ग तथा उनकी टीम ने पुलवामा कांड के शहीदों की याद में व बसंत पंचमी के उत्सव पर बहुत ही सराहनीय कार्य किए ।जरूरतमंदों को स्टेशनरी नोटबुक बिस्किट्स वितरण करके वैलेंटाइन डे का अर्थ समझाया बसंत उत्सव का महत्व बताया। भारती ग्लोबल स्कूल के बच्चों को भी ट्रस्ट के अध्यक्ष महासचिव दर्शन गर्ग व सरोज अग्रवाल ने नोटबुक पेंसिल पेन बिस्किट का वितरण किया। उमा गर्ग का मानना है यही बच्चे बड़े होकर देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए प्रहरी बनेंगे उनको स्वस्थ रखने के लिए कई प्रकार के योगासन शारीरिक फिटनेस मानसिक वृद्धि के लिए प्राणायाम तथा सुसंस्कार देकर देश के प्रति प्रेम भाव बनाए रखने की शिक्षा दी।राष्ट्रीय व धार्मिक उत्सव का अर्थ समझाया।इस वितरण में सरोज अग्रवाल का विशेष योगदान रहा! कपिल गोयल मीनू मंगला रजनी गर्ग में बर्मा अग्रवाल जी के सहयोग से यह शिक्षा संबंधी सामान देने में वितरण सफल हुआ! सर्वप्रथम सरस्वती वंदना कराई गई बच्चों ने कई डांस व योगासन करके दिखाएं! उनके चेहरे पर अलग ही खुशी झलक रही थी! शिक्षा के बिना आज का मानव अधूरा है भारत का कोई भी नागरिक अनपढ़ ना रहे सब पढ़े सब बढ़े के उद्देश्य से खुशियों का खजाना ट्रस्ट ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यह कदम बढ़ाया इस तरह का वितरण यह समय-समय पर करती रहती है जय हिंद जय भारत।

# ट्रैक पर काम कर रहे दो मजदूर रेल की चपेट में, एक की मौत



» अजय प्रताप सिंह

दादरी ।दादरी क्षेत्र के बोडाकी रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर काम कर रहे दो मजदूर रेल की चपेट में आ गये। उनमें से अशोक नामक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि विजय नामक मजदूर को गंभीर अवस्था में पहले सीएचसी दादरी लेकिन डाक्टरों ने घायल की गंभीरता को देखते हुए जिला सरकारी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दुर्घटना की सूचना राहगीरों द्वारा दी जाने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि अप मार्ग पर तेज रफ्तार रेल के आ जाने के कारण दुर्घटना घटी है।बताया जा रहा है दुर्घटना के समय दोनों मजदूरों के परिजन भी वहीं मौजूद थे। प्रश्न उठता है कि क्या रेल ट्रैक पर काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा की प्रयाप्त व्यवस्था स्थानीय रेल अधिकारियों द्वारा की गयी थी? यह प्रश्न जितना नैतिक है उतना मौलिक भी है। उसी ट्रैक पर रेल कैसे आयी इसकी जांच तो होनी ही चाहिए।दोषियों पर कार्यवाही की अपेक्षा भी की ही जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सेक्स रैकेट के साथ लूट में 5 शातिर गिरफ्तार



मदरलैंड संवाददाता, नोएडा । देह व्यापार और स्कोर्ट सर्विस उपलब्ध कराकर देह की चाहत रखने वालों को लूटने के अपराध में नोएडा सेक्टर 24 पुलिस ने सेक्टर 54 के खरगोश पार्क से सेक्स रैकेट की रोशनी जो मूल रूप से आसाम की रहने वाली है उसके पति दिव्यांश सोनी, वर्तमान में दिल्ली की पांडवनगर कालोनी वासी के साथ ही सरीफा खातून तथा मंजू पत्नी रामातार निवासी आदर्शनगर गली नं 8 बल्लभगढ़ तथा प्रमिला पत्नी धनेश्वर सेक्टर 8 बल्लभगढ़ को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से लूट के 3500 रुपये वेगनार कार नं डीएल1 आरटीए 7828 के अलावा पांच मोबाइल और आपत्ति जनक सामान बरामद किया गया है।

### किसान नेता राकेश टिकैत ने 'बापू और हनुमान' को आंदोलनजीवी बताने पर नाराज हुए साधु संत, माफी मांगने को कहा

नई दिल्ली।नए कृषि कानूनों के खिलाफ पिछले करीब 3 महीने से प्रदर्शन जारी है।भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने 'बापू और हनुमान' को आंदोलनजीवी बताया था।टिकैत के बयान पर अयोध्या के महंतों ने आपत्ति जाहिर की है।बीकेयू नेता ने कहा था कि कुछ लोग हमें आंदोलनजीवी कहते हैं।सबसे बड़े आंदोलनजीवी हनुमान जी थे।महात्मा गांधी भी आंदोलनजीवी थे।इसपर अयोध्या के महंतों ने टिकैत से माफी मांगने को कहा है।इसपर टिकैत ने कहा प्रधान मंत्री मांगे माफी, गांधी, हनुमान, सरदार भगत सिंह सब आंदोलनकारी थे।हनुमान जी की कोई रिश्तेदारी थी श्रीलंका में ? नहीं ना, दूसरों के काम के लिए गए थे।औरत किसी की गई और पूछ हनुमान जी की जाली।

# नव दिवसीय श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



» मदरलैंड संवाददाता

बलरामपुर । जनपद में नव दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा का शुभारंभ कल 16 फरवरी को प्रेममूर्ति युवा संत सर्वेश जी महाराज के मुखारविंद से शुरू हुआ । कथा का शुभारंभ नगर के हनुमान गढ़ी के महंत महेंद्र दास, उदासीन संगत गेल्हापुर महंत वृजानंद महाराज, एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरु', भाजपा मीडिया प्रभारी डी पी सिंह ह्यबैसह्ल, आदि के द्वारा पूजन कर श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया । इस दौरान डा. भानू तिवारी, संध्या सिंह, राम नरेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा आद्या सिंह ह्यपिंकीह्ल, भाजपा जिला महामंत्री रवि मिश्रा, रेशम सिंह, सभासद राघवेंद्र कांत सिंह ह्यमंटूह्ल, विनोद गिरी, मंगल प्रसाद, ललिता तिवारी, झूमा सिंह आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे । बताते चले संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम के सामने एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ह्यधीरुह्ल के प्रांगण में फरवरी से 24 फरवरी तक सायं 4 से 8 बजे तक आयोजित किया जायेगा ।मानस प्रभा नीलमणी शास्त्री ने भी मंत्रमुग्ध शैली में रामकथा महिमा का वर्णन किया।

इस अवसर पर कथा श्रोत्राओं में जिला ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी धीरेन्द् प्रताप सिंह, धीरु जी, उदासीन संगत, गेल्गापुर के महंथ श्री वृजानन्द जी महराज,श्रीहनुमानगढी के महंथ श्री महेन्द् दास जी महराज भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैसडा,भानू तिवारी, संध्या सिंह, रामनरेश त्रिपाठी, अद्मा सिंह, रेशम सिंह, मंटू सिंह, विनोद गिरी, मंगल प्रसाद, ललिता तिवारी, अमर शुक्ला , झूमा सिंह, पिंकी सिंह, सुभ्रा शुक्ला , गौरव, अजीत शुक्ला, सभासद विनोद गिरी, मंटू सिंह आदि उपस्थित थे।


# दिनेश गुर्जर लड़ सकते हैं लोनी विधानसभा से चुनाव, किया आवेदन

» मौसम खान

लोनी। समाजवादी पार्टी लखनऊ कार्यालय पर जाकर दिनेश गुर्जर ने अपने व अपने साथियों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को पार्टी प्लेटफार्म के तहत आवेदन भर के दादरी विधानसभा और लोनी विधानसभा से टिकट मांगा। जैसा कि सभी को भलीभांति जानकारी थी कि 15 फरवरी 2021 समाजवादी पार्टी की आवेदन करने वाली आखरी दिनांक थी। जिसके तहत गाजियाबाद से समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष दिनेश गुर्जर अपने दर्जनों साथियों के साथ लोनी गाजियाबाद से लखनऊ पहुंचे अपने बायोडाटा जमा कराने के साथ उन्होंने आवेदन किया। जिसमें गुर्जर बाहुल्य दादरी विधानसभा और लोनी विधानसभा से आवेदन किया। जहां दिनेश गुर्जर के समर्थकों को जैसे ही यह पता चला कि उनका आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकार कर लिया गया है, तो समर्थकों में एवं उनके पैतृक गांव बादलपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। दिनेश गुर्जर में आवेदन भरने के बाद बताया की वह संगठन को ओर मजबूत करेंगे।

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए समाजवादी पार्टी को वह ब्लॉक और बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद करेंगे।सभी कार्यकताओं एवं नेताओ को अपने - अपने क्षेत्र में जाकर जनसंपकर्क बढ़ाने का काम करना चाहिए। इसके अलावा ब्लॉक और संगठन स्तर पर भी पार्टी को मजबूत करना चाहिए। दिनेश गुर्जर ने अपने सभी साथियों को स्पष्ट कहा कि वह अभी से ही पूरी विधानसभा में पूरी मेहनत के साथ लग जाए और





समाजवादी पार्टी की सीट निकाल कर देने का कार्य करें और क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ाएं। वहीं दूसरी ओर दिनेश गुर्जर ने दिल्ली के हालात के लिए भाजपा को जिम्मेदार बताया। दिल्ली में हुई ट्रैक्टर परेड के दौरान दिल्ली में हुए हंगामे के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा सरकार ने जिस प्रकार किसानों को निरंतर उपेक्षित, अपमानित व आरोपित किया है, उसने किसानों के रोष को आक्रोश में बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। अब जो हालात बने हैं, उनके लिए भाजपा ही कसूरवार है। भाजपा अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हुए कृषि - कानून तुरंत रद करें।

# मीटू मामले में पत्रकार प्रिया रमानी बरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर को झटका

**नई दिल्ली।** मीटू मामले में पत्रकार प्रिया रमानी के खिलाफ पूर्व केंद्रीय मंत्री एमजे अकबर की आपराधिक मानहानि की शिकायत के मामले में दिल्ली की अदालत द्वारा बुधवार को फैसला सुनाते हुए रमानी को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने रमानी के खिलाफ अकबर की ओर से दाखिल मानहानि मुकदमे को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि महिलाओं को अधिकार है कि वह घटना के एक दशक बाद भी उचित मंच पर शिकायत कर सकें। कोर्ट के फैसले को एमजे अकबर के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, अकबर कोर्ट के इस आदेश के चुनौती दे सकते हैं। रमानी ने अकबर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे,इस लेकर उन्होंने (अकबर ने) उनके खिलाफ 15 अक्टूबर 2018 को आपराधिक मानहानि की शिकायत दायर की थी।

# मौके पर पहुंची लोनी चैयरमेन, तत्काल कराया समस्या का समाधान

» मदरलैंड संवाददाता

लोनी। पिछले कई दिनों से पूजा कालोनी, सोम बाजार, मंगल बाजार, आजाद एंक्लेव, जीवन धाम मन्दिर के आस - पास बसी सैकड़ों कालोनियों के नाली के पानी को यूपीएसआईडीसी ने रोक दिया था। जिसकी वजह से पिछले कई दिनों से कालोनी की आम जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा था। जिसकी सूचना आज लोनी नगर पालिका अध्यक्ष रंजीता धामा को लगी तो वो तुरंत मौके पर पँहुची तथा वार्ड के सभासद प्रमोद कुशवाहा व कालोनी वासियों से मिली तथा उनकी समस्या को सुना तथा यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों से फोन पर बात की। जल निकासी को लेकर जो व्यवस्था पहले से चली आ रही है उसको ही सुचारू रूप से चलाये जाने को लेकर बात की तथा कालोनी वासियों को तुरंत राहत देते हुए नाले को खुलवाया साथ ही लोनी नगर पालिका के र्मचारियो की दो टीम बनाकर मौके



पर नाले की सफाई करायी जा रही है। तथा गंदे पानी को वंहा से टैंकरों मे भरकर दूर खाली कराया जा रहा है। जिससे की कालोनीवासियों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो और वार्ड की जनता की पानी की निकासी के लिये एक बार जल्द ही तहसील के पदाधिकारी व लोनी नगर पालिका के अधिकारियों को साथ लेकर यूपीएसआईडीसी के अधिकारियों के साथ जल्द की जल निकासी के स्थायी समाधान के लिये बैठक की जाएगी। आपकी समस्या हमारी समस्या है। जिसका निस्तारण करा दिया गया है। आप सभी लोग निश्चित रहे एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी दिक्कत या परेशानी होने पर मुझे जरूर बताएं। जिससे कि समस्या को जल्द से जल्द दूर किया जा सके ।हम लोग निरंतर क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने के लिये प्रयत्न शील है तथा सभी सम्मानित सभासदों के सहयोग से लोनी की मस्याओं को दूर किया जा रहा है। नाले के खुलने पर पानी ती निकासी का कार्य शुरू होने पर वार्ड के सभासद प्रमोद कुशवाहा व समस्त कालोनीवासियों ने रंजीता धामा का धन्यवाद दिया तथा उनकी समस्याओं के तुरंत निराकरण कराने पर सभी खुश नजर आए। इस अवसर पर सभासद डाक्टर प्रमोद वार्ड नंबर 34 पार्षद, तहसीलदार लोनी, संजीव चौधरी, गेंदालाल जी, राम रतन ,राम बहादुर, अशोक राणा, ऋषि पाल, महेश गंगवार, धर्मपाल मास्टर ,सतीश साइकिल, रवि छात्र नेता, रामचंद्र चौहान, उस्मान प्रधान, मुन्नालाल प्रधान जी और सैकड़ों की संख्या मे वार्ड के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अक्षय कला यात्रा: ऑन लाइन राष्ट्रीय कला शिविर का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। अक्षय कला यात्रा ऑन लाइन राष्ट्रीय कला शिविर का आयोजन हिना भट्ट आर्ट वेंचर द्वारा किया जा रहा है। निर्देशक हिना भट्ट ने बताया कि इस ऑनलाइन राष्ट्रीय कला शिविर में देश




के विभिन्न राज्यों से कलाकारों ने भाग लिया है।

इस कला यात्रा का शुभारंभ जून महीने में दक्षिण के राज्यों से किया गया था इसके बाद यह कला यात्रा पूर्वी पश्चिम एवं मध्य भारत से होती हुई उत्तर भारत के राज्यों दिल्ली उत्तर प्रदेश पंजाब हरियाणा जम्मू कश्मीर बिहार राजस्थान एवं हिमाचल में आयोजित की जा रही है, जिसमें इन राज्यों के सुप्रसिद्ध कलाकार अपने राज्य की कला एवं संस्कृति को कैनवस पर प्रदर्शित करेंगे।

हिना भट्ट ने बताया कि करोना काल के दौरान अक्षय कला यात्रा का मुख्य उद्देश्य कलाकार और उनकी कलाओं को डिजिटल एवं अन्य मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से आगे लाना है, हिना भट्ट आर्ट वेंचर ने दक्षिण पूर्व पश्चिम एवं मध्य भारत के राज्यों में सफलता पूर्वक इस कला यात्रा का आयोजन करने के बाद उत्तर भारत के राज्यों में इसका आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा सिडनी के सुप्रसिद्ध कलाकार वसंत राव ने की है तथा चेन्नई के कला समीक्षक एवं कला इतिहासकार डॉक्टर अशरफी एस भगत कलाकारों को अपना मार्गदर्शन देंगे वही निर्देशन एवं संयोजन हिना भट्ट ने की है।



भाग लेने वाले कलाकारों में कंचन चंद्र अमित दत्त, मदनलाल, इंदु त्रिपाठी, हेमराज, अमित कपूर, विनोद गोस्वामी, धर्मेंद्र राठौर, केके गांधी, अजय समीर, आराधना टंडन, पंचकूला, राकेश कुमार, मल्होत्रा, जम्मू मनीष, राव जावड़े, रंजीत, नवल किशोर, रजिब सिकदर रीना भटनागर अनिल कुमार, बोडवाल, रेणुका सोंधि, गुलाटी, जावेद इकबाल, शामिल है।

# भगवान वाल्मीकि सरपंच चौधरी कमेटी ने की रामजन्मभूमि मंदिर के लिए निधि समर्पित

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर



नई दिल्ली। भगवान वाल्मीकि सरपंच चौधरी कमेटी के अध्यक्ष चौधरी रमेश ने श्री बद्रीभगत झंडेवाला मंदिर में श्री रामजन्मभूमि मंदिर के लिए दिल्ली के प्रान्त संघचालक कुलभूषण आहूजा व वीएचपी के क्षेत्र संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर, प्रान्त प्रचारक श्रीमान जतिन जी, विहिप प्रान्त उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता के सम्मुख निधि समर्पण किया। इस दौरान चौधरी रमेश के साथ वाल्मीकि समाज के 50 लोग भी निधि समपर्ण के निधि समर्पण कार्यक्रम में शामिल थे। वाल्मीकि सरपंच चौधरी कमेटी के अध्यक्ष श्री रमेश ने बताया कि अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मंदिर को लेकर वाल्मीकि समाज में बहुत उत्साह का वातावरण है और वाल्मीकि समाज भी निधि समर्पण में बढ़चढ़ कर सम्मिलित हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद अब जब राम मंदिर 500 वर्षों के लम्बे इन्तजार के बाद बनने जा रहा है यह हम सब के लिए आवश्यक भी था. भगवान वाल्मीकि जी ने रामायण की रचना की थी अतः वाल्मीकि समाज और रामजी का तो बड़ा अटूट बंधन है। इसलिए वाल्मीकि समाज में बड़ा उत्साह है, राम मंदिर को लेकर सबसे ज्यादा खुशी वाल्मीकि समाज में है। चौधरी रमेश ने आज यहाँ झंडेवाला मंदिर में बताया कि वाल्मीकि सरपंच चौधरी कमेटी द्वारा निधि समर्पण के लिए वाल्मीकि समाज के लोग झंडेवाला मंदिर में आए हुए है. पूरे भारतवर्ष के अन्दर 15 करोड़ वाल्मीकि समाज रहता है इस वाल्मीकि समाज के अन्दर राम मंदिर के लिए बड़े उत्साह का माहौल है। उत्साह यूं है की कहीं न कहीं भगवान वाल्मीकि जी त्रिकालदर्शी जो भूत, भविष्य और वर्तमान को जानते हैं उन्होंने रामायण देकर भगवान रामजी के बारे में इतने समय पहले बता दिया था. तो वाल्मीकि समाज में बड़ा उत्साह है इस बार क्योंकि यह 500 वर्षों के इन्तजार के बाद बन रहा है। आज यह उत्साह इसलिए देखने को मिल रहा है क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में लोगों का परिश्रम मेहनत लगी और आज यह मेहनत रंग लाई है।

# प्रधानमन्त्री स्वनिधि योजना द्वारा ऋण वितरण




» प्रीति शर्मा

नई दिल्ली ।लालकुआँ तुगलकाबाद विधानसभा दक्षिणी दिल्ली में प्रधानमन्त्री स्वनिधि योजना द्वारा रेहडी, पटरी पर सामान बेचकर गुजारा करने वाले गरीब लोगों को व्यवसाय में मदद हेतु कैंप लगवाकर बैंक व निगम अधिकारियों द्वारा 10,000 रु का लोन मंजूर करवाया गया । इस कार्यकर्म में दक्षिणी दिल्ली के संसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि एक वर्ष में लोन का पैसा लौटाने पर ब्याज माफ कर दिया जाएगा।इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता विक्रम बिधुडी,निगम जोन अध्यक्षा पूनम भाटी,अतिरिक्त आयुक्त निगम पतंजलि प्रकाश,पूर्व पार्षद राजपाल पोसवाल,पार्षद संजू रानी,मंडल अध्यक्ष प्रकाश पांडेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश सिसोदिया, महेश कौशिक, संजय साहनीआदि उपस्थित रहे ।

# भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड द्वारा प्राणी मित्र राष्ट्रीय अवॉर्ड



» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली । कृषि भवन में भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड भारत सरकार द्वारा दिये जाने वाला प्राणी मित्रह्व राष्ट्रीय अवॉर्ड , केन्द्रीय मंत्री माननीय श्री गिरीराज सिंह के कर कमलों से दिया गया ।

यह अवॉर्ड पशु पक्षियों के संरक्षण के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिए जाने वाला प्रतिष्ठ सम्मान है , इस अवार्ड की ज्यूरी के चेयर मैन पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया माननीय दीपक मिश्रा थे । सन 1966 से ले कर आज तक एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने 37 लीगों को यह पुरस्कार दिया है जिसमे 15 मरणोपरांत तथा 22 को फील्ड में काम करने वालों समर्पित पशु प्रेमिओ को प्रदान किया गया इस अवसर पर चेयरमैन श्री ओ पी चौधरी , सचिव डॉक्टर एस के दत्त भी उपस्थित थे ।इससे पहले भी योगेन्द्र कुमार का नाम लिम्का एव इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड दर्ज हो चुका है , अव अति वशिष्ठ सुधारात्मक राष्ट्पति पदक से नवाजा जा चुका है योगेन्द्र कुमार यह पुरस्कार पाने वाले भारत वर्ष में पहले व्यक्ति है , जो तनाव युक्त , अव जोखिम भारी वर्दी की ड्यूटी करते हुए पशु पक्षियो के लिए कल्याण के कार्य कर रहे है ।

# दलित समाज के पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। स्लग,फर्जी साइबर क्राइम अधिकारी की कॉल पर किया जा रहा था दलित समाज के पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने का प्रयास। दलित पत्रकार के साथ हो रहे उत्पीड़न को लेकर दलित समाज के अनेकों सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यालय पर गिरफ्तारी दिया। दरअसल यह पूरा घटनाक्रम उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर का है। जहा पत्रकार के शराब ओवर रेटिंग जिसकी खबर चलाने पर मुजफ्फरनगर के ही कुछ दबंग किस्म के लोग प्रवेश मलिक, बिल्लू उर्फ धर्मेंद्र, वरुण कुमार, एवं ठेका संचालक बॉबी राठी फोन कर पहले तो मामले को रफा-दफा करने की बात करते रहे और अगले दिन आबकारी कार्यालय में बुलवाकर इंडिया न्यूज, व न्यूज 24, के धर्मेंद्र उर्फ बिल्लू, प्रवेश, वरुण, के न्यूज के दलित पत्रकार को डराया धमकाया और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया, उसी दिन शाम के वक्त साइबर क्राइम अधिकारी जनपद मेरठ के नाम से एक कॉल आई की तुम्हारे विरुद्ध थाने में तहरीर आई है। जिसको लेकर पीड़ित ने कानून का सहारा लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया। जब यह पूरा प्रकरण बहुजन समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों समस्त पदाधिकारियों के संज्ञान में आया तो समस्त पदाधिकारियों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर आवाज उठाई। फर्जी साइबर क्राइम अधिकारी के साथ मिलकर षड्यंत्र में शामिल लोगो की गिरफ्तारी की मांग की गई। इस दौरान बहुजन समाज के समस्त पदाधिकारियों में उपकार बाबरा की अनुगाई में टीकम बोद्ध, विपिन केमरी, सुनिल कटारिया, संदीप कश्यप, अर्जुन कश्यप, सुधीर कटारिया, शोभाराम जी, रोशन लाल, सहित अनेकों पदाधिकारियों ने पत्रकार एवं परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों पर शिकंजा कसे जाने की मांग करते हुए रोष जताया।




# श्रीराम कॉलेजेज में हुआ खेल सप्ताह 2021 का शानदार आगाज सीडीओ व सीओ सिटी ने किया शुभारंभ

» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर 17 फरवरी प्राप्त समाचार के अनुसार श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के खेल प्रांगण में चल रहे खेल सप्ताह 2021 के आज तीसरे दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुजफ्फरनगर के मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी नगर कुलदीप कुमार कार्यक्रम में मौजूद रहे।

आज शुरू हुई एथेलटिक्स मीट 2021 का विविधत शुभारम्भ मुख्य अतिथि आलोक यादव, विशिष्टि अतिथि कुलदीप कुमार, श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डा0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 आदित्य गौतम, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कालेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डा0 आलोक गुप्ता, श्रीराम कॉलेज आफ फामेर्सी के निदेशक डा0 गिरेन्द्र गौतम, श्रीराम कालेज आफ पालिटैक्निक के निदेशक डा0 अश्वनी कुमार, निदेशक ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉ0 पंकज गर्ग और श्रीराम कॉलेज आफ मैनेजमेंट के डीन पंकज शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के विद्याार्थियों ने मिलकर मार्च पास्ट निकाला।

इसके बाद एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें पुरूष और महिला वर्ग के प्रतियोगियों ने खेलों में बढ-चढकर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीराम कालेज आफ फामेर्सी के निदेशक डा. गिरेन्द्र गौतम, निदेशक डा. पंकज गर्ग, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, डा. अब्दुल अजीज खान, भूपेन्द्र कुमार, अमरदीप, संदीप, अनुज, संदीप राठी, श्वेता राठी, डा. प्रेरणा मित्तल, प्रशान्त कुलश्रेष्ठ, डा. अरविन्द वेदवान, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।






## संक्षिप्त समाचार

### चोरी चोरा श्रंखला के अंतर्गत महाराजा सुहेलदेव जी जयंती समारोह



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर। चोरी चोरा श्रंखला के अंतर्गत महाराजा सुहेलदेवजी जयंती समारोह के अवसर पर नुमाइश कैंप स्थित अमर जवान ज्योति स्थल पर शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए श्री कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, सेल्वा कुमारी जिलाअधिकारी, अंजू अग्रवाल पालिका अध्यक्ष, विजय शुक्ला जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, राजीव शर्मा एवं मनोज वर्मा सभासदगण तथा जनपद स्तरीय शीर्ष प्रशासनिक अधिकारीगण, पालिका के अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह तथा उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकगण के द्वारा शहीदों की शहादत पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ह्वबाद में पुलिस बैंड एवं स्कूल बैंड की राष्ट्रीय धुन पर राष्ट्रगान हुआ।

### 20 फरवरी को विकास भवन सभागार में होगी दिशा की बैठक

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। मुख्य विकास अधिकारी अधिशासी निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मेरठ शशांक चैधरी ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आगामी 20 फरवरी 2021 को अपराहन्‍ 3.00 बजे से विकास भवन सभागार, मेरठ में केन्द्रीय राज्यमंत्री मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, मंत्रालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग डा संजीव कुमार बालियान जी की अध्यक्षता में होगी।

### वनस्पति तेल मे मुख्यमंत्री पोर्टल पर मिलावट की शिकायत पर छापे के बाद कार्रवाई नहीं

मदरलैंड संवाददाता, मेरठ। किठौर थाना क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत होने के बाद फूड इंस्पेक्टर ने छापेमारी की मगर उसके बाद कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है। जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर में पिछले दिनों मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत हुई थी शाहजहांपुर के कुछ दुकानदार सरसों का तेल मिलावट का बेच रहे हैं जिसकी वजह से लोगों को खांसी और एलर्जी बढ़ रही है इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए फूड इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार ने कुछ दुकानदारों पर छापेमारी की थी और तेल के नमूने भी भर कर ले गए थे इस छापेमारी में दुकानदारों के होश उड़ गए थे मगर उसके बाद अभी कोई कार्यवाही सामने नहीं आई है इस संबंध में शिकायतकर्ता का कहना है कि अगर कार्रवाई नहीं होती इन दुकानदारों के खिलाफ तो इसकी शिकायत दोबारा की जाएगी यह मामला कस्बे के लोगों में भी खूब संज्ञान में है और जगह-जगह इस बात का जिक्र होता रहता है।

### सैनिक कल्याण सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के आश्रितों को सूचित किया है कि सभी पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं के आश्रितों के लिए सॉई धमार्थ फाउंडेशन फरीदाबाद द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 19 फरवरी को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास सभागार में आयोजित किया जायेगा, जिसमें हृदय, हड्डी, स्त्री रोग एवं आन्तरिक रोग चिकित्सकों से नि:शुल्क डॉक्टरी परामर्श एवं ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर की जांच एवं नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की जायेंगी। उन्होने प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास सभागार में उपस्थित होकर शारीरिक जांच शिविर का लाभ लेने को कहा है। अधिक जानकारी के लिए मो.न. 7503012590 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### चाइल्ड लाइन सदस्यों द्वारा ऑपन हाउस कार्यक्रम की शुरूआत

मदरलैंड संवाददाता, आगरा। चाइल्ड लाइन सदस्यों ने बुधवार को नगला खुशाली के बच्चों के साथ खुला मंच के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें चाइल्ड लाइन के सदस्यों ने बच्चों को अपना परिचय देते हुए ऑपन हाउस कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही बच्चों को हैल्प लाइन के बारे में भी अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने बस्ती में हो रही गंदगी की समस्या भी बताई। जिसमें बच्चों ने बताया कि गंदगी को सफाई करने अभी तक कोई भी कर्मचारी भी नही आया। गंदगी इतनी ज्यादा है कि बच्चों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है। कई बच्चे तो नालियों में गिर जाते है जिस से वो चोटल हो जाते है। इस प्रकार बच्चों ने अपनी समस्या बताई चाइल्ड लाइन सदस्यों द्वारा बच्चों व वहां के लोगों को श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजना सुमंगला योजना, सुकन्या योजना, श्रम विद्या योजना, लेबर कार्ड से जुड़ी हुई विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

# जानसठ में कांग्रेस किसान पंचायत का आयोजन

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। जानसठ मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी के आह्वान पर कांग्रेस किसान पंचायत का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवाब अब्बास अली खां के आवास पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यम सैनी प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी एवं सुबोध शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरनगर कार्यक्रम में गुफरान काजमी पूर्व प्रदेश सचिव आबिद अंजान अंसारी प्रदेश महासचिव कांग्रेस इंटक कृष्ण अवतार शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी शराफत अली ग्राम भलवा अरशद खेड़ी आदि कांग्रेस नेताओ ने अपने विचार रखे और आगामी 20 फरवरी को बाघरा मुजफ्फरनगर में होने वाली ऐतिहासिक किसान महापंचायत रैली में अधिक संख्या में किसान भाइयों व कार्यकर्ताओ से पहुंचने पर आग्रह किया जिसका संचालन ठाकुर प्रदीप राणा प्रदेश उपाध्यक्ष युवा सेवादल कांग्रेस अध्यक्षता सुबोध शर्मा जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर ने किया मुल्ला शकील वरिष्ठ कांग्रेसी इमरान अंसारी पूर्व जिला कोऑर्डिनेटर सोशल मीडिया ताहिर अब्बाशी प्रत्याशी जिला पंचायत हाजी हनीफ फराकत राव आदि उपस्थित रहे।



# रामपुर में बड़ी संख्या में उपनिरीक्षकों का तबादला

» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। देर रात पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम ने जिलेभर के थानो में काफी समय से जमे हुए उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया हैं।

देर रात हुए तबादलों में निरीक्षक पूरन सिंह को पुलिस लाइन से अपराध शाखा बिलासपुर, एसआई मनोज कुमार को पुलिस लाइन से चैकी प्रभारी ईसानगर थाना बिलासपुर, एसआई संजय कुमार सिंह पुलिस लाइन से अपराध शाखा, रणजीत बहादुर पुलिस लाइन से थाना अजीमनगर, राम कुमार पुलिस लाइन से थाना बिलासपुर, एसआई कुलदीप सिंह पुलिस लाइन से थाना मिलक खानम, अमरपाल सिंह पुलिस लाइन से थाना भोट, प्रशांत कुमार पुलिस लाइन से थाना भोट, एसआई राम कुमार सिंह पुलिस लाइन से थाना शहजादनगर, सत्य विजय सिंह पुलिस लाइन से जिला अस्पताल पुलिस चैकी प्रभारी, निरीक्षक अता मोहम्मद को डीसीआरबी से थाना शहजादनगर अपराध शाखा, अजय सिंह थाना भोट को निरीक्षक अपराध थाना खजुरिया, रईस अहमद चैकी प्रभारी चैकी चैक को वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना कोतवाली, अमर सिंह राठौर को थाना शहजादनगर से पुलिस चैकी ढकिया प्रभारी थाना शाहबाद, श्रीपाल सिंह प्रभारी चैकी ढकिया से पुलिस लाइन, संजीव कुमार को पुलिस चैकी धमौरा से पीला तालाब चैकी प्रभारी, सुरेन्द्र पाल सिंह को थाना अजीमनगर से चैकी प्रभारी धमौरा थाना शहजादनगर, श्रीओम शुक्ला थाना अजीमनगर से बडागांव पुलिस चैकी प्रभारी, आनन्दवीर को सैदनगर पुलिस चैकी से मसवासी चैकी प्रभारी, राजेश बैसला पुलिस चैकी मसवासी से प्रभारी डीसीआरबी, राजीव कुमार को थाना बिलासपुर से सैदनगर चैकी प्रभारी, विमल किशोर पांडे को थाना शहजादनगर से पुलिस लाइन, भीमसेन को थाना सिविल लाइन से चैकी प्रभारी पनवडिया थाना सिविल लाइन, राजेश कुमार शुक्ला को थाना भोट से थाना खजुरिया, कृष्ण किशोर मिश्रा को थाना खजुरिया से पुलिस लाइन, जितेन्द्र वर्मा को थाना मिलक खानम से थाना खजुरिया, साहब सिंह को थाना खजुरिया से थाना अजीमनगर तथा सुच्चा सिंह को थाना बिलासपुर से न्यायालय सुरक्षा भेजा गया हैं।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप

» मदरलैंड संवाददाता

मेरठ। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र में नाबालिग लड़की को सट्टे माफिया ने गलत नियत से घर में खींचने का प्रयास किया गया है, लड़की के परिजनों ने ये आरोप लगाया है। आरोप है कि बचाव करने आए लड़की के भाई को भी सट्टे माफिया ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर जमकर धुना। मामला श्याम नगर रोड मजीद नगर का है।

आरोप है कि मजीद नगर निवासी नाबालिग लड़की अपने 17 वर्षीय भाई के साथ कहीं जा रही थी, इस दौरान मजीद नगर में सट्टे का कारोबार करने वाले शाहिद व उसके भाई नदीम उर्फ चेंटा ने लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी, लड़की ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो दोनों ने बुरी नियत से उसे घर में खींचने का प्रयास किया। लड़की के भाई ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों ने अपने तीसरे साथी रहीस के साथ मिलकर लड़की के भाई की जमकर पिटाई कर दी जिसके बाद लड़की ने घर जाकर परिजनों को अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया।

इसके बाद शाहिद, नदीम व रईस अपने साथ तीन चार अज्ञात लोगों को लेकर लड़की के घर पहुंचे और लड़की की मां और भाई के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान मोहल्ले के लोग बीच में आए तो आरोपी मौके से फरार हो गए।

# मुख्यमंत्री से पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को शीघ्र अनुदान दिलाने की मांग

» अफाक खान

रामपुर। एंटी करप्शन फाउंडेशन आफ इंडिया के जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार ने मुख्यमंत्री से पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को देरी से अनुदान मिलने की शिकायत की हैं। मुख्यमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया हैं कि पूरे उप्र में पीएम आवास योजना के अन्तर्गत ऐसे गरीब परिवारों को ढाई लाख रुपए का अनुदान मकान बनाने के लिए दिया जा रहा हैं जिनके घर टूटे-फूटे हैं और बारिश में घरों के अंदर पानी भर जाता हैं। वह पूरी रात परेशानियों से रात गुजरते हुए जीवन व्यतीत करते हैं ऐसे गरीब परिवार जिनके पास 40 से 70 गज जमीन तो हैं लेकिन घर बनाने के लिए पैसा नहीं हैं ऐसे गरीब परिवारों के लिए यह बहुत ही अच्छी योजना हैं लेकिन जो लाभार्थी 50 हजार की पहली किस्त लेकर अपना घर बनाने के लिए तोड़ देता हैं इस आस में कि उसका घर नया बन जायेगा और वह टूटे घर की परेशानी से निजात पा जायेगा। इस आस में अपना पूरा घर तोड देता हैं लेकिन उसको दूसरी किस्त लगभग चार से छह महीने के बाद मिलती हैं या उससे भी अधिक समय गुजर जाता हैं जिस कारण लाभार्थी को किराये का घर लेना पड़ता हैं जो आज के समय में आसान नहीं हैं। मकान किराये पर लेने के लिए लगभग उसकी जेब में तीन हजार रुपए होना चाहिए जो वह मकान किराये पर ले सकें तो उसपर किराये का अतिरिक्त भार बहुत पड़ जाता हैं।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से योजना के लाभार्थी को ढाई लाख रुपए का अनुदान या तो एक बार में दिया जाये या दो से तीन महीने के अन्दर दिया जाये जिससे लाभार्थी को अतिरिक्त परेशानी का सामना न करना पड़े।



# महिलाओ को मीटर रीडिंग व बिल बनाने का विद्युत विभाग द्वारा दिया गया प्रशिक्षण

» अजय सक्सेना

मैनपुरी। मैनपुरी ब्लाक परिसर में विद्युत विभाग की तरफ से स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को मीटर रीडिंग के कार्य करने हेतु मीटर रीड कर बिल बनाने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता ने कहा कि विद्युत विभाग महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मीटर रीडिंग (बिल बनाने) का कार्य भी स्वयं सहायता समूह को सौपने जा रहा है इससे उन्हे अतिरिक्त आमदनी होगी। उन्होने कहा कि अब तक समूह सिर्फ बिल जमा कर रहे थे। उन्होने कहा कि अगर मौके पर लोगो का बिल बनायेगी तो लोग और ज्यादा आपसे बिल जमा करेगे जिससे आपको डबल फायदा होगा। इस दौरान अधीक्षण अभियंता अतुल अग्रवाल, एन.एच.आर.एल.एम के उपायुक्त रंजीत कुमार, मीटर रीडर सर्किल इंचार्ज सुमित कुमार, के.के.सोलंकी, राहुल चौहान मौजूद रहे।



# तहसील की समस्याओं को लेकर अध्यक्ष ने 20 को बुलाई बैठक

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। तहसील अभिभाक परिषद के अध्यक्ष ने कार्यकारिणी के सदस्यां के साथ तहसीलदार से मुलाकात कर दाखिल खारिज सांधन आदि की प्रक्रिया पर निर्धारित समय मे कार्यवाही न होने पर आक्रोश व्यक्त किया। अध्यक्ष ने तहसील की समस्याओं के सबंध में आगामी 20 फरवरी को वैठक आहुत की है।

बुधवार को परिषद के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, महासचिव मुकुट विहारी वर्मा, वरिठ उपाध्यक्ष के.के पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चन्द्र तिवारी, तेज सिंह वर्मा, बृज मोहन सिंह चौहान, वीरेन्द्र शाक्य, ओाक राजपूत व जय सिंह शाक्य के साथ तहसीलदार अजीत कुमार से मुलाकात की। अध्यक्ष ने तहसीलदार को बताया कि तहसील के विभिन्न कार्यालयों में तैनात कर्मचारी जानबझकर सांधन दाखिल खारिज होने के वाद कम्प्यूटर में आदे दर्ज होने के साथ ही परिवानों को भू-अभिलेखों में इन्द्राज नही कर रहे हैं। 6 माह पूर्व हुये दाखिल खारिज भी अब तक कम्प्यूटर पर अंकित नही किये गये हैं। अध्यक्ष ने तहसीलदार के बताया कि इस सबंध में वकीलों में आक्रोश है और उन्होने 20 फरवरी के वकीलों की एक वैठक बुलायी है। जिसमें सभी समस्याओं के सबंध में निर्णय लिया जायेगा। तहसीलदार ने परिषद के अध्यक्ष को लिपिकों की कार्य प्रणाली में सुधार कराये जाने की बात कही।

# तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुलिस को प्रशिक्षण

» मदरलैंड संवाददाता

रामपुर। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में प्रशिक्षु पुलिस कर्मियों को तंबाकू नियंत्रण हेतु कोटपा अधिनियम 2003 के विषय में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन खां ने तंबाकू से होने वाली बीमारियों एवं कोटपा अधिनियम के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में डा. शहजाद हसन खां ने बताया कि कोटपा अधिनियम की 2003 की धारा 4 के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करना प्रतिबंधित हैं एवं उल्लंघन करने पर दो सौ रुपए तक का जुमार्ना किया जाता हैं। कोटपा अधिनियम की 2003 की धारा 5 के अन्तर्गत तंबाकू उत्पाद का किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रचार प्रतिबंधित हैं एवं उल्लंघन करने पर जुमार्ने व सजा का प्रावधान हैं। कोटपा अधिनियम की 2003 की धारा 6 ए के अन्तर्गत 18 साल से कम आयु के व्यक्ति को तंबाकू उत्पाद बेचना व खरीदना दंडनीय अपराध हैं एवं धारा 6 बी के अन्तर्गत किसी भी शिक्षण संस्थान के सौ गज की परिधि में तंबाकू उत्पाद की बिक्री प्रतिबंधित हैं। कोटपा अधिनियम की 2003 की धारा 7 के अन्तर्गत किसी भी तंबाकू उत्पाद पर वैधानिक चेतावनी प्रदर्शित न होने पर सजा एवं जुमार्ने का प्रावधान हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रतिसारी निरीक्षक रकम सिंह ने सभी प्रशिक्षार्थियों को तंबाकू उत्पाद का सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर कमल त्यागी, रिजवान मो. खां, अलतमश खां आदि मौजूद थे।

# 19 फरवरी को करहल में आयोजित होगी सड़क सुरक्षा रैली



» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। कस्बा करहल में 19 फरवरी को सुबह 11 बजे कस्बे के जैन इंटर कॉलेज से सड़क सुरक्षा को लेकर एक रैली निकाली जायेगी। जिसमे विभिन स्कूलों एवं कॉलेजों के 5 हजार से अधिक छात्र छात्राएँ प्रतिभाग करेंगी।

प्रवर्तन अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ने बताया कि जो छात्र स्लोगन पैंटिंग में उत्कृष्ट होगा, उन्हे जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

रैली में शामिल होने के लिए प्रवर्तन अधिकारी डॉ0 कौशलेन्द्र ने उपजिलाधिकारी रतन वर्मा, क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार समेत विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों को निमंत्रण दिया।

# जनपद में 1 मार्च से चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

» शकील सैफी

मेरठ। जनपद में आगामी 01 मार्च 2021 से 31 मार्च 2021 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 मार्च से 24 मार्च 2021 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। जिसमें विभिन्न विभागों को महत्वपूर्ण दायित्व व कार्य निर्धारित किये गये है। विकास भवन में जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी के बालाजी ने यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने विभागीय कार्यों के संबंध में 25 फरवरी 2021 तक माइक्रोप्लान बनाकर उपलब्ध कराये तथा अभियान को गंभीरतापूर्वक लेकर कार्य करें। जिलाधिकारी के बालाजी ने कहा कि परस्पर विभागीय समन्वय व कार्ययोजना बनाकर अभियान को सफल बनाया जाये तथा आमजन को अभियान से जोडा जाये। उन्होने कहा कि दस्तक अभियान में फ्रंट लाईन वर्क्स आशा आंगनबाडी आदि घर-घर जाकर संवेदीकरण एवं सर्वेक्षण कार्य करेगी साथ ही प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियो के बारे में जानकारी प्राप्त कर ब्लाक मुख्यालय पर प्राप्त करायेगी तथा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से छूट गये शिशुओ व्यक्तियों के पंजीकरण की कार्यवाही करेगी व दिमागी बुखार के कारण दिव्यांग हुये किसी व्यक्ति की सूचना भी उपलब्ध करायेंगी। इस अवसर पर सर्विलांस अधिकारी डा अशोक तालियान, जिला मलेरिया अधिकारी डा सत्य प्रकाश, चिकित्सा अधीक्षक, बीडीओ, ईओ नगर निकाय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### प्रो. अब्बास अली ने किसानो व ग्रामीणो की समस्याऐं सुनी

मदरलैंड संवाददाता , गढमुक्तेश्वर । रालोद के प्रदेश सचिव प्रो0अब्बास अली ने सिंभावली क्षेत्र के कई गांवो का दौरा करते हुऐ 'चलो गांव की ओर' कार्यक्रम में किसानो व ग्रामीणो की समस्याऐं सुनी । रालोद के प्रदेश सचिव प्रो अब्बास अली ने अपने साथियों के साथ सिंभावली क्षेत्र के कई गांवो जिनमें दरियापुर, हाजीपुर बंगौली, कुराना आदि का दौरा करते हुए ह्यचलो गांव की ओरह्व कार्यक्रम में किसानो व ग्रामीणो की समस्याऐं सुनी । प्रो अब्बास अली ने बताया कि रालोद मुखिया अजीत सिंह के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किये कार्यक्रम ह्यचलो गांव की ओरह्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानो व ग्रामीणो ने मिलकर उनकी समस्याऐं सुन रहे है । ग्रामीणो ने जहां डीजल, पेट्रोल व गैस के दाम बढने ओर महंगाई बढने की शिकायते रखी वहीं किसानो ने गन्ना भुगतान ओर तीन कृषि कानूनो के लागू होने पर अपनी चिंताओ से अवगत कराया । युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हेमंत मिश्रा ने बताया कि वह ग्रामीणो व किसानो की समस्याओ को हल करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया को अवगत करायेंगे ओर उनके निर्देश पर आगामी नीति बनाई जायेगी । इस मौके पर शिव कुमार रोहन, रोहताश सिंह, उदयवीर सिंह, बबल प्रधान, चंद्रवीर सिंह, मनु शर्मा, अमित शर्मा, अमरजीत सिंह आदि ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### कृषि बिलों के विरोध में किसान रोकेगें ट्रेन

अवनीश त्यागी, बिजनौर । कृषि बिलों के विरोध में किसानों का दिल्ली में आंदोलन चल रहा है । इस कड़ी में भाकियू के बैनर तले किसान आज जिले में दो स्थानों पर रेलवे ट्रेक जाम करेंगे । किसान रेलवे ट्रैक जाम कर ट्रेन रोकेंगे । किसानों ने रेलवे ट्रेक जाम करने की रणनीति तैयार कर ली है । भाकियू के बैनर तले आज जिले के किसान मौजमपुर और बागड़पुर में रेलवे ट्रेक जाम करेंगे । किसानों ने आंदोलन को सफल बनाने की पूरी तैयारी कर ली है । किसान रेलवे ट्रेक को जाम कर ट्रेन रोकेंगे । भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि भाकियू के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह के नेतृत्व में किसान मौजमपुर और बागड़पुर में रेलवे ट्रैक जाम करेंगे और ट्रेन रोकेंगे । दिगम्बर सिंह ने बताया कि 12 बजे से लेकर 4 बजे तक रेलवे ट्रेक जाम रहेगा । किसानों ने रेलवे ट्रेक को जाम करने की पूरी तैयारी कर ली है । रेलवे ट्रेक जाम करने के दौरान ट्रेन आएंगी तो रोकी जाएंगी । दिल्ली आंदोलन को मजबूत करने के लिए भाकियू की जिले के आईटीआई मैदान में किसान सम्मान बचाओ रैली भी हो चुकी है । इतना ही नहीं जिले के किसान चक्का जाम भी कर चुके हैं । भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि गुरुवार को होने वाले आंदोलन को सफल बनाया जाएगा ।

### प्रदेश में कोविड टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने पर खास रणनीति बनेगी

मदरलैंड संवाददाता, बिजनौर । भारत में बनी कोरोना की वैक्सीन इतनी सुरक्षित और कारगर है कि इसकी मांग लगातार पूरी दुनिया में हो रही है । वहीं प्रदेश में कोविड टीकाकरण का ग्राफ बढ़ाने के लिए एक खास रणनीति पर भी कार्य हो रहा है । यह कहना है राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ अजय घई का । डॉ घई बुधवार को सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से आयोजित राज्यस्तरीय मीडिया कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । राज्य टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि हमारी वैक्सीन से अभी तक किसी भी तरह के बड़े दुष्प्रभाव की बात सामने नहीं आई है । उन्होने बताया कि 18 फरवरी को फ्रंट लाइन कर्मियों को टीका लगेगा । 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग को भी यह टीका अगले माह से लगना शुरू हो जायेगा । डॉ घई ने बताया कि नई रणनीति के तहत अब फ्रंट लाइन कर्मियों को पात्र लाभार्थियों की सूची दी जाएगी ताकि वह पात्र लाभार्थी से संपर्क कर सकें । इसके साथ ही टीका लगवाने के लिए पात्र लोगों कोविड कमांड सेंटर्स से भी एसएमएस भेजा जाएगा । उन्होने बताया कि फिर भी यदि किसी को एसएमएस नहीं मिला है । तो वह अपने जिले के किसी भी सत्र में जाकर अपना फोन नंबर देकर टीका लगवा सकता है । इस बीच यदि किसी कर्मचारी की तैनाती अन्य जिले में हो जाती है तो उनके लिए इंटर डिस्ट्रिक्ट पोर्टेबिलिटी सिस्टम के जरिये उनको टीका से प्रतिरक्षित किया जाएगा । उन्होने बताया कि यूपी के कुछ जिलों में कोविड टीकाकरण करीब 90 प्रतिशत हुआ है वहीं कहीं पर यह आंकड़ा 16 प्रतिशत ही है । नेटवर्क समस्या, पात्र लोगों के नाम एक मोबाइल नंबर पर ही फीड होने और सर्वर में खराबी आने आदि से टीकाकरण का ग्राफ बहुत उत्साहजनक नहीं है । इसके लिए कई दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं । उन्होने बताया कि टीकाकरण के लिए कई ऐसे लोग भी पंजीकृत हैं जो कि पात्र नहीं हैं । जैसे कि गर्भवती, धात्री महिलाएं आदि । उन्होने उम्मीद जताई है कि अगले सत्र में इसके सकारात्मक परिणाम दिखेंगे ।

# बसंत पंचमी दरगाही मेले में श्रद्धालुओ का आना जारी





» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के गांव लिसडी में दरगाही बाबा की सदियों पुरानी समाधि पर बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाला मेला अब समापन की ओर है । बुद्ववार को भी मेले में हजारो श्रद्धालु पहुंचे जिन्होने बाबा की समाधि पर चादर चढाई ओर प्रसाद चढते हुऐ मन्नत मांगी। बृहस्पतिवार को मेला का समापन होगा। सिंभावली क्षेत्र के गांव लिसड़ी में तीन सौ साल से भी अधिक समय से दरगाही बाबा की समाधि पर लगने वाले मेले में बुद्ववार को भी मेले में हजारो श्रद्धालु पहुंचे जिन्होने बाबा की समाधि पर चादर चढाई ओर प्रसाद चढते हुऐ मन्नत मांगी। मंगलवार को बसंत पंचमी पर मेले का शुभारंभ रीति रिवाज के बीच समाधि पर चादर चढाकर किया गया। मेले में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न स्थानो से श्रद्धालु भक्तजन पहुंचे हैं। अखाडे के महंत पीएचडी जैसी उच्च शिक्षा प्राप्त डा0 देवेश्वरानंद ने बताया कि बाबा दुगार्दास उदासीन संप्रदाय के संत थे जिन्होंने भगवान की चरणागति प्राप्त कर सिद्धि हासिल की थी। जिनकी समाधि का निर्माण संतान की मुराद पूरी होने पर मुगल शासक शाह आलम ने करवाया था मेले में नवविवाहित जोडे शादी के जोडे में ही मेले में पहुंचकर समाधि पर चादर चढाते है। समाधि के संत व संचालको की तरफ से विशेष भंडारे व प्रसाद का प्रबंध किया गया। मेले आयोजन में समाधि के संचालक मंडल से महंत चंद्रमणि उज्जैन अखाडा, पीतमदास, सुबोधमुनि, स्वामी भजनानंद, परमेश्वरदास, गजराज सिंह, शिवम पंडित आदि का सहयोग रहा। सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी भारी पुलिस बल के साथ मेले की व्यवस्था संभालने में लगे रहे।

# डीएम,एसपी गढ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे



» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। भाकियू के 18 फरवरी के रेल रोको आंदोलन की घोषणाकोदेखतेहुऐजिलाधिकारी, एसपी अधिनस्थो के साथ गढ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे ओर जरूरी दिशा निर्देश दिये।

बुद्ववार को हापुड जिलाधिकारी अनुज सिंह, एसपी नीरज कुमार जादौन, एडीएम जयनाथ यादव, एएसपी सर्वेश कुमार मिश्रा भाकियू के 18 फरवरी के रेल रोको आंदोलन की घोषणा को देखते हुऐ गढ रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे ओर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद जरूरी दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर गढ एसडीएम विजय वर्धन तोमर, गढ कोतवाली प्रभारी शीलेश कुमार, गढ रेलवे चैकी प्रभारी बाबूराम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## तहसील खेरागढ़ में अवैध खनन के परिवहन की सौदे बाजी का ऑडियो हुआ वायरल

» शंकरदेव तिवारी



आगरा। सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी खेरागढ़ तहसील में अवैध खनन व उसके परिवहन का खेल रुकने का नाम नही ले रहा है। आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की पत्नी डॉक्टर नूतन ठाकुर ने बुधवार को शोशल मीडिया के माध्यम से अवैध खनन के परिवहन की सौदे बाजी का एक ऑडिओ वारयल किया है। जिसमें आई जी रेंज आगरा से उचित कार्यवाही की मांग की है। खेरागढ़ तहसील के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मध्य प्रदेश और राजस्थान के रास्तों से उत्तर प्रदेश की सीमा में अवैध खनन व उसके परिवहन का खेल बदस्तूर जारी है। कई बार इसकी शिकायतें शासन स्तर पर भी की गई लेकिन प्रशासन के कान पर जूं तक नही रेंगती है। कार्यवाही के नाम पर केवल लीपापोती कर दी जाती है। इस ऑडियो में आरटीओ के बिचोलिये द्वारा किसी आम आदमी के बीच अवैध खनन के परिवहन को लेकर सौदेबाजी का जिक्र किया गया है। जिसमें समस्त आगरा के आरटीओ की फीस 11000 रुपये बताई गई है। जिसको देने के बाद पूरे आगरा में कोई भी आरटीओ अवैध खनन की ओवरलोड गाड़ी को नही रोकेगा एंवम एसडीएम खेरागढ़ सीओ खेरागढ़ थाना खेरागढ़ थाना जगनेर व थाना सैयां की एंट्री फीस 9000 रुपये रखी गयी है यानी कुल 20000 रुपये देकर अवैध खनन के ओवरलोड ट्रकों के परिवहन को पूरे खेरागढ़ तहसील क्षेत्र में कहीं भी नही रोका जाएगा।

प्राप्त ओडियो के आधार पर शोशल एक्टिविस्ट डॉक्टर नूतन ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ आईजी रेंज आगरा व एसएसपी आगरा से शिकायत कर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## संस्था नेहरू युवा केंद्र ने फूंका सफाई का बिगुल



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वच्छ भारत योजना ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमीनी स्तर पर रंग ला रही है। जहाँ शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी इसका असर दिखाई दे रहा है। स्वच्छ भारत अभियान को लेकर ग्रामीण सामाजिक संगठनों द्वारा जागरूकता जोर शोर पर दिखाई दे रही है। इसी संदर्भ में ब्लॉक सैया के इरादतनगर क्षेत्र के गांव रहलई में नेहरू युवा केन्द्र संगठन के तत्वावधान में डॉ सतेन्द्र खिरवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। जिसमें स्वच्छता अभियान को लेकर क्षेत्रीय नागरिकों को जागरूक कर सफाई अभियान में सयोग करने की अपील कर एक सार्थक पहल शुरू की।

स्वच्छता को लेकर नेहरू युवा केन्द्र सामाजिक संगठन सदस्यों और इरादतनगर क्षेत्र वासियो के साथ स्वच्छ कस्बा रखने व गंदगी न करने का संकल्प लिया। जिसमें डॉ कालीचरन गालव, धर्मप्रकाश गालव, रविकान्त त्यागी, ओमप्रकाश गालव,अशोक त्यागी, पंकज, गौरव, आदित्य, कुलदीप, संदीप त्यागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## एनसीसी कैप्टन से साइबर ठग गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। साइबर थाने की पुलिस ने एनसीसी कैप्टन से साइबर ठगी करने वाले शातिर को आगरा से गिरफ्तार किया गया है। क्वार्सी क्षेत्र के सुरेंद्र नगर निवासी वीना सागर शहर के एक स्कूल में एनसीसी कैप्टन हैं। वीना ने छह नवंबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि उन्हें एक काल आया। क्रेडिट कार्ड बंद होने की बात कहकर उनसे ओटीपी ले लिया गया। कुछ ही देर में क्रेडिट कार्ड से एक लाख 10 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ठगी की 84 हजार की रकम दो आनलाइन वालेट में ट्रांसफर की गई थी। इनमें एक खाता आगरा के तहसील फतेहाबाद के थाना निबोहरा के ग्राम सलेमपुर मुड़िया निवासी मनीष सविता के नाम पर था।

## किशोर स्वास्थ्य मंच में छात्राओं ने स्वास्थ्य संबंधी पूछे सवाल



» मदरलैंड संवाददाता

आगरा। कस्बा इरादतनगर में सैया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ ऋषि गोपाल के नेतृत्व में श्री सार्वजनिक इंटर कॉलेज में किशोर स्वास्थ्य मंच सजा। इरादतनगर के श्री सार्वजनिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रामअवतार ने किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का उद्घघाटन किया। किशोर जिसमें किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सीडीपीओ उषा गोस्वामी व सुपरवाइजर सुधा शर्मा ने बताया कि किशोरियों में होने वाली बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। घरेलू हिंसा से लेकर महामारी तक और किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तन सबंधी कई सवाल मंच पर बताए गए। आयोजन में अनीमिया, संचारी रोगों की जानकारी के लिए कई स्टाल लगाए गए। बाल विकास विभाग ने कई तरह के पोष्टिक आहार और उसके सेवन क्यू करना चाहिए। आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों और खून की कमी की वजह बताई गई। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को नैपकिन, आयरन और फोलिक एसिड की दवाएं बांटी गई। कार्यक्रम में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सैया मेडीकल टीम से डॉ प्रभाकर, डॉ मेघा यादव, डॉ हेमन्त त्यागी, कई आंगनवाड़ी कार्यकत्री और बच्चे मौजूद रहे।

# आध्यात्मिक मूल्यों से हमारे मन को शांति मिलती है:विमल कृष्णा

» अर्जुन वार्ष्णेय



अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय के सभागार में इस्कॉन मन्दिर, वृन्दावन की मंडली द्वारा एक कार्यक्रम का प्रस्तुत किया गया। इसका विषय हमारे जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों की प्रासंगिकता था। कार्यक्रम का आयोजन सेण्टर ऑफ फिलॉसफिकल साइंसेस और मंगलायतन यूनिवर्सिटी स्टूडेंट कौंसिल (एमयूएससी) के तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत बहुत ही मनमोहक संकीर्तन के साथ हुई। इस दौरान मानविकी संकाय के डीन प्रो जयंतीलाल जैन ने अध्यात्म और जीवन का सम्बन्ध व उससे मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। प्रो जैन ने कहा कि जीवन में आध्यात्मिक मूल्य होना बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिमल कृष्णा प्रभु ने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों से हमारे मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि सब चाहते हैं कि हमें सुख और आनंद प्राप्त हो। इस प्राप्ति का मार्ग हमें भगवत गीता दिखाती है। बिमल कृष्णा प्रभु ने भौतिक ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान के महत्व को समझाया और भागवत गीता में सम्मिलित जीवन के सार पर प्रकाश डाला। अंत में गीता के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही इस्कॉन मंदिर की टीम द्वारा उपस्थित सभी को भगवत गीता पुस्तक वितरित की गईं। कुलपति प्रो. केवीएसएम कृष्णा ने इस प्रकार के आयोजनों पर बल दिया।

संचालन डॉ. सिद्धार्थ जैन ने किया। इस दौरान प्रो. उमेश कुमार सिंह, प्रो. असगर अली अंसारी, प्रो. शिवाजी सरकार, डॉ. दिनेश पांडेय, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. अनुराग शाक्य, डॉ. पूनम रानी, डॉ. दीपशिखा सक्सेना, डॉ. शगुफ्ता परवीन, मनीषा उपाध्याय, डॉ. स्वाति अग्रवाल, डॉ. शिव कुमार, डॉ. आरके घोष, अनुराधा यादव, पूनम गुप्ता, राखलराजा प्रभु, रूपश्रेष्ठ प्रभु, श्यामल प्रभु, मदनगोपाल प्रभु, श्रीधाम प्रभु, सप्रषन्ना प्रभु आदि मौजूद थे।

## बिजली बिल जमा होते ही शुरू हुआ दो ट्रैफिक सिग्नल



» धर्मेन्द्र राघव

अलीगढ़। स्मार्ट सिटी के चैराहों पर लगे ट्रैफिक सिग्नल बिजली बिल जमा होते ही शुरू कर दिए गए। स्मार्ट सिटी ने साड़ी साढ़े सात लाख रुपये जमा किए हैं। करीब ढाई लाख रुपए और बकाया है। शहर में बिजली विभाग के चार डिवीजन है। इनमें तिराहे चैराहों पर 19 सिग्नल लगे हैं,जिनके बिजली बिल स्मार्ट सिटी से जमा होते हैं। करीब 10 लाख रुपय बिल बकाया था। बकाया जमा करने के लिए भेजे गए पत्रों का जवाब ना मिलने पर कनेक्शन काट दिए गए। इससे सेंटर प्वाइंट, मैरिस रोड, एएमयू सर्किल, तस्वीर महल चैराहा, केला नगर चैराहा पर लगे सिग्नल बंद हो गए। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता एसके जैन ने कहा कि तीन डिवीजनों का साढ़े सात लाख रुपए जमा कराने के बाद आपूर्ति शुरू करा दी गई है। एक डिवीजन का बिल आज जमा करने की बात कही है। ट्रैफिक की रेड लाइट जलने से गाड़ियां रुक जाया करती थी आज वही रेड लाइट रुक गई है।

## महिला उत्पीड़न के मामलों में दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही हो:मीना कुमारी

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या मीना कुमारी द्वारा कलैक्ट्रेट स्थित पुराने सभागार में महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा एवं महिला अपराधों के मामलों की जनसुनवाई की गयी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला उत्पीड़न के मामलों में संवेदनशील है, इस सम्बन्ध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी निर्गत किये जाते हैं। उन्होंने डीएम चन्द्र भूषण सिंह के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सही मायनों में एक जिलाधिकारी के रूप में शासन की मंशा को मूर्त रूप प्रदान कर रहे हैं। कोरोना काल में जहां उन्होंने प्रदेश में चुनिंदा जनपदों में अलीगढ़ को शामिल करते हुए कोरोना के मामले कम से कम कर दिए वहीं महिला उत्पीड़न के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए कलैक्ट्रेट में



डब्लूपीसी का संचालन कर महिलाओं को न्याय दिला रहे हैं।

मीना कुमारी,सदस्या उ0प्र0 राज्य महिला आयोग ने महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए जनसुनवाई की और महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक भी किया। सुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा के चार मामले प्राप्त हुए सदस्या ने सभी प्रकरणों में अधिकारियों को प्रपत्र भेजने समेत मौके पर ही दूरभाष द्वारा जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दोषी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाए, ताकि आस-पास के लोगों को भी सबक मिल सके।

जनसुनवाई के दौरान सीओ बरला सुमन कनौजिया, जिला सूचना अधिकारी संदीप कुमार, एसओ महिला थाना पारूल बघेल, वन स्टाप सेन्टर मैनेजर सीमा अब्बास, सीमा सिंह उपस्थित रहे।

## आरटीओ के जन सूचना अधिकारी तलब

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। आरटीओ के जन सूचना अधिकारी को राज्य सूचना आयोग ने आरटीआई के तहत सूचना देने पर तलब किया है। राज्य सूचना आयोग ने अलीगढ़ के एक्टिविस्ट की अपील को स्वीकार करते हुए चार मार्च को सुनवाई तय की है। सुनवाई ऑनलाइन यानी वीडियो कॉलिंग के द्वारा की जाएगी।

आरटीआई एक्टिविस्ट पंडित केशव देव द्वारा संभागीय परिवहन अधिकारी जन सूचना अधिकारी अलीगढ़ से आठ जून 2020 को आरटीआई के तहत कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी के विषय में जानकारी मांगी गई थी। जानकारी में कर्मचारी की उपस्थिति और कार्यभार जिम्मेदारी की जानकारी देने के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन विभाग ने बार बार आवेदन देने के बाद भी कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई। जिसके बाद आवेदनकर्ता द्वारा राज्य सूचना आयोग में द्वितीय अपील 21-9-20 को हुई। जिस पर राज्य सूचना आयोग ने अपील स्वीकार करते हुए सुनवाई हेतु चार मार्च की तिथि निर्धारित की है। सुनवाई ऑनलाइन यानी वीडियो कॉल के माध्यम से की जाएगी।



# नगर निगम ने बेसहारा कुत्तों के लिये डॉग केयर सेन्टर की व्यवस्था: कुलभूषण गोयल

» विनोद कुमार,



पंचकूला। नगर निगम पंचकूला के महापौर श्री कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में सैक्टर-1 स्थित लोक निर्माण के विश्रामगृह के कान्फ्रैंस हाल में बेसहारा कुत्तों के रख-रखाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम के आयुक्त श्री आर0के0सिंह मौजूद रहे।

महापौर ने गांव सुखदर्शनपुर में कुत्तों के रख-रखाव के लिये निगम के अधिकारियों एवं पार्षदों के साथ विस्तार से विचार विर्मश किया। उन्होंने कहा कि कानून के दायरे में रहते हुये नियमों की पालना करते हुये कुत्तों के रख-रखाव की दिशा में विशेष कदम उठाये जाये ताकि लोगों को कुत्तों की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि कुत्तों की समस्या को लेकर चुनाव के दौरान जो वादा किया था उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना है। बैठक में सुखदर्शनपुर में कुत्तों के लिये बनाये गये कैनल हाउस के नाम के नवीनीकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की। सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से नवीणीकरण पर सहमति जताई।

महापौर ने कुत्तों के रख-रखाव के लिये गांव सुखदर्शनपुर में बनाये गये कैनल हाउस के नाम के नवीनीकरण पर बोलते हुये घोषणा की कि डॉग केयर, अस्पताल, हॉस्टाल, अडाप्शन व रिहेबलिटेशन रखा जाये। उन्होने कहा कि जिन-जिन वार्ड में कुत्तों के काटने की समस्या सब से ज्यादा है वहां पर शीघ्र इस समस्या का समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 212 पशुओं को पकड़ कर गऊशाला में रखा गया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही चण्डीमन्दिर, कोट, बिल्ला व अन्य गांवों निशानदई की जायेगी। उन्होंने पंचकूला शहर के सौन्दर्यकरण पर बोलते हुये कहा कि शहर के 6 प्रवेश द्धारो का सौन्दर्यकरण भी प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।

इस मौके पर निगम के आयुक्त श्री आर0के0सिंह ने बेसहारा कुत्तों के रख-रखाव के लिये सभी निगम के अधिकारी एवं पार्षद सामूहिक रूप से कानून एवं नियमों के अनुसार उचित कार्य करेंगे।

बैठक में उपस्थित पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड से सम्बन्धित समस्याओं को महापौर व आयुक्त के समक्ष रखा। इस मौके पर बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त श्री संयम गर्ग, अधीक्षक अभियन्ता विजय गोयल, कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, कार्यकारी अभियन्ता अंकित लोहाण, संजीव गुप्ता, एसडीओ राजकुमार व मुख्य सफाई निरीक्षक साधुराम, उप निदेशक, पशुपालन एवं डायरी विभाग सुखदेव सिंह, पार्षद नरेन्द्र पाल, सुरेश कुमार वर्मा, सोनिया सूद, सलीम खान, जय कुमार कौशिक, पंकज, उषा रानी, हरिन्द्र मलिक, राजेश कुमार, गुरमेल कौर, परमजीत कौर, ओमवती पूनिया, सोनू, सुनीत कुमार, सुशील गर्ग, गौतम प्रसाद, राकेश कुमार व अक्षयदीप सहित अन्य निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# फैशन वीक में शैली तनेजा रही सेलेब्रिटी गेस्ट



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। एग्जॉटिक मॉडलस के इंडिया एग्जॉटिक फैशन वीक में हर उम्र व हर वर्ग के फैशन व ग्लैमर का दिखा जलवा। डी. जे मोक्ष ने पहली बार अम्बाला में किया परफॉर्म, दरअसल जूनियर, मिस व मिस्टर व मिसेज की कैटेगरी में लगभग हर आयु व हर वर्ग के मॉडल्स ने फैशन के हर एंगल को दर्शाया। सेलेब्रिटी गेस्ट की भूमिका में चंडीगढ़ की शैली तनेजा के साथ साथ पूरे नार्थ इंडिया से स्पेशल गेस्ट मौजूद रहे, जसबीर वालीया, प्रीती कपूर, समरीती नारद, त्रशणा मंडल।

वैदही आनंद ब्रेंड अम्बेसडर, कृरीशिका फेस आफ एग्जॉटिक मॉड़ल्स। डिजाइनर कंवल जीत की कलैकशन लांच की गई। आयोजक मोहित ने जानकारी दी कि, अम्बाला जैसे शहर में भी मॉडलिंग की सम्भावनाएं कम नहीं है व उन्हें तराशने व प्लेटफार्म प्रदान करने का प्रयास एग्जॉटिक मॉडल्स ने किया व बखूबी निभाया भी।

# माय 11 सर्कल ने वीवीएस लक्ष्मण को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़ : भारत की प्रमुख ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्स ट्वेंटी फोर सेव्हन ने महान क्रिकेटर और क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से एक वंगीपुरापु वेंकटा साई लक्ष्मण (वीवीएस) को अपने लोकप्रिय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्कल का ब्राण्ड एम्बेसेडर नियुक्त किया है। माय11सर्कल के अनूठे -प्ले विथ चैम्पियंस प्रपोजिशन को मजबूत करने के लिये वीवीएस लक्ष्मण भूतपूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली, ऑस्ट्रेलियन ऑल-राउंडर शेन वाटसन और अफगानिस्तान के लेग-स्पिनर राशिद खान के साथ शामिल हो गये हैं।

माय11सर्कल की वाइस प्रेसिडेन्ट सरोज पाणिग्राही ने कहा कि वर्ष 2019 से अब तक 16 मिलियन से ज्यादा खेल प्रेमी हम पर भरोसा जता चुके हैं और उन्होंने हमे देश का सबसे तेजी से बढ़ रहा फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म बना दिया है। हम महान भारतीय क्रिकेटर श्री वंगीपुरापु वेंकटा साई लक्ष्मण का -प्ले विथ चैम्पियंस फैमिली में नये चैम्पियन के तौर पर स्वागत करते हुए खुश हैं। हमारी स्किल गेमिंग कम्युनिटी ने श्री सौरव गांगुली, श्री शेन वाटसन और श्री राशिद खान के विरूद्ध अपनी स्किल्स आजमाने का मजा लिया है।

श्री लक्ष्मण की नियुक्ति के साथ हम अपने मौजूदा यूजर्स से जुडा जारी रखेंगे और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट माय11सर्कल डॉट कॉम के साथ ज्यादा से ज्यादा फैंटेसी स्पोर्ट्स प्रेमियों को गेम खेलने के बेहतरीन अनुभव देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विराज सिंह बने इंडियन अप्सरा जूनियर फेस



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। एनए कल्चरल सोसायटी सोशल विंग के फेस दश्प्रीत ने इंडियन अप्सरा जूनियर फेस बने विराज सिंह को बधाई दी। इस मौके पर सोसायटी की अध्यक्ष निखार ने एक विशेष घोषणा की। एनए कल्चरल सोसायटी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बच्चियों को मुफ्त ब्यूटी पार्लर और सिलाई के कोर्सिज करवाए जाएंगें।

### सेक्टर 47 डी के छोटे पार्क में कई दिनों से टूटे झूले



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। सेक्टर 47 डी के छोटे पार्क में कई दिन से झूला टूटा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसकी कंप्लेंट एमसी को कर चुके हैं, परंतु एमसी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अब झूला बिल्कुल टूट चुका है लेकिन बच्चे अभी भी उस पर खेल रहे हैं। लोगों ने कहा कि अगर कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन है?

### रिसाईकल विश्व इकॉनॉमिक फोरम के 'द सर्कुलर एक्सलरेटर' कार्यक्रम का सदस्य बनने वाला पहला भारतीय स्टार्टअप बना

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। एंड-टू-एंड डिजिटल -वेस्ट-कॉमर्स समाधान प्रदाता, रिसाईकल को द सर्कुलर एक्सलरेटर प्रोग्राम 2021 के लिए भारत की ओर से पहला सदस्य चुना गया है। एक्सेंचर के नेतृत्व एवं एंग्लो अमेरिकन, ईकोलैब और श्नेदर इलेक्ट्रिक के साथ साझेदारी में तथा अपलिंक और वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम के सहयोग से द सर्कुलर एक्सलरेटर अप्रत्याशित स्तर पर परिवर्तनकारी, क्रॉस सेक्टर वैल्यू चेन इनोवेशन स्केल अप करने के लिए 17 ग्राउंड ब्रेकिंगस कुर्लर इकॉनॉमी एंटरप्रेन्योर्स के साथ औद्योगिक लीडर्स से संपर्क स्थापित करेगा। अभय देशपांडे, संस्थापक, रिसाईकल ने कहा कि हमें इस प्रतिष्ठित समूह का सदस्य बनने पर गर्व है, जो भारत में अगले दशक के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत दुनिया में कचरे के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक बन रहा है, इसलिए व्यवसायिक नेतृत्वकताओं द्वारा कचरे के प्रबंधन और रिसाईक्लिंग को एक उद्योग की पहचान दिए जाने की जरूरत है। कचरे के प्रभावशाली प्रबंधन से न केवल 2030 तक हमारी अर्थव्यवस्था में 650 बिलियन जीडीपी की बचत होगी, बल्कि इससे 2025 तक दोमिलियन नौकरियों का भी निर्माण होगा। सर्कुलर्स एक्सलरेटर के साथ सहयोग करने से हमें विस्तृत पहचान, कनेक्टिविटी एवं सही मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे हम अपने कार्य से निर्मित प्रभाव को बढ़ाकर सतत समाधान स्केल अप कर सकेंगे।

### हरियाणा में ठंड के ढाई माह हुए पूरे, अब चढ़ेगा तापमानः मौसम विभाग

चंडीगढ़। हरियाणा में बसंत पंचमी पर ठंड के ढाई माह पूरे हो गए हैं। अब राज्य में ठंड कम होगी और तापमान बढ़ेगा। मौसम विभाग के चंडीगढ़ सेंटर के निदेशक डॉ. सुरेंद्र पाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक सर्दी मानी जाती है, लेकिन फरवरी के दूसरे पखवाड़े में यह कम होने लगती है। अब 21 व 22 को पहाड़ी इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ से बर्फबारी या बारिश हो सकती है। इससे प्रदेश के कुछ इलाकों में पारा कम हो सकता है, जिससे धुंध भी छाएगी और रात का तापमान भी 4-5 दिन में बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करनाल जिले में मंगलवार को रात का तापमान देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम रहा। यहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में मौसम आमतौर पर खुश्क रहेगा। 17 फरवरी से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलेंगी, जिससे दिन का तापमान बढ़ेगा तो रात्रि के तापमान में कमी दिखाई देगी। इसके साथ ही धुंध कुछ कम होगी। सुरेंद्र पाल का कहना है कि किसान खेतों में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। कुछ गांवों से गेहूं के पत्ते का रंग पीला पड़ने की शिकायतें भी आ रही हैं। किसानों को शक है कि यह पीला रतुआ रोग न हो। मगर कृषि विज्ञानियों की मानें तो पीला रतुआ रोग के लक्षण नहीं है। गेहूं की न्यूट्रिएंट की कमी के कारण यह स्थिती हुई है।

# द वॉर इन द हिल्स 26 फरवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। लगभग 60 साल पहले हमारे सैनिकों ने हमारे देश के अभिन्न अंग, लद्दाख की रक्षा के लिए अदम्य साहस एवं बहादुरी का परिचय दिया। यह लड़ाई हम आज तक लड़ रहे हैं। यह 125 सैनिकों की कहानी है, जिन्होंने हिम्मत के साथ 3000 चीनी सैनिकों का सामना किया। उनके इस साहस ने इस लड़ाई की कहानी बदल दी। सच्ची घटनाओं से प्रेरित, हॉटस्टार स्पेशल्स 1962: द वॉर इन द हिल्स प्रस्तुत कर रहा है। द वॉर इन द हिल्स केवल डिज्नी+ हॉटस्टार वीआईपी और डिज्नी+ हॉटस्टार प्रीमियम पर 26 फरवरी, 2021 को रिलीज होगी ।यह कहानी उन हिम्मती सैनिकों की है, जिन्होंने बहुत सामान्य युद्ध सामग्री होते हुए भी अपने मुकाबले बहुत ज्यादा संख्या में आए सैनिकों को हमारी सीमाओं में घुसपैठ करने से रोक दिया। यह सेना के इतिहास में सबसे महान मुकाबलों में से एक बन गया है ।यह कहानी भारत के इतिहास की समान कहानियों से प्रेरित है, और आज के संदर्भ में जब चीनी घुसपैठ के चलते सीमा पर तनाव बढ़ गया है, तो यह कहानी हमारे सैनिकों की अजेय बहादुरी की याद दिलाती है ।अपनी अद्वितीय भूमिकाओं के लिए पहचाने जाने वाले, अभिनेता अभय देओल इस बार सैनिक की वेशभूषा में दिखेंगे। वो मेजर सूरज सिंह का किरदार निभा रहे हैं, जो ह्यसी कंपनीह्न नाम की एक बटालियन का नेतृत्व करते हैं। इस सीरीज में आकाश ठोसर, सुमीत व्यास, रोहन गंडोत्रा, अनूप सोनी, मेयांग चेंग, माही गिल, रोशेल राव, हेमल इंगले आदि मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# पंजाब निकाय चुनाव में दिखा किसान आंदोलन का गुस्सा, बीजेपी को भारी नुकसान

**चंडीगढ़।** कृषि कानून के विरोध में पिछले 82 दिनों से दिल्ली के अलग-अलग बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने पंजाब में हुए निकाय चुनाव में बीजेपी को बड़ा झटका दिया है। नगर निगम चुनाव के नतीजों में न केवल पंजाब में बीजेपी के प्रति लोगों का गुस्सा दिखाई दे रहा है बल्कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों की भी झलक साफ कर दी है। पंजाब में 14 फरवरी को 117 स्थानीय निकायों के चुनाव हुए थे, जिसमें से 109 नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत हैं, वहीं, 8 नगर निगम शामिल हैं। आठ नगर निगम अबोहर, बठिंडा, बाटला, कपूरथला, मोहाली, होशियारपुर, पठानकोट और मोगा और 109 नगर पालिका परिषदों के 2252 वाड्र्स के चुनाव परिणाम आज घोषित किए जा रहे हैं। शुरूआती नतीजों में कांग्रेस जहां कमाल करती दिख रही है, वहीं नतीजों से ऐसा लग रहा है कि भाजपा को कृषि कानूनों का नुकसान हो चुका है। कांग्रेस ने आठ नगर निगम में से 7 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। मोहाली नगर निगम का परिणाम कल आएगा। इस तरह से देखें तो कांग्रेस ने सभी 7 नगर निगमों पर कब्जा कर लिया है।

नगर निगम के चुनाव नतीजों पर एक नजर

बठिंडा नगर निगम में कांग्रेस को 47 सीटें मिली हैं जबकि बीजेपी का अब तक खाता भी नहीं खुला है। बाटला नगर निगम में कांग्रेस 35, अकाली दल 6, बीजेपी 4, आप 3 तथा निर्दलीय 1 सीट हासिल कर चुके हैं। मोगा नगर निगम में कांग्रेस 20, अकाली दल 15, बीजेपी 1, आप 4, निर्दलीय 10 सीटों पर जीत चुके हैं। कपूरथला नगर निगम में कांग्रेस 43, अकाली दल 3, निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी रहे हैं।

# बादशाह का लेटेस्ट ट्रैक टॉप टकर डॉल्बी एटमॉस में उपलब्ध होगा

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। यूनिसिस इन्फोसॉल्यूशंस के इन-हाउस लेबल, सागा म्यूज़िक ने आज नए सिंगल, ह्यटॉप टकरह्न के लॉन्च की घोषणा की, जिसमें भारतीय संगीत उद्योग के सबसे प्रतिष्ठित रैपर्स में से एक, बादशाह, अमित उचाना, जोनिता गांधी और दक्षिण भारतीय प्रतिभाएं युवान शंकर राजा, रश्मिका मंडाना के साथ दिखाई देंगे।

यह गाना हिंदी, तमिल में रिलीज किया जाएगा और टाईडल द्वारा चुनिंदा देशों में डॉल्बी एटमॉस में स्ट्रीम होगा ।सागा म्यूज़िक का टेक्निकल अंग, यूनिसिस इन्फो सॉल्यूशंस डीडीईएक्स, डिजिटल वैल्यू चेन स्टैंडर्ड्स को शुरूआत में अपनाने वालों में से एक है, जिसके कारण यह पहली भारतीय कंपनी है, जिसने म्यूज़िक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर डॉल्बी एटमॉस में मिक्स किए गए ट्रैक्स प्रस्तुत करने के लिए डीडीईएक्स 4.2 अपनाया ।इस ट्रैक के रिलीज के बारे में दिलजीत सिंह, वाईस प्रेसिडेंट, यूनिसिस इन्फो सॉल्यूशंस ने कहा, ह्यह्ययूनिसिस इन्फो सॉल्यूशंस में हम सदैव ऐसी टेक्नॉलॉजीज तलाशते हैं, जो अनुभव एवं एफिशियंसी बढ़ाएं।

डॉल्बी एटमॉस को अपनाना एक स्वाभाविक विकल्प है क्योंकि इससे ये दोनों उद्देश्य पूरे होते हैं। डॉल्बी एटमॉस से न केवल यूजर के अनुभव में सुधार होता है, बल्कि यह मोनेटाईजेशन की नई संभावनाओं का निर्माण भी करता है।

# नोकिया 5.4 भारत में फ्लिपकार्ट और Nokia.com/phones पर बिक्री के लिए उपलब्ध

» मदरलैंड संवाददाता




लुधियाना / चंडीगढ़। नोकिया फोन्स बनाने वाली कंपनी, एचएमडी ग्लोबल ने आज घोषणा की कि नया नोकिया 5.4 अब भारत में Flipkart.in और Nokia.com/phones पर अब बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह फोन पोलर नाईट और डस्क कॅलर्स में 4GB/64GB और 6GB/64GB के रैम/रोम वैरिएंट्स में क्रमशः 13,999 रु. और 15,499 रु. की आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जियो का उपयोग करने वाले नोकिया 5.4 के ग्राहकों को 4,000 रु. मूल्य का लाभ मिलेगा। लाभों में 349 रु. के प्लान के प्रीपेड रिचार्ज पर 2,000 रु. का तुरंत कैशबैक और पार्टनर्स की ओर से 2,000 रु. मूल्य के वाउचर्स शामिल हैं। यह ऑफर नये और मौजूदा जियो सब्सक्राइबर्स पर लागू है। सन्मीत सिंह कोछर, वाइस प्रेसिडेंट, एचएमडी ग्लोबलः हमने व्यस्तता भरे आधुनिक दौर की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, नोकिया 5.4 बनाया है, चूंकि वर्तमान में फोटो एवं वीडियो के जरिए पलों को कैद करने का अवसर हर रोज मिलता है। इसलिए, हमने शानदार 48 मेगापिक्सेल कैमरा एवं फिल्म क्षमताओं के साथ ओजो स्पेशियल ऑडियो को इसमें शामिल किया। क्वालकॉमझ्स्नैपड्रैगॅनट्ठ 662 मोबाइल प्लेटफॉर्म, दो दिन की बैटरी लाइफ, तीन वर्षों तक सुरक्षा अपडेट्स एवं दो वर्ष तक सॉफ्टवेयर अपग्रेड्स की अतिरिक्त विश्वसनीयता के साथ, मुझे विश्वास है कि नोकिया 5.4 आधुनिक भारत के युवाओं का पक्का साथी होगा। आदित्य सोनी, सीनियर डाइरेक्टर, फ्लिपकार्ट हमें भारत के उपभोक्ताओं के लिए नया नोकिया 5.4 लाने की खुशी है। यह स्मार्टफोन, व्यक्तिगत एवं पेशागत दोनों ही आवश्यकताओं के लिए शानदार चॉइस है, जो फोटो व वीडियो के लिए हाई-क्वालिटी कैमरा, एवं ओजो स्पेशियल ऑडियो युक्त है। हमारे लिए ग्राहक सबसे पहले हैं और नोकिया 5.4 के लॉन्च के साथ, हम हमारे मिड-प्रीमियम पोर्टफोलियो को मजबूत बना रहे हैं, जो व्यापक तरह की बदलती आवश्यकताएं पूरी करता है।

नोकिया 5.4 में एडवांस्ड रिकॉर्डिंग क्षमताओं एवं सिनेमेटिक इफेक्ट्स युक्त 48 मेगापिक्सेल का क्वाड कैमरा है, इसकी बैटरी लाइफ दो दिन की है और यह क्वालकॉमझ स्नैपड्रैगॅनट्ठ 662 मोबाइल प्लेटफॉर्म द्वारा समर्थित है। आधुनिक दौर के क्रिएटर्स के लिए डिजाइन एवं तैयार किया गया, नया नोकिया 5.4, आसानीपूर्वक फिल्म शूट करने के इच्छुक नये वीडियोग्राफर्स का पक्का साथी है। 48 मेगापिक्सेल के क्वाड कैमरा, 16 मेगापिक्सेल के फ्रंट कैमरा, एवं ओजो स्पेशियो ऑडियो युक्त, नोकिया 5.4 में विशिष्ट 'सिनेमा' फंक्शन है जिससे यह 24 fps (फिल्म इंडस्ट्री स्टैंडर्ड) की तस्वीरें खींचता व वीडियो बनाता है; इसके उपयोगकर्ता इससे 21:9 सिनेमेटिक फॉर्मेट में कंटेंट शूट कर सकते हैं।

# ट्वीट को लेकर दर्ज की जा रही पुलिस शिकायतों से भयभीत नहीं हैं हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गृहमंत्री अनिल टूलकिट मामले पर उनके ट्वीट को लेकर उनके विरूद्ध दर्ज की जा रही पुलिस शिकायतों से भयभीत नहीं हैं। ज्ञात रहे कि कर्नाटक में कार्यकताओं के एक समूह ने 21 वर्षीय जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी पर विज द्वारा किये गये ट्वीट को लेकर शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत में कहा गया है कि मंत्री का ट्वीट उन लोगों का समूल नष्ट करने की अपील करता हुआ प्रतीत होता है जो ह्यदेश विरोध का बीज' मन में पालते हैं। अपने ट्वीट की इस व्याख्या को चुनौती देते हुए मंत्री ने संवादवादाताओं से कहा, मैंने कहा कि देश विरोध का बीज जिसके भी दिमाग में हो उसका समूल नाश कर देना चाहिए।

# सैमसंग ने पेश किया गैलेक्सी एफ 62



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ62 पेश करने की घोषणा की, जिसमें युवा पीढ़ी के ग्राहकों और मिलेनियल ग्राहकों को तूफानी रफ्तार वाला प्रदर्शन और जबरदस्त पावर देने वाला 7 नैनोमीटर इक्जाइनस 9825 प्रोसेसर दिया गया है। एफ62 उम्दा प्रदर्शन ही नहीं करता है बल्कि इसमें अपनी श्रेणी में सबसे बेहतरीन 7000 एमएएच की बैटरी और 64एमपी का प्रभावित करने वाला कैमरा भी है, जिसके कारण यह सैमसंग का 25,000 रुपये से कम कीमत वाला सबसे ताकतवर स्मार्टफोन बन जाता है। सैमसंग इंडिया के निदेशक (मोबाइल बिजनेस) आदित्य बब्बर ने कहा कि सैमसंग में हम सार्थक इनोवेशन के अपने सिद्धांत के साथ उपभोक्ताओं को सबसे ऊपर रखते हैं और ऐसे उत्पाद बनाने का प्रयास करते हैंए जो उनके जीवन में वाकई बदलाव ला सकें। आज की युवा पीढ़ी और मिलेनियल उपभोक्ता पावर यूजर हैं और ऐसा स्मार्टफोन चाहते हैं, जिसमें उनके रोजमर्रा के कामकाज पूरे करने लायक स्पीड हो, चाहे वह गेमिंग हो, मल्टी-टास्किंग हो या उनके पसंदीदा शो पेश करना हो। गैलेक्सी एफ62 के साथ हमने वह कर दिखाया है, जो पहले कभी नहीं हुआ है और हमने अपने युवा उपभोक्ताओं के लिए स्पीड और प्रदर्शन की नई परिभाषा गढ़ डाली है। पहली बार हमने उम्दा इक्जाइनस 9825 प्रोसेसर के साथ उद्योग में अग्रणी 7000एमएएच बैटरी दी है। हमें उम्मीद है कि यह जोड़ी मैदान फतह कर लेगी और गैलेक्सी एफ62 इस श्रेणी में स्पीड की कसौटी बन जाएगा, जिससे हमारे उपभोक्ताओं को सारी बाधाएं लांघने तथा जिंदगी को पूरी तरह जीने का मौका मिलेगा।

# नयी बीएमडब्ल्यू एक्सउएक्स ड्राइव 30 आई स्पोर्ट एक्स लॉन्च हुई

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। आज भारत में नयी बीएमडब्ल्यू एक्स3एक्स ड्राइव30आई स्पोर्टएक्स लॉन्च की गई है। स्थानीय स्तर पर बीएमडब्ल्यू ग्रुप प्लांट चेन्नई में बनाई गई बीएमडब्ल्यू एक्स3 का रोमांचकारी पेट्रोल वैरिएंट आज से सभी डीलरशिप्स में मिल रहा है। बहुउपयोगी मॉडल श्रृंखला में बीएमडब्ल्यू एक्स3 प्रत्येक आकांक्षा के अनुकूल उपस्थिति पेश करती है। नयी स्पोर्ट एक्स वैरिएंट में स्पोर्टी और एक्स तत्वों के असली संयोजन की झलक दिखाई देती है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ने अपने एक्स रेंज से स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल की दुनिया का पथ-प्रदर्शन किया है। बीएमडब्ल्यू एक्स3 करीब दो दशकों से लग्जरी एसएवी सेगमेंट में अत्यंत सफल रही है, क्योंकि इसमें ऑन-रोड और ऑफ-रोड क्षमताओं का उत्कृष्ट संतुलन है। आज, नया स्पोर्ट एक्स वैरिएंट शामिल करके हम ग्राहकों को-पावर ऑफ च्वॉइस दे रहे हैं और इस तरह रणनैतिक रूप से बीएमडब्ल्यू एक्स3 की रेंज का विस्तार कर रहे हैं। यह शक्तिशाली और रोमांचकारी एक्स मशीन उनके लिए एक स्वाभाविक साथी है जो गति और रोमांच की सीमाओं को लाँघने का ध्येय रखते हैं। नयी बीएमडब्ल्यू एक्स3एक्स ड्राइव30आई स्पोर्टएक्स, बीएमडब्ल्यू के नवाचार करते रहने और प्रत्येक सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ व्हीकल बनाने की वचनबद्धता का एक और प्रमाण है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ता इंटरनेट शटडाउन

उल्लेखनीय है कि भारत में सरकार द्वारा इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाने के लिए अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग कानूनों का सहारा लिया जाता है, जिनमें कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर (सीआरपीसी) 1973, इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885 तथा टेंपरेरी सस्पेंशन ऑफ टेलीकॉम सर्विसेज रूल्स 2017 शामिल हैं। पहले सूचना के प्रचार-प्रसार सहित इंटरनेट शटडाउन का अधिकार इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885 तथा धारा-144 के तहत सरकार व प्रशासन को दिया गया था लेकिन टेंपरेरी सस्पेंशन ऑफ टेलीकॉम सर्विसेज रूल्स 2017 के अस्तित्व में आने के बाद इंटरनेट शटडाउन का फैसला अब अधिकांशत: इसी प्रावधान के तहत लिया जाने लगा है।



योगेश कुमार गोयल

26 जनवरी को दिल्ली में हुई हिंसा के बाद हरियाणा के कई जिलों सहित सिंघु, गाजीपुर तथा टीकरी बॉर्डर पर सरकार के निर्देशों पर इंटरनेट सेवा बाधित की गई थी, जो विभिन्न स्थानों पर करीब दस दिनों तक जारी रही। हरियाणा में दूरसंचार अस्थायी सेवा निलंबन (लोक आपात या लोक सुरक्षा) नियम, 2017 के नियम 2 के तहत क्षेत्र में शांति बनाए रखने और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद करने के आदेश दिए गए थे। इंटरनेट आज न केवल आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुका है बल्कि इस पर पाबंदी के कारण हरियाणा में कोरोना वैक्सीन कार्यक्रम भी प्रभावित हुआ। इंटरनेट सुविधा पर पाबंदी के कारण छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं बंद हो गई थी, इंटरनेट पर आधारित व्यवसाय ठप्प हो गए थे।

विभिन्न सेवाओं और योजनाओं के माध्यम से एक ओर जहां सरकार 'डिजिटल इंडिया' के सपने दिखा रही है, अधिकांश सेवाओं को इंटरनेट आधारित किया जा रहा है, वहीं बार-बार होते इंटरनेट शटडाउन के चलते जहां लोगों की दिनचर्या प्रभावित होती है और देश को इसका बड़ा आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। डिजिटल इंडिया के इस दौर में जिस तरह इंटरनेट शटडाउन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और लोगों को बार-बार नेटबंदी का शिकार होना पड़ रहा है, उससे भारत की छवि पूरी दुनिया में प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के डिजिटल प्राइवेसी एंड सिक्योरिटी रिसर्च ग्रुप 'टॉप-10 वीपीएन' की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वर्ष भारत में कुल 75 बार इंटरनेट शटडाउन किया गया। कुल 8927 घंटे तक इंटरनेट पर लगी पाबंदी से जहां 1.3 करोड़ उपभोक्ता प्रभावित हुए, वहीं इससे देश को करीब 2.8 बिलियन डॉलर (204.89 अरब रुपये) का नुकसान हुआ। इंटरनेट पर जो पाबंदियां 2019 में लगाई गई थी, वे 2020 में भी जारी रहीं और भारत को 2019 की तुलना में गत वर्ष इंटरनेट बंद होने से दोगुना नुकसान हुआ। फेसबुक की पारदर्शिता रिपोर्ट में बताया गया था कि जुलाई 2019 से दिसम्बर 2019 के बीच तो भारत दुनिया में सर्वाधिक इंटरनेट व्यवधान वाला देश रहा था। वर्ष 2019 में कश्मीर में तो सालभर में 3692 घंटों के लिए इंटरनेट शटडाउन किया गया।

'शीर्ष 10 वीपीएन' की रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते वर्ष विश्वभर में कुल इंटरनेट शटडाउन 27165 घंटे का रहा, जो उससे पिछले साल से 49 प्रतिशत ज्यादा था। इसके अलावा इंटरनेट मीडिया शटडाउन 5552 घंटे रहा। ब्रिटिश संस्था द्वारा



इंटरनेट पर पाबंदियां लगाने वाले कुल 21 देशों की जानकारियों की समीक्षा करने पर पाया गया कि भारत में इसका जितना असर हुआ, वह अन्य 20 देशों के सम्मिलित नुकसान के दोगुने से भी ज्यादा है और नुकसान के मामले में 21 देशों की इस सूची में शीर्ष पर आ गया है। वर्ष 2020 में 1655 घंटों तक इंटरनेट ब्लैकआउट रहा तथा 7272 घंटों की बैंडविथ प्रभावित हुई, जो किसी भी अन्य देश की तुलना में सर्वाधिक है। रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनियाभर में नेटबंदी से होने वाले कुल 4.01 अरब डॉलर के नुकसान के तीन चौथाई हिस्से का भागीदार बना है। इंटरनेट शटडाउन के मामले में भारत के बाद दूसरे स्थान पर बेलारूस और तीसरे पर यमन रहा। बेलारूस में कुल 218 घंटों की नेटबंदी से 336.4 मिलियन डॉलर नुकसान का अनुमान है। रिपोर्ट में 'इंटरनेट शटडाउन' को परिभाषित करते हुए इसे 'किसी विशेष आबादी के लिए या किसी एक स्थान पर इंटरनेट या इलैक्ट्रॉनिक संचार को इरादतन भंग करना' बताया गया है और इस ब्रिटिश संस्था के अनुसार ऐसा 'सूचना के प्रवाह पर नियंत्रण' कायम करने के लिए किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि भारत में सरकार द्वारा इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाने के लिए अलग-अलग परिस्थितियों में अलग-अलग कानूनों का सहारा लिया जाता है, जिनमें कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसीजर (सीआरपीसी) 1973, इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885 तथा टेंपरेरी सस्पेंशन ऑफ टेलीकॉम सर्विसेज रूल्स 2017 शामिल हैं। पहले सूचना के प्रचार-प्रसार सहित इंटरनेट शटडाउन का अधिकार इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1885 तथा धारा-144 के तहत सरकार व प्रशासन को दिया गया था लेकिन टेंपरेरी सस्पेंशन ऑफ टेलीकॉम सर्विसेज रूल्स 2017 के अस्तित्व में आने के बाद इंटरनेट शटडाउन का फैसला अब अधिकांशतः इसी प्रावधान के तहत लिया जाने लगा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2016 में एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जो इंटरनेट को मानवाधिकार की श्रेणी में शामिल करता है और सरकारों द्वारा इंटरनेट पर रोक लगाने को सीधे तौर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन बताता है लेकिन यह प्रस्ताव किसी भी देश के लिए बाध्यकारी नहीं है। इंटरनेट शटडाउन किए जाने पर सरकार और प्रशासन द्वारा सदैव एक ही तर्क दिया जाता है कि किसी विवाद या बवाल की स्थिति में हालात बेकाबू होने से रोकने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अफवाहों, गलत संदेशों, खबरों, तथ्यों व फर्जी तस्वीरों के प्रचार-प्रसार के जरिये विरोध की चिंगारी दूसरे राज्यों तक न भड़कने देने के उद्देश्य से ऐसा करने पर विवश होना पड़ता है।

यह लेखक की निजी राय है

संपादकीय

## मिलेगी अपनी बात छिपाने की आजादी?



पिछले तीन-चार सौ साल से दुनिया में एक बड़ी लड़ाई चल रही है। उसका नाम है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता। ब्रिटेन, यूरोप, अमेरिका और भारत-जैसे कई देशों में तो यह नागरिकों को उपलब्ध हो गई है लेकिन आज भी चीन, रूस और कुछ अफ्रीकी और अरब देशों में इसके लिए लड़ाइयाँ जारी हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता क्या है ? अपने दिल की बात बताने की स्वतंत्रता ! लेकिन आजकल एक नई लड़ाई सारी दुनिया में छिड़ गई है। वह है, अपनी बात बताने की नहीं, छिपाने की स्वतंत्रता। छिपाने का अर्थ क्या है ? यही कि आपने किसी से फोन पर या ईमेल पर कोई बात की तो उसे कोई तीसरा व्यक्ति न जान पाए। वह तभी जाने जबकि आप उसे अनुमति दें। आजकल मोबाइल फोन और इंटरनेट की तकनीकी का कमाल ऐसा हो गया है कि करोड़ों लोग हर रोज अरबों-खरबों संदेशों का लेन-देन करते रहते हैं लेकिन उनमें से ज्यादातर को यह पता नहीं है कि उनके एक-एक शब्द पर कुछ खास लोगों की नजर रहती है। कौन हैं, ये खास लोग ? ये हैं, व्हाट्साप और फेसबुक के अधिकारी लोग ! उन्होंने ऐसी तरकीबें निकाल रखी हैं कि आपकी कितनी भी गोपनीय बात हो, वे उसे सुन और पढ़ सकते हैं। ऐसा करने के पीछे उनका स्वार्थ है। वे आप पर जासूसी कर सकते हैं, आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते हैं, वे आपके फैसलों को बदलवा सकते हैं, आपके पारस्परिक संबंधों को बिगाड़ सकते हैं। यही शक्ति वे सरकार के मंत्रियों, सांसदों और अधिकारियों के विरूद्ध भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसीलिए यह मांग उठ रही है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की तरह निजता याने गोपनीयता की स्वतंत्रता की भी कानूनी गारंटी हो। हमारे संविधान में निजता की कोई गारंटी नहीं है। 2017 में हमारे सर्वोच्च न्यायालय में इस मुद्दे पर जमकर बहस हुई थी। अब 2021 में भी सर्वोच्च न्यायालय में यही मुद्दा जोरों से उठा है। लेकिन दोनों में बड़ा फर्क है। जुलाई 2017 में कुछ याचिकाकत्ताओं ने मांग की थी कि निजता को भी अभिव्यक्ति की तरह संविधान में मूल अधिकार की मान्यता दी जाए लेकिन तब सरकारी वकील ने तर्क दिया कि यदि निजता को मूल अधिकार बना दिया गया तो उसकी आड़ में वेश्यावृत्ति, तस्करी, विदेशी जासूसी, ठगी, आपराधिक, रार्ष्ट्रद्रोही और आतंकी गतिविधियां बेखटके चलाई जा सकती हैं। उसने सर्वोच्च न्यायालय के 1954 और 1956 के दो फैसलों का जिक्र भी किया था, जिनमें निजता के अधिकार को मान्य नहीं किया गया था। लेकिन अब सरकारी वकील निजता के अधिकार के लिए सर्वोच्च न्यायालय में पूरा जोर लगाए हुए हैं। क्यों ? क्योंकि व्हाटसाप और फेसबुक जैसी कंपनियों के बारे में शिकायतें आ रही हैं कि वे निजी संदेशों की जासूसी करके बेशुमार फायदे उठा रही हैं। व्हाटसाप के जरिए भेजे जानेवाले संदेशों से इतना फायदा उठाया जाता है कि व्हाट्साप को फेसबुक ने 19 अरब डॉलर जैसी मोटी रकम देकर खरीद लिया है। हर व्हाटसाप संदेश के ऊपर यह लिखा हुआ आता है कि आपके संदेश या वार्ता को कोई न पढ़ सकता है, न सुन सकता है लेकिन इस साल उसने घोषणा कर दी थी कि 8 फरवरी 2021 से उसके हर संदेश या बातचीत को फेसबुक देख सकेगी। यह खबर निकलते ही इतना हंगामा मचा की व्हाट्साप ने इस तारीख को आगे खिसकाकर 15 मई कर दिया। लोग इतने डर गए कि लाखों लोगों ने व्हाट्साप की जगह तत्काल ह्यसिग्नल, ह्यटेलीग्रामह्ण और ह्यबोटिमह्ण जैसे नए माध्यमों को पकड़ लिया। देश में आजकल जैसा माहौल है, ज्यादातर मंत्रिगण, नेता, पत्रकार और बड़े व्यापारी लोग व्हाट्साप के इस्तेमाल को ही सुरक्षित समझते हैं। इसीलिए भारत सरकार ने 2018 में ह्यव्यक्तिगत संवाद रक्षा कानूनह्ण के निर्माण पर बहस चलाई है। उसमें दर्जनों संशोधन आए हैं और संसद के इसी सत्र में वह शायद कानून भी बन सकता है। यह कानून ऐसा बन रहा है, जिसमें व्यक्तिगत निजता की तो पूरी गारंटी होगी लेकिन राष्ट्रविरोधी और आपराधिक गतिविधियों को पकड़ने की छूट होगी। आजकल सर्वोच्च न्यायालय में सरकारी वकील फेसबुक के वकीलों से जमकर बहस कर रहे हैं और पूछ रहे हैं कि यूरोप में आप जिस नीति को पिछले दो साल से चला रहे हैं, वह आप भारत में क्यों नहीं चलाते ? यूरोपीय संघ ने लंबे विचार विमर्श के बाद निजता-भंग पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं और उसका उल्लंघन करनेवाली कंपनियों पर भारी जुमार्ना ठोक दिया है।

# देश में पर्यावरण और बढ़ते शहरीकरण के बीच संतुलन बिठाना आवश्यक

देश में 100 स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा है। इन स्मार्ट शहरों के स्थानीय निवासियों को अपने शहर के विकास की योजना बनाने को कहा गया है। साइकल एवं पैदल चलने के लिए अलग से मार्गों को बनाया जा रहा है। इन शहरों में पब्लिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने पर बल दिया जा रहा है। उद्योगों को इन शहरों की सीमाओं से बाहर बसाया जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इन शहरों का समावेशी एवं मिश्रित विकास किया जा रहा है।

एक अनुमान के अनुसार, देश में वर्ष 2050 तक शहरों की आबादी 80 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी। यानी, उस समय की देश की कुल आबादी के 50 प्रतिशत से अधिक और आज की शहरी आबादी से लगभग दुगुनी यथा भारत एक शहरी देश के तौर पर उभर कर सामने आ जाएगा। आज, 2011 की जनगणना के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में 53 ऐसे शहर हैं जिनकी आबादी 10 लाख की संख्या से अधिक है।

शहरीकरण के एक सबसे बड़े फायदे के तौर पर, यह कई अनुसंधानों के माध्यम से सिद्ध हो चुका है कि देश में बढ़ते शहरीकरण से आर्थिक विकास की दर तेज होती है एवं रोजगार के नए अवसर भी गांवों की अपेक्षा शहरों में अधिक उत्पन्न होते हैं। आज भारत में भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में शहरी क्षेत्र का योगदान 65 प्रतिशत का है, जिसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक ले जाना है। बढ़ते शहरीकरण से विभिन्न स्तरों पर सरकारों की ज़िम्मेदारी भी बढ़ती है, क्योंकि साफ हवा, साफ पीने का पानी, साफ ऊर्जा, इन शहरों को उपलब्ध कराना सरकारों की ज़िम्मेदारी है। शहरों का विकास शुरू में ही यदि उचित तरीके से नहीं किया जाए तो पर्यावरण से सम्बंधित कई समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। जैसे भारत के कई शहरों में आज देखने में आ रहा है कि सर्दियों के मौसम में शुद्ध हवा का अभाव हो जाता है, कोहरा इतना घना होने लगता है कि लगभग 50 फुट दूर तक भी साफ दिखाई देना मुश्किल हो जाता है। शहरों की कई कालोनियों में साफ पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। अतः शहरों का विकास इस प्रकार से किया जाना चाहिए कि भविष्य में पर्यावरण से सम्बंधित किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी न हो सके।

भारत में हाल ही के वर्षों में इस ओर ध्यान दिया जा रहा है एवं स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन चलाए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत, नागरिकों के सहयोग से शहरों में स्वच्छता बनाए रखे जाने का प्रयास किया जा रहा है। शहरों में झुग्गी झोपड़ी की समस्या हल करने के उद्देश्य से हर परिवार को वर्ष 2022 तक एक पक्का मकान उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु शहरी इलाकों में एक करोड़ नए मकान बनाये जा रहे हैं।

देश में 100 स्मार्ट शहरों का विकास किया जा रहा है। इन स्मार्ट शहरों के स्थानीय निवासियों को अपने शहर के विकास की योजना बनाने को कहा गया है। साइकल एवं पैदल चलने के लिए अलग से मार्गों को बनाया जा रहा है। इन शहरों में पब्लिक वाहनों का अधिक से अधिक प्रयोग किये जाने पर बल दिया जा रहा है। उद्योगों को इन शहरों की सीमाओं से बाहर बसाया जा रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इन शहरों का समावेशी एवं मिश्रित विकास किया जा रहा है।

देश में 500 किलोमीटर से अधिक मेट्रो की लाइन भी स्थापित चुकी है और इसका तेजी से विकास जारी है। महानगरों में यातायात पर दबाव कम करने के उद्देश्य से कई नए नए बाई पास भी बनाए जा रहे हैं। दिल्ली राजधानी परिक्षेत्र में तो क्षेत्रीय त्वरित यातायात की व्यवस्था की जा रही है। महानगरों के 200 किलोमीटर के आसपास के क्षेत्रों में लोगों को बसाए जाने पर भी विचार किया जा रहा है एवं उनके लिए द्रुत गति से चलने वाले यातायात की व्यवस्था भी की जाएगी। ताकि ये लोग इन इलाकों में निवास कर सकें एवं आसानी से महानगरों में आवागमन कर सकें। परिवहन उन्मुख विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय त्वरित यातायात के क्षेत्र में पड़ने वाले क्षेत्र में लंबवत एवं मिश्रित विकास किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं इनके घरों के आसपास ही मिलें और इन सुविधाओं को पाने के लिए उन्हें घर से कहीं दूर जाना न पड़े।





देश के शहरी क्षेत्रों में पर्यावरण की स्थिति में सुधार करने हेतु वर्षा के पानी का संचयन करना, ऊर्जा की दक्षता- एलईडी बल्बों का अधिक से अधिक उपयोग करना, शहरों में हरियाली का अधिक से अधिक विस्तार करना, ध्वनि प्रदूषण कम करना, सॉलिड वेस्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना, ग्रीन यातायात का उपयोग करना, आदि क्षेत्रों में अभी और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

उक्त क्षेत्रों में तीव्र गति से सुधार करने हेतु हर मकान के लिए बारिश के पानी के संचयन को आवश्यक कर देना चाहिए ताकि भूमि के पानी को रीचार्ज किया जा सके। हर घर में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को आवश्यक कर देना चाहिए ताकि घरों में सोलर ऊर्जा का उत्पादन होने लगे। लोगों को विद्युत ऊर्जा से चालित वाहनों का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। लगभग 25 प्रतिशत प्रदूषण वाहनों के अत्यधिक उपयोग के कारण उत्पन्न होता है। हर घर में ग्रीन बेल्ट होनी चाहिए। घरों के अंदर एवं आसपास पौधे लगाए जाने आवश्यक कर देना चाहिए ताकि वातावरण में कार्बन डाईआक्सायड गैस कम हो और ऑक्सीजन गैस की मात्रा बढ़े। मकानों के निर्माण में लंबवत विकास होना चाहिए ताकि शहर में हरियाली हेतु अधिक जमीन उपलब्ध हो सके। देश में खाली पड़ी पूरी जमीन को ग्रीन बेल्ट में बदल देना चाहिए। आज तो पेड़ों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की तकनीक भी उपलब्ध है। अतः पेड़ों को काटने की बजाय एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

साथ ही, पर्यावरण को बचाने के उद्देश्य से प्लास्टिक के उपयोग को सीमित करने के लिए हमें कुछ आदतें अपने आप में विकसित करनी होंगी। यथा, जब भी हम सब्जी एवं किराने का सामान आदि खरीदने हेतु जाएं तो कपड़े के थैलों का इस्तेमाल करें। इससे खरीदे गए सामान को रखने हेतु प्लास्टिक के थैलियों की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। हम घर में कई छोटे छोटे कार्यों पर ध्यान देकर पानी की भारी बचत कर सकते हैं। जैसे, टॉयलेट में फ़्लश की जगह पर बाल्टी में पानी का इस्तेमाल करें, दांतों पर ब्रश करते समय सीधे नल से पानी लेने की बजाय, एक डब्बे में पानी भरकर ब्रश करें, स्नान करते समय शॉवर का इस्तेमाल न करके बाल्टी में पानी भरकर स्नान करें।

अपशिष्ट एवं बेकार पड़ी चीजों को रीसाइकल कैसे करें ताकि इसे देश के लिए सम्पत्ति में परिवर्तित किया जा सके। इस विषय की ओर अब हम सभी को गहन ध्यान देने की जरूरत है। प्लास्टिक, कपड़ा, अल्यूमिनीयम, स्टील आदि सभी को रीसाइकल किया जा सकता है। कचरा एवं प्लास्टिक को तो शीघ्र ही रीसाइकल करना होगा क्योंकि देश के पर्यावरण पर इन दोनों घटकों का अत्यधिक बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

प्रति व्यक्ति देश में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अन्य देशों की तुलना में आज बहुत कम है। जबकि देश में और अधिक शहरीकरण होने के चलते प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अभी तो और आगे बढ़ेगा। अतः वर्तमान संसाधनों की दक्षता को भी बढ़ाना ही होगा एवं इनका रीसाइकल एवं पुनः उपयोग भी करना होगा। प्रयास यह हो कि शहरीकरण और पर्यावरण में संतुलन कायम हो सके।

-प्रहलाद सबनानी

# बच्चे मन के सच्चे


» अंजु पांडे

कोरोना काल में जब सारे स्कूल बंद हो गए, एवं बच्चों को घर से बाहर जाकर खेलने की अनुमति भी नहीं मिली, तब मोबाइल पर बैठकर व्यर्थ समय गंवाने के बजाय दिल्ली के कुछ बच्चों ने अपने समय का सदुपयोग की जो राह निकाली, उसने उन्हें आजीवन एक अनोखे बंधन में बांध दिया। लॉकडाउन के समय शुरू हुए दिल्ली सेवा भारती के ह्लईच वन टीच वन\ह्व कार्यक्रम से जोड़कर डीपीएस, जीडी गोयंका, मॉडर्न स्कूल जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों के 12 सौ से अधिक बच्चों ने अंबेडकर बस्ती, बाल्मीकि बस्ती, रविदास कैंप, कालकाजी संजय कैंप बस्ती, के बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाया , सुंदर-सुंदर कहानियां सुनाई, नृत्य सिखाया, आर्ट एंड क्राफ्ट में पेपर मेड गुलदस्ते, पेन स्टैंड,जैसी कई खूबसूरत चीजें बनाना भी सिखाई। यह सेवा यात्रा थी, संभ्रांत परिवारों के सर्व सुविधा संपन्न बच्चों की झोपड़ी में रहने वाले अभावग्रस्त बालकों से जोड़ने की। जिसने इनके बीच की दूरी को तय कर, दोनों ही के जीवन को अद्भुत दिशा दी। दिल्ली सेवा भारती के प्रांत प्रचार मंत्री, भूपेंद्र जी बताते हैं कोरोना काल बीतने के बाद ह्लईच वन टीच वन\ह्व कार्यक्रम ने अब ह्लटीन सेवा\ह्व का रूप धारण कर लिया है, जिसमें अब सेवा के बाद राष्ट्र भाव भी जुड़ चुका है।

यह बात है मार्च 2020 की जब कोरोना ने भारत में दस्तक दी व सारे स्कूल अनिश्चित काल के लिए बंद हो गए, तब दिल्ली सेवा भारती की प्रांत संपर्क प्रमुख, निधि आहूजा को उन 50 बच्चों ने फोन कर, सेवा के काम से जुडने की इच्छा जाहिर की जो पहले से सेवा भारती द्वारा आयोजित समर एंड विंटर कैंपों में सेवा बस्तियों के बच्चों से जुड़ चुके थे। यह वह दौर था, जब स्वयं प्रधानमंत्री मोदी बच्चों, बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने का आह्वान कर रहे थे। माता-पिता डरे हुए थे व कार्यकर्ता चिंतित कैसे इन बच्चों को इस नेक काम से जोड़े। तब निधि जी ने ईच वन टीच वन कार्यक्रम के तहत गूगल फॉर्म के जरिए बच्चों से आवेदन मंगवाए, कि कौन सेवा बस्ती के बच्चों को ऑनलाइन पाढाएगा? निधिजी की खुशी का ठिकाना ना रहा, जब 1000 से अधिक बच्चे खुशी-खुशी इस कार्य के लिए राजी हो गए। अब सेवा भारती ने संस्कार केंद्रों की निरीक्षकाओं एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से बस्ती में रह रहे एंड्राइड फोन यूज कर बस्ती के एक बच्चे को एक संभ्रांत बच्चे से ऑनलाइन जोड़ा। सिखाने वाले को वॉलिंटियर व सीखने वाले को बडी नाम दिया गया। सप्ताह में एक बार चलने वाली इस क्लास ने ऐसे सार्थक मित्र बनाएं जिसने सारे भेद मिटा दिए।

अब इस कार्यक्रम का संचालन संभाल रही दीप्ति दीदी बताती हैं कि यह सत्र चार चरणों में चला बडी, स्टोरीटेलिंग, हॉबी एवं बुक बैंक। बडी का मतलब था आपस में मित्रता कायम करना।। स्टोरी टेलिंग में वॉलिंटियर बच्चे कुछ नैतिक व विज्ञान कथाएं अपने बडी को सुनाया करते थे। हॉबी सत्र में ड्रॉइंग पेंटिंग कढ़ाई जैसी कई विधाएं ऑनलाइन सिखाई गई व बुक बैंक में बच्चों को अच्छी किताबें भेजी गई। इस अभियान में 11 से 19 वर्ष के इन ढाई हजार बच्चों को प्रेरित करने व इनका मनोबल बढ़ाने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली, प्रसिद्ध बल्लेबाज शिखर धवन, मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा समेत कई जानी-मानी हस्तियों ने वीडियो बनाकर इन्हें शुभकामनाएं दी। कोरोना काल में शुरू हुआ दिल्ली सेवा भारती का यह शिक्षण अभियान, अब इन बच्चों के लिए जीवन भर का साथ बन चुका है। दिसंबर में जब पहली बार यह बच्चे रूबरू मिले तो यह दृश्य राम- भरत मिलाप की तरह सभी को भाववि' कर गया। आरके पुरम सेवा बस्ती के नीरज का वाक्य अभी भी सेवा भारती कार्यकताओं के मनो में गूंज रहा है, जिस ने कहा अब हमारा साथ एलआईसी की तरह है, जिंदगी के साथ भी व जिंदगी के बाद भी।

यह लेखक की निजी राय है



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादक: संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### खाली बैठकर आराम करना मुश्किलः पेच

लॉस एंजेलिस। अभिनेत्री मेडलेन पेच का कहना है कि वह जितना ज्यादा व्यस्त रहती हैं, उतना ही कम उन्हें चिंता और बेचैनी होती है। अभिनेत्री ने कहा कि उनके लिए खाली बैठकर आराम करना मुश्किल होता है। मेडलेन पेच टीवी सीरीज 'रिवरडेल' की एक्टर है। पेच ने बताया, ‍ॽमैं अपने आप को आराम नहीं करने देती। मेरा थेरेपेस्टि मुझे यह समझा रहा था। यह एक तरह का ट्रॉमा है, जिससे आपको लगता है कि आपको हमेशा कुछ करना होगा। पेच ने खुद को काम में व्यस्त रखने के बारे में बात करते हुए, ॽमैं जितना ज्यादा व्यस्त रहती हूं, मुझे उतनी ही कम चिंता होती है। मैं वास्तव में अपने काम में डूब जाती हूं। मुझे लगता है कि ऐसा कुछ है जिस पर मुझे काम करना है, तो वह है खुद को आराम करने देना।

### इक्वाडोर के पूर्व राष्ट्रपति गुस्तावो नोबोआ का निधन

क्वीटो। इक्वाडोर के पूर्व राष्ट्रपति गुस्तावो नोबोआ का अमेरिका में ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के बाद निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। इक्वाडोर के राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो ने ट्वीट कर नोबोआ के निधन की पुष्टि की है। उन्होंने नोबोआ को देशभक्त बताते हुए कहा कि उनके निधन से इक्वाडोर शोक में है। वह पूर्व राष्ट्रपति की याद में कल से राजकीय शोक घोषित करेंगे। तत्कालीन राष्ट्रपति जामिल माहुद के खिलाफ विद्रोह और इसकी वजह से माहुद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद नोबोआ जनवरी, 2000 में राष्ट्रपति बने थे। उस समय देश गंभीर आर्थिक संकटों का सामना कर रहा था और इस संकट की वजह से सरकार ने अमेरिकी डॉलर को राष्ट्रीय मुद्रा के रूप में अपना लिया। देश में वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही थीं और आधे से ज्यादा बैंक या तो बंद हो गए या उनमें ठीक से कामकाज नहीं हो रहा था। नोबोआ के बाद लुसियो गुतेरेज देश के राष्ट्रपति बने। नोबोआ ने मुद्रा में बदलाव किया और अल नीनो जैसी गंभीर पर्यावरण की स्थिति से निपटते हुए इक्वाडोर की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना शुरू किया।

### जापान में कोविड-19 टीकाकरण अभियान की शुरूआत

तोक्यो। जापान में बुधवार को स्वास्थ्यकर्मियों को कोरोना वायरस टीके की पहली खुराक देने के साथ टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। इसे तोक्यो ओलंपिक के आयोजन के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है जिसमें पहले से देर हो चुकी है। सरकार ने दवा निमार्ता कंपनी फाइजर द्वारा विकसित टीकों के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी, जिसका इस्तेमाल दिसंबर से ही कई देशों में हो रहा है। देश भर में चयनित 100 अस्पतालों से करीब 40,000 डॉक्टरों और नर्सों ने बुधवार को टीके की पहली खुराक ली और दूसरी खुराक इन्हें 10 मार्च को दी जाएगी। इनमें से आधी संख्या में लोग सात सप्ताह के स्वास्थ्य सर्वेक्षण में हिस्सा लेंगे। देश में 37 लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण मार्च में शुरू होगा। इसके बाद 3.6 करोड़ की आबादी वाले 65 साल से अधिक उम्र के लोगों का टीकाकरण अप्रैल में शुरू होगा।

### नए वीडियो में फिर नजर आई दुबई की लापता शहजादी

लंदन। दुबई के शक्तिशाली शासक की बेटी, जो 2018 में देश छोड़कर भागने की कोशिश के दौरान एक नाव से पकड़ी गई थी, वह हाल ही में जारी किए गए एक नए वीडियो में फिर नजर आई है। वीडियो में शहजादी कह रही हैं कि उसे नहीं पता कि वह इस स्थिति में जीवित रह पाएगी या नहीं। बीबीसी के जारी किए गए वीडियो में शेख लतीफा बिंत मोहम्मद अल मख्तूम एक जेल विला में नजर आ रही हैं जो संभवतः संयुक्त अरब अमीरात के शहर की है। यूएई के वंशानुगत शासन में उसके पिता शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मख्तूम प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति के तौर पर पदस्थ हैं। शेख ने एक वीडियो में कहा कि मैं एक बंधक हूं। इस विला को जेल में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैं ताजी हवा के लिए बाहर भी नहीं जा सकती। साल 2018 में एक मित्र और एक पूर्व फ्रांसीसी जासूस की मदद से शेख लतीफा नाव से भागी थीं। हालांकि बाद में उसे भारत के तट के पास से फिर पकड़ लिया गया था। बीबीसी ने कहा कि शेख लतीफा ने विला के एक शौचालय में ये वीडियो फोन पर रिकॉर्ड किए जो उसे पकड़े जाने के करीब एक साल बाद गोपनीय तरीके से प्राप्त हुआ था। वीडियो में शेख लतीफा कहती दिख रही हैं, मैं नहीं जानती कि मैं कब रिहा होऊंगी और जब मैं रिहा होऊंगी तो स्थिति क्या होगी। हर दिन मैं अपनी सुरक्षा और अपनी जिंदगी को लेकर चिंतित हूं।

### त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब के बयान पर नेपाल ने जाहिर की आधिकारिक आपत्ति

काठमांडू। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब देब अपने विवादित बयानों के कारण आलोचना के शिकार कई बार हुए हैं, लेकिन उनके हालिया बयान से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी के हालात पैदा हो गए हैं। दरअसल, नेपाल के विदेश मंत्री ने बिप्लब के बयान की जानकारी मिलने की बात कही है और यह भी कहा है कि इस पर आधिकारिक आपत्ति दर्ज करा दी गई है। दरअसल बिप्लब देब ने दावा किया था कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जब बीजेपी अध्यक्ष थे, तब उन्होंने बताया था कि पार्टी अपना दायरा बढ़ाना चाहती है और नेपाल और श्रीलंका में शासन के लिए योजना बना रही है।' ट्विटर पर जब एक यूजर ने नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली को इस बयान की एक खबर में टैग किया, तो उस पर ग्यावली ने जवाब दिया है।

### किम जोंग ने नहीं माना कि उत्तर कोरिया में है कोरोना वायरस

सियोल। उत्तर कोरिया और उसके तानाशाह किम जोंग उन ने भले ही देश में कोरोना वायरस की महामारी फैलने से ही इनकार कर रखा हो, दक्षिण कोरिया की खुफिया सेवा ने दावा किया है कि उसके पड़ोसी देश के हैकरों ने इसकी वैक्सीन और इलाज से जुड़ी जानकारी चोरी करने की कोशिश की है। हालांकि, इस दावे को खारिज कर दिया गया है जिसके मुताबिक वैक्सीन निमार्ता फाइजर इंक इस हमले के निशाने पर था। इससे पहले दक्षिण कोरियाई संसद की खुफिया मामलों की समिति के सदस्य हा तेई कियुंग ने कहा था कि राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) ने उन्हें और अन्य सांसदों को बंद कमरे में दी गई ब्रीफिंग में बताया है कि उत्तर कोरिया ने कोविड-19 टीके की प्रौद्योगिकी को प्राप्त करने के लिए फाइजर को हैक किया था।

# ढांचागत सुधार के लिए आईएमएफ से 50 करोड़ डालर का कर्ज लेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** 'नया पाकिस्तान' बनाने का वादा करके सत्ता में आए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने जैसे तय कर लिया है कि वह पाकिस्तान को कर्ज में डूबोकर ही मानेंगे। सत्ता में आने से पहले इमरान ने वादा किया था कि वह विदेशी संस्थाओं से कर्ज लेने की संस्कृति पर रोक लगाएंगे, लेकिन अब वह खुद ही कर्ज पर कर्ज लिए जा रहे हैं। ताजा मामला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का है, जिससे पाकिस्तान 50 करोड़ डॉलर कर्ज लेने जा रहा है।



वह भी तब जब हर पाकिस्तानी नागरिक पर अब 1 लाख 75 हजार रुपए का कर्ज है। पाकिस्तान सरकार और आईएमएफ के बीच मंगलवार को सुधारों को लेकर एक समझौता हुआ है। इस समझौते के बाद अब पाकिस्तान को आईएमएफ से 50 करोड़ डॉलर कर्ज मिलने का रास्ता साफ हो गया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि अर्थव्यवस्था को मदद दी जाएगी और ढांचागत सुधार किए जाएंगे। वित्त मंत्री अब्दुल हाफिज शेख ने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए अच्छी खबर है।

पाकिस्तान यह कर्ज ऐसे समय पर ले रहा है जब हाल में ही पाकिस्तान की संसद में इमरान खान सरकार ने कबूल किया है कि अब हर पाकिस्तानी के ऊपर अब एक लाख 75 हजार रुपए का कर्ज है। इसमें इमरान खान की सरकार का योगदान 54901 रुपए है, जो कर्ज की कुल राशि का 46 फीसदी है। कर्ज का यह बोझ पाकिस्तानियों के ऊपर पिछले दो साल में बढ़ा है। यानी जब इमरान ने पाकिस्तान की सत्ता संभाली थी तब देश के हर नागरिक के ऊपर 120099 रुपए का कर्ज था। वित्त वर्ष 2020-21 के राजकोषीय नीति पर बयान देते हुए पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने माना है कि इमरान खान सरकार राजकोषीय घाटे को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के चार फीसदी तक करने में विफल रही है।

इस तरह सरकार ने 2005 की राजकोषीय जिम्मेदारी और ऋण सीमा (एफआरडीएल) अधिनियम का उल्लंघन किया है। ऐसे में पाकिस्तान का कुल रोजकोषीय घाटा जीडीपी का 8.6 फीसदी रहा है, जो एफआरडीएल अधिनियम कानून की सीमा से दोगुने से भी अधिक है। पाकिस्तान ने देश के ऊपर बढ़ते विदेशी कर्ज से निपटने के लिए की राजकोषीय जिम्मेदारी और ऋण सीमा (एफआरडीएल) अधिनियम को साल 2005 में पारित किया था। इसमें प्रावधान किया गया था कि राजकोषीय घाटा देश की अर्थव्यवस्था से चार फीसदी से ज्यादा न हो। इसमें यह भी कहा गया था कि राजकोष को लेकर सरकार की सभी नीतियों को गहराई से अध्ययन भी किया जाए।

पाकिस्तान की संसद में यह रिपोर्ट गुरुवार को पेश की गई थी। पाकिस्तान के इतिहास में इस रिपोर्ट को सबसे कम जानकारी वाला नीतिगत बयान बताया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि ऋण नीति कार्यालय ने वित्त मंत्रालय को नीति का एक विस्तृत मसौदा पेश किया था। हालांकि, उन्हें आदेश दिया गया कि इस रिपोर्ट को शीर्षक सहित केवल 11 पन्नों में ही समेटा जाए। दो वर्षों के राजकोषीय नीति विवरण में बताया गया है कि इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार के कार्यकाल के दौरान लोगों के ऊपर 54,901 रुपए का कर्ज बढ़ा है। जून 2018 में पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण 120,099 ट्रिलियन पाकिस्तानी रुपए था।

## एक साल बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आईं किम की पत्नी जू, प्रेगनेंसी की चर्चा पर लगा विराम

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की पत्नी रि सोल जू बीते एक साल में पहली बार बुधवार को मीडिया के सामने नजर आईं। वह अपने पति किम जोंग उन के साथ एक कंसर्ट में भाग लेने पहुंची थीं। उत्तर कोरिया की सत्ताधारी वर्कर्स पार्टी के अखबार ने किम जोंग उन और उनकी पत्नी की तस्वीरें प्रकाशित की हैं। यह कंसर्ट किम जोंग उन के दिवंगत पिता और देश के पूर्व शासक किम जोंग इल की जयंती पर आयोजित किया गया था।

रि सोल जू अकसर अपने पति के साथ सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आती रही हैं, लेकिन बीते साल जनवरी के बाद से वह नहीं दिखी। अखबार के मुताबिक उन्होंने प्रेगनेंसी की अफवाहों को गलत करार दिया है। एक साल से रि सोल जू के सार्वजनिक स्थलों पर नजर न आने को लेकर यह कयास लगाए जा रहे थे कि शायद वह प्रेगनेंट हैं या फिर उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इस बीच दक्षिण कोरिया की एजेंसी



नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने मंगलवार को बताया था कि रि सोल जू बीते एक साल से कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए घर से बाहर नहीं निकली हैं।

नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने बताया कि वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं और अपने तीन बच्चों के साथ घर पर ही रह रही हैं। किम जोंग उन के तीन बच्चे हैं लेकिन इन बच्चों के बारे में लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है। यही नहीं उनकी तस्वीरें भी नहीं देखी गई हैं। उत्तर कोरिया ने अब तक कोरोना के मामलों की कोई पुष्टि नहीं की है। हालांकि दक्षिण कोरियाई एजेंसी का कहना है कि उत्तर कोरिया में कोरोना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।



इंडोनेशिया के जावा में हुए भूस्खलन के बाद राहत व बचाव काम में लगे आपदा राहत दल के सदस्य। - फोटो

## टूलकिट मामलाः ब्रिटिश सांसद को भारतीय उच्चायोग ने लिखा खुला पत्र

**लंदन।** भारत में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई आवाजें उठी हैं। इनमें से एक हैं ब्रिटिश सांसद क्लॉडिया वेब, जिन्हें लेकर लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक खुला पत्र लिखा है। वेब ने टूलकिट मामले में भारत में गिरफ्तार किए गए कार्यकताओं की रिहाई की हाल में सोशल मीडिया के जरिए मांग की थी। भारतीय मिशन ने लिखे एक खुले पत्र में वेब्ब से कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के ब्रिटिश नागरिकों की ओर से कोई भी आपत्ति सीधे उच्चायोग के सामने उठाएं। पत्र में कहा गया है कि हमने हाल के भारतीय कृषि कानूनों के संबंध में किसी भी निर्वाचन क्षेत्र की चिंताओं



को दूर करने के लिए विस्तृत और समग्र स्पष्टीकरण दिया है। इस कानूनों के खिलाफ भारतीय किसान समुदाय का एक छोटा सा समूह प्रदर्शन कर रहा है।

क्लॉडिया वेब्ब पूर्वी इंग्लैंड में एक अहम ब्रिटिश भारतीय निर्वाचन क्षेत्र लीसेस्टर ईस्ट का प्रतिनिधित्व करने वाली सांसद और विपक्षी लेबर पार्टी की सदस्य हैं। उन्होंने भारत में विरोध प्रदर्शनों को लेकर ब्रिटेन की सरकार के बयान जारी किए जाने की अपील करने वाली ई-याचिका को समर्थन दिया है। इस याचिका पर एक लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

क्लॉडिया ने दिशा रवि और नोदीप कौर के समर्थन में ट्वीट किया था। किसी भी याचिका पर 'हाउस ऑफ कॉमन्स' के वेस्टमिंस्टर हॉल में बहस के लिए कम से कम एक लाख हस्ताक्षरों की आवश्यकता होती है। इस मामले में हाल में जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि को गिरफ्तार किया गया है और वकील निकिता जैकब एवं इंजीनियर शांतनु के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं।

## गुरुदेव टैगोर के ह्यूस्टन आने के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम हुआ

**ह्यूस्टन।** गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के फरवरी 1921 में ह्यूस्टन आने के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर टैगोर ग्रोव स्मारक पर कड़कड़ाती सर्दी के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसी क्रम में गुरुदेव के संगीत और उनकी कविताओं का ऑनलाइन पाठ भी किया गया। टैगोर सोसाइटी ऑफ ह्यूस्टन (टीएसएच) द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ह्यूस्टन के महावाणिज्यदूत असीम महाजन, कुछ आमंत्रित अतिथियों और टीएसएच के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन कोरोना वायरस संक्रमण के कारण लगाए गए प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए किया गया था। ह्यटैगोर ग्रोव मेमोरियलह्न में टैगोर की कांस्य प्रतिमा है, जिसका अनावरण 2013 में एनर्जी कॉरिडोर स्थित रे मिलर पार्क में किया गया था। यह गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगौर की छठी ऐसी आदमकद प्रतिमा है जो उनके जन्म स्थान कोलकाता से बाहर लगी हैं और अमेरिका में यह पहली ऐसी प्रतिमा है।

टीएसएच के अध्यक्ष गोपेंदु चक्रवर्ती के नेतृत्व में संस्था ने अतिथियों का स्वागत किया और टैगोर के सार्वभौमिकता और विश्व शांति के संदेश को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में अपने दूसरे अंतर महाद्वीपीय व्याख्यान दौरे में राइस विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए टैगोर ने एक सदी पहले



ह्यूस्टन की यात्रा की थी। इसकी याद में कार्यक्रम आयोजित करना बेहद अच्छा है। इसने पूरे अमेरिका में उनके साहित्यिक और अन्य कार्यों में काफी रुचि पैदा की। महाजन ने टैगोर के सीमारहित दुनिया के संदेश को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के बीच सांस्कृतिक संबंधों और लोगों के बीच संपर्क गहरा करने के लिए वाणिज्य दूतावास मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित है। टैगोर ग्रोव सार्वभौमिक शांति और प्रेम के प्रतीक के रूप में शहर में सभी समुदायों के लिए समर्पित है। ग्रोव जनता के लिए खोला जाएगा और टीएसएच लोगों के यहां आने और टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित करने का स्वागत करता है। टैगोर पर व्याख्यान देने वाली श्रेया गुहाठाकुरता और वक्ता ब्रातती बंदोपाध्याय ने रविवार को टैगोर की रचनाओं का पाठ किया था।

## ब्लॉगर राय की हत्या मामले में पांच लोगों को मौत की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश में आतंकवाद रोधी एक विशेष अदालत ने जाने माने बांग्लादेशी-अमेरिकी ब्लॉगर अविजीत रॉय की 2015 में हुई हत्या के मामले में सेना के एक



भगोड़े मेजर समेत प्रतिबंधित इस्लामी आतंकवादी समूह के पांच लोगों को मृत्युदंड सुनाया और एक अन्य व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बांग्लादेश में जन्मे 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक रॉय की इस्लामी आतंकवादियों ने उस समय हत्या कर दी थी, जब वह 26 फरवरी, 2015 को ढाका विश्वविद्यालय में एक पुस्तक मेले से निकले थे। इस हमले में उनकी पत्नी राफिदा अहमद भी घायल हो गई थीं। रॉय धार्मिक कट्टरता के विरोधी थे।

जानकारी के मुताबिक ढाका की आतंकवाद रोधी विशेष अदालत के न्यायाधीश मोजिबुर रहमान ने सेना के भगोड़े मेजर सैयद जियाउल हक समेत पांच आतंकवादियों को रॉय की हत्या के मामले में मृत्युदंड सुनाया। हक के अलावा मोहम्मद मोज्जम्मल हुसैन उर्फ सैमोन उर्फ शहरियार, मोहम्मद अबु सिद्दिक सोहेल उर्फ साकिब उर्फ साजिद उर्फ शाहाब, मोहम्मद अराफात रहमान और अकरम हुसैन उर्फ अबीर को भी मृत्युदंड दिया गया। अबीर भी इस समय फरार है। न्यायाधीश ने इन आरोपियों पर पचास-पचास्हजार का जुमार्ना भी लगाया। न्यायाधीश रहमान ने इससे करीब एक ही सप्ताह पहले रॉय के प्रकाशक फैसल अरेफिन दिपोन की हत्या के मामले में निष्कासित मेजर हक समेत आठ इस्लामी आतंकवादियों को मौत की सजा सुनाई थी। दिपोन की 31 नवंबर, 2015 को हत्या की गई थी।

## कोरोना का नया प्रकार 70 फीसदी ज्यादा खतरनाक

**लंदन** । ब्रिटेन के सरकारी वैज्ञानिकों के ताजा शोध में पता चला है कि कोरोना का केंट स्ट्रेन देश में फैल रहा है जो आम कोरोना वायरस से 70 फीसदी ज्यादा घातक हो सकता है। कोरोना के इस नए प्रकार को केंट स्ट्रेन कहा जा रहा है। कोरोना के इस नए स्ट्रेन को केंट इलाके में पाया गया था, इसलिए इसका नाम केंट वेरिएंट रखा गया है। ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने कहा कि दुनियाभर में फैले कोरोना वायरस के अन्य स्ट्रेन की अपेक्षा केंट वेरिएंट 30 से 70 फीसदी ज्यादा घातक है। इस शोध में केंट वेरिएंट की अपेक्षा अन्य कोरोना स्ट्रेन से पीड़ित मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने और उनके मौत की दर की तुलना की गई है।

ब्रिटिश विशेषज्ञ डेविड स्ट्रेन ने कहा कि इस शोध के परिणाम चिंता में डालने वाले हैं। डेविड स्ट्रेन ने कहा, ह्यइस वायरस के तेजी से फैलने की वजह से वे लोग (युवा महिलाएं) भी इसकी चपेट में आ रहे हैं जिनके बारे में पहले बहुत कम खतरा रहता था। ये लोग भी अब अस्पताल जा रहे हैं।ह्न उन्होंने कहा कि पहले वेब में कोरोना की चपेट में सबसे ज्यादा पुरुष आते थे




लेकिन अब महिला और पुरुष मरीजों का यह अनुपात 50ः 50 हो गया है। इस बीच ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सोमवार से यात्रा के नियम कड़े बना दिए गए हैं। इसके तहत 33 उच्च खतरा वाले ह्यरेड लिस्टह्न देशों से ब्रिटेन लौटने वाले लोगों को आवश्यक रूप से होटल में आइसोलेशन में रहना होगा।

नए मानकों का गंभीर उल्लंघन करने वालों को दस साल की जेल और 10 हजार पाउंड तक का जुमार्ना हो सकता है।

यहां आने वाले लोगों को सरकार की तरफ से निर्धारित होटलों में दस दिनों तक आइसोलेशन में रहने के लिए पहले से बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें 1750 पाउंड का भुगतान करना होगा।

## अमेरिकी हवाई ठिकाने को दहलाने वाले इराकी गुट ने धमकाया- आगे भी जारी रहेंगे हमले

**बगदाद।** इराक के कुर्दिस्तान इलाके में अमेरिकी हवाई ठिकाने को रॉकेट हमले से दहलाने वाले इराकी हथियारबंद गुट ने चेतावनी दी है कि 'अमेरिका के कब्जे' के खिलाफ आगे भी हमले जारी रहेंगे। इस भीषण हमले में एक विदेशी सिविलियन ठेकेदार की मौत हो गई थी और नौ अन्य लोग घायल हो गए थे, जिसमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। बताया जाता है कि यह पिछले एक साल में होने वाला सबसे भीषण हमला है।



अधिकारियों ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि यह रॉकेट सोमवार देर रात इरबिल शहर से दागे गए थे। इस रॉकेट हमले की जिम्मेदारी शिया विद्रोही गुट अवलिया अल-डैम या खून के रखवाले संगठन ने ली है। पिछले एक साल में ऐसे कई गुट सामने आए हैं, जो यह दावा करते हैं कि उन्होंने अमेरिकी ठिकाने पर हमला किया है, लेकिन अमेरिकी और इराकी खुफिया संगठनों का मानना है कि ये सभी ईरान समर्थक कतैब हिज्बुल्ला और असैब अहल अल-हक के सदस्य हैं।

अवलिया अल-डैम ने धमकी दी है कि अमेरिकी कब्जा कुर्दिस्तान में भी हमारे हमले से सुरक्षित नहीं रहेगा। हम वादा करते हैं कि आगे और ज्यादा भीषण हमले होते रहेंगे। इससे पहले उत्तरी इराक में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास रॉकेट हमलों में अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के एक सदस्य की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए थे। इस हवाईअड्डे के पास ही में अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है।

गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल वायने मारोटो ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि कुर्द-संचालित क्षेत्र में इरबिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और नजदीक स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे के बीच रात करीब साढ़े नौ बजे कम से कम तीन रॉकेट दागे गए।

हमले की तत्काल किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। उन्होंने बयान में कहा कि इसमें गठबंधन के एक असैन्य कॉन्ट्रैक्टर की मौत हो गई है। हमले में अमेरिकी सेवा से जुड़ा एक कर्मचारी भी घायल हो गया है। उन्होंने मारे गए कॉन्ट्रैक्टर की नागरिकता उजागर नहीं की है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है। कुर्दिस्तान के गृह मंत्रालय ने बताया कि प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार कई लोग घायल हुए हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि कम से कम दो असैन्य नागरिक भी घायल हुए हैं। गाड़ियां और अन्य संपत्ति भी हमले में क्षतिग्रस्त हुई हैं।

उन्होंने बताया रॉकेट किरकुक प्रांत से लगी सीमा के पास इरबिल के दक्षिण से एक क्षेत्र से दागे गए थे, जो हवाईअड्डे के पास आवासीय इलाकों में आकर गिरे। इराक के राष्ट्रपति बरहाम सालेह ने हमले की निंदा करते हुए इसे 'तनाव बढ़ने' का एक संकेत बताया। वहीं, कुर्दिश अधिकारियों ने इरबिल के लोगों से प्रभावित इलाकों से दूर और घर में ही रहने की अपील की है।

## उत्सुल मुस्लिमों के उत्पीडन में जुटा चीन

**सान्या।** उइगर मुस्लिमों पर कहर ढाने वाला चीन अब उत्सुल मुस्लिमों की पहचान को खत्म करने में जुट गया है। दक्षिण चीन सागर से सटे चीन के सान्या शहर में रहने वाले 10 हजार उत्सुल मुस्लिमों पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने दमन की सारी हदें पार कर दी हैं। उत्सुल मुस्लिमों को मस्जिदों पर लाउडस्पीकर नहीं लगाने दिया जा रहा है। नई मस्जिदों का निर्माण रोक दिया गया है। इसके साथ ही अरबी पढ़ने पर बैन लगा दिया गया है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की पूरी कोशिश है कि उत्सुल मुस्लिमों की धार्मिक पहचान खत्म हो जाए और वे चीनी ह्यलाल रंगह्न में रंग जाएं। हैनान द्वीप पर बसे इस शहर में कम्युनिस्ट पार्टी ने विदेशी प्रभाव और धर्मों के खिलाफ एक मुहिम सी चला रखी है। स्थानीय धार्मिक नेताओं ने बताया कि इससे पहले चीनी प्रशासन उत्सुल मुस्लिमों को उनकी पहचान बनाए रखने का समर्थन करता था, लेकिन शी जिनपिंग की सरकार आने के बाद अब उत्सुल मुस्लिमों की पहचान को खत्म करने की मुहिम शुरू हो गई है। कम्युनिस्ट पार्टी की अब कोशिश है कि पूरे चीन में एक ही संस्कृति हो और सभी उसे मानें।

उधर, कम्युनिस्ट पार्टी का दावा है कि चीन में मुस्लिम समुदाय पर लगाई गई पाबंदियों का उद्देश्य हिंसात्मक धार्मिक अतिवाद पर काबू पाना है। चीनी प्रशासन ने उइगर मुस्लिमों के खिलाफ अपने अभियान को इसी आधार पर न्यायोचित ठहराया है। अमेरिका के मेरीलैंड में चीन के मुस्लिमों के विशेषज्ञ प्रफेसर मा हैयून कहते हैं उत्सुल मुस्लिमों पर कड़ा नियंत्रण स्थानीय समुदायों के खिलाफ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वास्तविक चेहरे को उजागर करता है। यह सरकार के नियंत्रण को मजबूत करना है और यह पूरी तरह से इस्लाम विरोधी है।

हालांकि चीन इसका खंडन करता है। चीन में शी जिनपिंग की सरकार आने के बाद मस्जिदों को तोड़ने, उनके गुंबदों को बर्बाद करने और उइगर मुस्लिमों के खिलाफ दमन काफी बढ़ गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ट्रॉमा सेंटर सहित सात सूत्रीय मांगों के लिए नो दिन धरने के बाद कल से आमरण अनशन होगा: महेंद्र मीना

» मदरलैंड, रमेश चंद शर्मा

राजगढ़। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ के बाहर पिछले नो दिनों से धरना दिया जा रहा है लेकिन राज्य सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक कदम नही उठाया गया है। आम आदमी पार्टी अलवर जिला अध्यक्ष महेंद्र मीना ने बताया कि राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हम धरना दे रहे है लेकिन प्रदेश की गहलोत सरकार जनता के स्वास्थ्य पर जरा भी सीरियस नही है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी है तो अशोक गहलोत क्यों नही दे सकते। राजस्थान की जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें इसके लिए आम आदमी पार्टी राजस्थान में प्रयासरत है। वर्ष 2020 ने पूरे देश के लिए कोरोना जैसी महामारी से निपटने के लिए सोचने पर मजबूर किया है ऐसे में राजस्थान सरकार को चाहिए कि जनता के लिए बेहतर सेवाएं दे सकें।

महेंद्र मीना ने बताया कि हमने राजगढ़-रैणी व लक्ष्मणगढ़ के आस-पास की जनता से हस्ताक्षर अभियान चलाकर सात सूत्रीय मांगपत्र ज्ञापन के रूप में स्वास्थ्य मंत्री राजस्थान सरकार को अगस्त माह में उपखण्ड अधिकारी राजगढ़ के माध्यम से भिजवाया था लेकिन उसका कोई असर नही होता देख कर हमने दिनांक 9 फरवरी 2021 से 17 फरवरी तक कार्मिक धरना दिया लेकिन सरकार की तरफ से कोई ठोस कदम नही उठाया इसलिए कल दिनांक 18 फरवरी 2021 सुबह 10 बजे से राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजगढ़ के बाहर आमरण अनशन किया जाएगा। महेंद्र मीना ने बताया कि हमारी सात सूत्रीय मांग इस प्रकार है

**1.** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में ट्रॉमा सेंटर स्थापित किया जाए एवं बैडों की संख्या 200 की जाए।

**2.** महिला चिकित्सालय राजगढ़ में आईसीयू/एनआईसीयू स्थापित किया जाए ताकि नवजात शिशुओं को आपातकालीन स्थति में लाभ मिल सके।

**3.** राजगढ़-रैणी व लक्ष्मणगढ़ उपखंडों पर चिकित्सकों के लिए बेहतर स्टाफ क्वार्टस की व्यवस्था की जाए जिसमे जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों।

**4.** राजगढ़-रैणी व लक्ष्मणगढ़ तहसीलों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत रिक्त पदों को तुरंत प्रभाव से भरा जाए।

**5.** राजगढ़-रैणी व लक्ष्मणगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी जाँच मशीनें लगाई जाएं एवं जहां लगी है उनको तुरंत प्रभाव से चालू करवाया जाए।

**6.** राजगढ़-रैणी व लक्ष्मणगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल बैडों की संख्या 100 की जाए।

**7.** महिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं के लिए नर्सरी की व्यवस्था की जाए। आम आदमी पार्टी यह मांग करती है कि उपरोक्त सभी मांगों को जनहित में जल्द स्वीकार की जाए ताकि अलवर व जयपुर हॉस्पिटलों में लोड कम होने के साथ यहां की लोकल जनता को लाभ मिल सके।

आम आदमी पार्टी अलवर जिला अध्यक्ष महेंद्र मीना ने कहा कि इन सभी मांगों की पूर्ति होने पर आस-पास के राजगढ़-रैणी-लक्ष्मणगढ़-बसवा-बांदीकुई-मंडावर-महुआ-टहला की लगभग 5 लाख जनता को सीधे लाभ मिलेगा। यदि उपरोक्त मांगों की पूर्ति के लिए मौत को भी गले लगाना पड़े तो भी हम तैयार है लेकिन प्रयास अब यही है कि आपातकालीन स्तथि में जान नही जाएगी।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ने बहरोड़ में बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन किया



» मदरलैंड संवाददाता

बहरोड़। कस्बे में बीजेपी कार्यालय का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री डा. जसवंत यादव ने नारनौल रोड़ स्थित ओम हॉस्पिटल के पास बीजेपी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर दीपक शर्मा भाजपा आईटी सोशल मीडिया प्रभारी, अजीत ठेकेदार, शिवचरण जिला उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष संजय मीर, अरुण सिंह चौहान, अश्वनी टाइगर, सुनील, रवि कांत शर्मा, संजय मुन्ना खोहरी, रामनरेश यादव, मन्नू सैनी, रामबाबू, नवदीप, लक्की गुज्जर, श्रीराम, सतीश, डी.के यादव, सतीश नीमोरिया, जगरूप सरपंच, जगराम, हंसराज प्रजापत सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ जनजागरूकता अभियान शिविर का आयोजन

मदरलैंड, सुनील शर्मा। नारायणपुर। कस्बा के वार्ड नंबर 9 मोहल्ला राजपुरा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र नंबर 3 में श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति एनजीओ के द्वारा बुधवार को एक दिवसीय जनजागरूकता अभियान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायणपुर ग्राम पंचायत सरपंच मन्नी देवी, विशिष्ट अतिथि सरपंचपति प्रहलादराम सैनी, वार्डपंच निर्मला देवी तथा अध्यक्षता समिति अध्यक्ष वैद्य भवानीशंकर शर्मा एवं मंच संचालन सचिव सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का संगठन मंत्री अशोक सोनी एवं आशा सहयोगिनी पिंकी मीना व गौरा पारीक द्वारा माला पहनाकर जोश जुनून और जज्बे के साथ भव्य स्वागत किया गया। जनजागरूकता शिविर के अंतर्गत पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा, वृद्धि निगरानी तथा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, संदर्भ सेवाओं के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबन बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर समिति सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि ₹आपणो मोहल्लों आपणी आंगनवाड़ी₹ के तहत ग्रामीणों को एकजुट होकर विकास कार्य तथा जनचेतना के कार्यक्रमों में सहयोग करने की अपील की एवं कार्यक्रम के उपरांत केले वितरण किए गए। इस मौके पर सरपंच मन्नी देवी, प्रहलादराम सैनी, अध्यक्ष वैद्य भवानीशंकर शर्मा, आशा सहयोगिनी पिंकी मीना, सचिव सुनील कुमार शर्मा, संगठन मंत्री अशोक सोनी, कार्यकर्ता गौरा पारीक, मीरा देवी, वार्डपंच निर्मला देवी, रामेश्वर दयाल, हेमंत शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद थी।

### कॉविड-19 के तहत चल रहे टीकाकरण में 210 शिक्षकों के टीके लगाए



मदरलैंड, अशोक भारद्वाज, कठूमर। राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कठूमर के चिकित्सा प्रभारी डॉ हेमंत वर्मा ने बताया कि बुधवार को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में शिक्षकों को टीके लगाए गए। शाम तक 210 शिक्षकों व अधिकारियों के सफलतापूर्वक टीके लगाए गए। अधिकारियों में टीकाकरण के प्रति उत्साह देखा गया। इस मौके पर सीबीईओ योगेंद्र सिंह कुशवाह, एसबीईओ उमेश जैन व मनोज शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की शर्मिला एएनएम, डीईओ लोकेश मिश्रा आदि सहित ब्लॉक के शिक्षक मौजूद रहे।

### आमजन के कार्यों में विलंब करने वाले अधिकारियों को दिखाया जाएगा जिले से बाहर का रास्ता: मंत्री जूली

मदरलैंड संवाददाता, अलवर। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने बुधवार को अपने पैतृक गांव काठूवास में जनसुनवाई कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। श्रम राज्य मंत्री जूली ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ आमजन के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है साथ ही नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर गुड गवर्नेंस देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में राज्य सरकार जीरो टॉलरेन्स की नीति पर काम कर रही है जो अधिकारी आमजन को अनावश्यक परेशान करते हैं और बिना वजह आमजन के कार्यो में विलंब करते है उनको जिले से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान श्रम मंत्री को ग्राम पंचायत हुडियां कला, परतापुर एवं काठूवास के सरपंच एवं ग्रामीणों ने हाईवे के लिए अवाप्त की जा रही किसानों की भूमि का मुआवजा सीमावृति पडौसी राज्य हरियाणा की तर्ज पर दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ग्राम काठूवास के ग्रामीणों ने सरकारी स्कूल, उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा श्मशान घाट तक जाने के लिए गांव से गुजर रही रेलवे लाइन के ऊपर फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग की साथ ही ग्रामीणों ने गोचर भूमि की पैमाइश तथा अवैध अतिक्रमण को हटवाने के लिए भी श्रम मंत्री को अवगत कराया इस पर श्रम राज्य मंत्री ने इस संबंध में उच्च स्तर पर बात कर समस्या के शीघ्र निस्तारण का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई में सामाजिक पेंशन एवं खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के साथ पुलिस और श्रम विभाग से जुड़े विभिन्न प्रकरण आये। मंत्री जूली ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि कोई भी अधिकारी अनावश्यक परेशान करें तो तुरन्त अवगत करावे।

# बहरोड़ प्रशासन पंगू हो गया और पुलिस निष्क्रिय: पूर्व मंत्री जसवन्त यादव



» मदरलैंड, सुनील जालेन्द्रा

बहरोड़। पूर्व मंत्री जसवन्त यादव ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बहरोड़ प्रशासन बन गया है और पुलिस निस्क्रिय हो गई है। भाजपा कार्यकर्ता पुलिस को जगाने के लिए तीन मार्च को विशाल जन आक्रोस सभा करेंगे और पैदल थाने तक जाकर धरना देकर बैठेंगे। पूर्व मंत्री जसवन्त यादव ने कुछ दिन पूर्व मोहित यादव पर हुए हमले का आरोप वर्तमान विधायक बलजीत यादव पर लगाते हुए कहा कि मोहित को मरवाने के लिए बलजीत यादव ने कातिलाना हमला करवाया है। पुलिस ने 11 मुल्जिम बनाये थे और विधायक का भी नाम है। जिसमें से पुलिस ने सात मुल्जिमों को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन चार मुल्जिम अभी भी गिरफ्तार नहीं किये गये हैं। विधायक का नाम आने से सीबी-सीआईडी से जॉच करवाई जा रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि बहरोड़ में अराजकता का माहौल बन गया है। पूरे राजस्थान में बहरोड़ के नाम घबराहट होने लगी है। हर गॉव में गेंग के आरोपी हैं, हर गॉव में हथियार हैं, बहरोड़ गुनाह का अड्डा बन गया है, कातिलों का अड्डा बन गया है। जिससे आम आदमी परेशान है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस असली मुल्जिम को पकड़ना चाहे तो तुरंत पकड़ सकती है लेकिन पुलिस विधायक के दबाव में रहती है। आम आदमी शिकायत करने जाये तो विधायक के दबाव मेंं शिकायत कर्ता को थर्ड डिग्री टार्चर करती है। हमारे सांसद ने सैनिक स्कूल पास करवाया था वो मालाखेड़ा चला गया। केन्द्रिय विद्यालय मंजूर करवाया वो रैणी चला गया।

#### पत्रकार सवाल

पत्रकार ने जसवन्त यादव से पूछा कि पूर्व में गोकुलपुर में डेयरी मामले और राकेश हत्याकाण्ड में कोई नेता आगे नहीं आया और किसी ने धरना प्रदर्शन नहीं किया गया। अब जब एक पूर्व मंत्री के बेटे पर हमला हुआ तो सारी पार्टी के लोग आ गये। धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

#### पूर्व मंत्री जसवन्त सिंह का जवाब

उस समय सभी मुल्जिम पकड़े गये थे और राकेश हत्याकाण्ड में जॉच करवाई थी। आज मुल्जिम नहीं पकड़े जा रहे हैं। इसलिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

#### पत्रकार सवाल

जनता में ये खराब मैसेज जा रहा है कि जो भी नेता चाहे पूर्व मंत्री हो या वर्तमान विधायक हो केवल गाली-गलोच और छींटा कसी करते रहते हैं।

#### पूर्व मंत्री जसवन्त यादव का जवाब

रिकोर्ड निकलवाकर देखलो सबसे पहले बलजीत यादव ने बसई से गन्दी गालियां देना शुरू की हैं अगर मैने दी हैं तो फांसी के तख्त पर चढ जाउंगा। आगे वो जितनी भी गंदी गालिया देले मैं गन्दी गालियां भी नहीं देने वाला।

#### पत्रकार सवाल

बलजीत यादव कहते है कि सामुहिक प्रेस वार्ता होनी चाहिए जिसमें सामने पूर्व जसवन्त सिंह याद हो।

#### पूर्व मंत्री जसवन्त यादव का जवाब

मेरा मुद्दा सिर्फ ये है कि अराजकता बन्द होनी चाहिए, कातिल पकड़े जाने चाहिए, लूट खसोट बन्द होनी चाहिए, हत्याएं बन्द होनी चाहिए, भ्रस्टाचार बन्द होना चाहिए, बहरोड़ का माहौल सुधरना चाहिए। मैं इस लेवल का मानता ही नहीं कि मै उससे बहस करूंगा।

# राजस्थान कानूनगो संघ ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## कोटवार संघ की मांगों का किया समर्थन



» मदरलैंड, अशोक भारद्वाज

कठूमर। राजस्थान कानूनगो संघ उपशाखा कठूमर ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए 15 फरवरी को पटवारियों द्वारा किए गए गांधी वादी मार्च के विरुद्ध लाठीचार्ज की निंदा की है और अपना समर्थन पटवारियों के प्रति जाहिर किया है।

कानून संघ उपशाखा कठूमर के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में दिया गए ज्ञापन में बताया कि पटवारियों ने 15 फरवरी को गांधी वादी मार्ग पर चलते हुए विधानसभा पहुंचकर अपनी मांगों को विधानसभा अध्यक्ष से अवगत कराना था। लेकिन सरकार एवं पुलिस प्रशासन द्वारा गलत मंशा से पटवारियों के शांतिपूर्ण पैदल मार्च को सरकार द्वारा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बल प्रयोग कर रोक दिया गया। और लाठीचार्ज किया गया। जिसकी कानूनगो संघ निंदा करता है। और दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए पटवारी संघ की मांगों का समर्थन करता है।

इस मौके पर ओमप्रकाश, बाबूलाल मीणा, रामकेश मीना, छोटेलाल मीना आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति कमजोर नहीं जरूरत है दृढ़ इच्छाशक्ति की: श्रीमती हरित

## विप्र परशुराम शक्ति ने महापुरुषों की जीवनी संबंधित पुस्तकों का किया वितरण



» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

जयपुर। विप्र परशुराम शक्ति की कोटा इकाई द्वारा बसन्त पंचमी का त्योहार स्वामी विवेकानन्द बालिका निकेतन में बड़ी धूम धाम से मनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जानकारी प्रदान करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रेखा हरित ने कहा कि विप्र परशुराम शक्ति की प्रधान अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य सरस्वती देवकृष्ण गौड़ के निदेर्शानुसार कोटा इकाई के द्वारा बसन्त पचमी का ये त्योहार मनाया गया है। श्रीमती हरित ने विद्यालय की छात्राओं सम्बोधित करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं को बेहतर साबित कर चुकी नारी शक्ति यदि ठान ले तो हर कार्य सम्भव करके दिखला सकती है। नारी शक्ति किसी भी रूप में कमजोर नहीं है बस जरूरत है दृढ़ इच्छाशक्ति की।

इस अवसर पर मधु शर्मा ,नीता शर्मा ,मंजू गौड़,उषा शर्मा,चंद्रेश शर्मा,जागृति गौड़ ,सुदेश शर्मा ,मोहंकान्ता शर्मा,शीला ,ज्योति गौतम ,बरखा शर्मा आदि मातृशक्ति ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

# भामाशाह सेठ श्रीधर गुप्ता ने किया मंथन स्पेशल स्कूल का दौरा

» मदरलैंड, संवाददाता




बहरोड़। मंथन फॉउन्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के निःशुल्क विद्यालय मंथन स्पेशल स्कूल में बुधवार को भामाशाह मुम्बई निवासी श्रीधर सेठ ने दौरा किया एवं दिव्यांग बच्चों से रूबरू हुए। इस अवसर पर डा. सविता गोस्वामी एवं डा. पीयूष गोस्वामी ने बच्चों के रिहैबिलिटेशन, रोजगार प्रशिक्षण एवं शिक्षा के लिए किए जा रहे फाउंडेशन के प्रयासों एवं कार्यप्रणाली से अवगत कराया। साथ ही इनसे बच्चों में होने वाले सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी। अपने वक्तव्य में श्रीधर द्वारा आवश्यक इक्विपमेंट सहित अन्य सहायता प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया। अतिथियों ने मंथन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की एवं शुभकामनाएं दी। स्पेशल स्कूल के बच्चों द्वारा आये हुए अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह भेंट किये गए। कार्यक्रम में सेठ श्रीधर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, वैश्य समाज अध्यक्ष किशन लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष शंकर अग्रवाल, इंद्र मल दीवान, रामकला यादव, मंथन स्टाफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। अग्रिम जानकारी देते हुए डॉ. गोस्वामी ने बताया कि मंथन स्पेशल स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह रविवार 21 फरवरी को मनाया जाएग। मंथन स्पेशल स्कूल के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव एवं दिव्यांग सारथी समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिव्यांग बच्चों की निःशुल्क शिक्षा, रिहैबिलिटेशन एवं रोजगार प्रशिक्षण के लिए सहयोग देने वाले दानदाताओं को मंथन दिव्यांग सारथी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य जन हिस्सा लेंगे।

# ब्राह्मण विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त विषयो की मिली स्वीकृति: श्रम मंत्री जूली

## ग्रामीणों ने जताया श्रम मंत्री टीकाराम जूली का आभार

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी ब्यूरो चीफ

अलवर। श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली के प्रयासों से जिले के अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो विद्यालयों में अतिरिक्त विषय एवं एक विद्यालय में अतिरिक्त संकाय खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व ही श्रम मंत्री जूली इन विद्यालयों में पहुंचे थे ग्रामीणों की मांग पर एवं विद्यार्थियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त विषयो की स्वीकृति श्रम मंत्री के अथक प्रयासों के बाद मिली है। ग्रामीणों ने श्रम मंत्री जूली का आभार जताया है। श्रम राज्य मंत्री जूली के अनुसार राज्य सरकार ने बजट घोषणा की अनुपालना में अलवर जिले के पाँच उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिरिक्त विषय एवं एक विद्यालय में अतिरिक्त संकाय खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। श्रम राज्य मंत्री जूली ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट घोषणा के तहत जिले के रा.उ.मा.वि महुआ खुर्द में इतिहास व भूगोल, रा.उ.मा.वि बहादुरपुर में जीव विज्ञान, रा.उ.मा.वि नांगल खोडिया में भूगोल, रा.उ.मा.वि गण्डाला में भूगोल एवं गृह विज्ञान एवं रा.उ.मा.वि मांढण में गणित का अतिरिक्त विषय खोलने तथा रा.उ.मा.वि बासनी में अतिरिक्त विज्ञान संकाय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है।

# संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर किसान महापंचायत का आज किया जाएगा आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

रायसिंहनगर। धानमंडी में आने वाली 18 फरवरी को होगी संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर केंद्र सरकार के द्वारा जारी किए गए तीन कृषि काले कानूनों का विरोध और एमएसपी गारंटी कानून बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर नई धान मंडी में किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत में श्रीगंगानगर जिले से सहित अन्य जिलों और अन्य राज्यों से भी हजारों की संख्या में किसान पहुंचेंगे इस किसान महापंचायत को समर्थन देने के लिए कई संगठनों ने किसान पंचायत को समर्थन दिया तो वही रायसिंहनगर व्यापार मंडल और मजदूरों संघ के द्वारा भी समर्थन दिया गया पदाधिकारियों ने बताया कि इस दिन पूरे जिले में पूर्णता अनाज मंडी बंद रखी जाएगी और कृषि जिंसों की नीलामी भी नहीं होगी इस दिन पंचायत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में इकट्ठे होकर तीनों कानूनों का विरोध किया जाएगा और मोदी सरकार का विरोध किया जाएगा व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित सिंघल और कोषाध्यक्ष मुकेश गोयल ने बताया कि इस कानूनों से व्यापार पर तो असर पड़ेगा ही साथ ही साथ अनाज मंडियों से हजारों की संख्या में मजदूरों के परिवारों का पालन पोषण होता है इन कानूनों से लागू होने से



उन हजारों की संख्या में मजदूरों और व्यापारी तबाह हो जाएंगे मोदी सरकार कुछ गिने-चुने बड़े राजघराने और बड़े बिजनेस मैन ओं को लाभ पहुंचाने के लिए इस कानून पर अड़ी हुई है तो वही हमारा समर्थन भी इस किसान महापंचायत को दिया जाता है हम सरकार और कृषि मंत्री से आग्रह करते हैं कि इस कानून को रद्द किया जाए तो वहीं किसान नेता शपथ मेघवाल ने बताया कि आज हमने दर्जनों भर गांवों में घूम घूम कर 18 फरवरी को किसान महापंचायत सफल बनाने के लिए गांवों में प्रचार प्रसार किया उम्मीद है उम्मीद से ज्यादा किसानों की हजारों की संख्या में भीड़ देखने को मिलेगी हम तब तक आंदोलन का समर्थन करेंगे जब तक सरकार के द्वारा अपना रही अडेल पर विचार नहीं कर लेती और तीनों कृषि कानूनों को रद्द नहीं किया जाता तब तक हम और हमारा सुमित किसान मोर्चा आंदोलन की राह पर है गा इस महापंचायत में कई राष्ट्रीय स्तर के भी किसान नेता देखने को मिलेंगे किसान महापंचायत को दिया समर्थन किसान महापंचायत में हजारों की तादाद में जुटेंगे किसान केंद्र सरकार व तीनों कृषि कानूनों का करेंगे विरोध राष्ट्रीय स्तर के कई बड़े किसान नेता होंगे महापंचायत में शामिल किसान नेता स्योपात मेघवाल, कालू थोरी,किसान संगठन प्रतिनिधियों ने दी जानकारी।

# पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता से दिया यातायात नियमों का संदेश

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। आनन्द स्वरुप आर्य सरस्वती विद्या मन्दिर में 84 उत्तराखण्ड बटालियन एनसीसी कैडेटो ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य मे प्रथम दिन पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 30 जेडीजेडब्लू एवं 35 एसडीएसडब्लू. कैडेटो ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इससे पूर्व विभिन्न दिवसों पर कैडेटो ने स्वच्छता अभियान विषय पर संगोष्ठी, वाद-विवाद में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। 84 उत्तराखण्ड बटालियन एनसीसी रूड़की के कमान अधिकारी कर्नल राजेन्द्र सिह ने एनसीसी कैडेटो को प्रेरित करते हुये कहा कि प्रत्येक वर्ष सड़क दुर्घटनाओं मे बडी संख्या मे लोग अपनी जान गवां देते है और उससे भी बड़ी सख्या मे लोग दुर्घटनाओ के कारण गंभीर रुप से जख्मी व विकलांग हो जाते है। प्रत्येक एनसीसी कैडेट की जिम्मेदारी है कि सामाजिक गतिविधियो एवं सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के माध्यम से दुर्घटनाओ को रोकने मे अपनी मत्वपूर्ण भूमिका निभा कर इस पर अकुंश लगाये और स्वयं भी नियमो का पालन करे। पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुये प्रधानाचार्य अमरदीप सिंह कहा कि प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य है कि वह सड़क पर चलते अथवा वाहन चलाते समय पूरी ईमानदारी से नियमो का पालन करें। ताकि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओ पर रोक लगाकर जान माल की हानि को रोका जा सके। छात्रों को वाहन का प्रयोग करते समय निर्धारित आयु सीमा वाहन गति, हेलमेट, सीट बेल्ट आदि नियमो का पालन पूरी जिम्मेदारी से करना चाहिये। नियमो के पालन को लोगो को जागरूक करने मे कैडेट अपना योगदान दे। उप प्रधानाचार्य मोहन सिंह मटियानी ने सभी कैडेटो को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश देते हुये आयोजन के लिये शुभकामनाये दी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य प्रशासन कलीराम भट्ट, आशूतोष शर्मा, शमा अग्रवाल, जसवीर पुंडीर, लेफ्टिनेंट विशाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी टीओ नीरज नौटियाल, 84 बटालियन के सूवेदार वीरेन्द्र सिंह हवलदार रंजीत, रविकपूर, गोपाल शर्मा, कैडेट हर्ष त्यागी, अनमोल, चांदवीर, नितिन, आदित्य, आर्यन, लक्ष्मी रावत, एलिस, आयुषि, चार्ली, विधि, वशिका मौजुद रहे।

## व्यापार मंडल ने किया कोतवाल का सम्मान

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों, सदस्यों ने कोतवाली सिविल लाइंस में इंस्पेक्टर राजेश साह और स्टाफ को नकली नोट बनाने वाले ओपी को गिरफ्तार करने पर सम्मानित किया। व्यापारियों ने कहा कि नकली नोट बनाने वाले बाजार में नकली नोट बनाकर चलाते हैं और बैंक दोषी व्यापारी को ठहरा देता है। कोतवाली सिविल लाइंस के इस पदार्फाश से व्यापारियों में खुशी है और यह है विश्वास मजबूत हुआ है कि पुलिस अपना काम तत्परता से कर रही है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष चैधरी धीर सिंह, महानगर महामंत्री दीपक अरोड़ा, महानगर महामंत्री कविश मित्तल, अजय गुप्ता, नवीन गुलाटी, रामगोपाल कंसल, रतन अग्रवाल, आदर्श कपानिया, प्रदीप अग्रवाल, रमेश ओबरॉय, डॉ. तौफीक अहमद, विकास बंसल, भरत कपूर, युवा व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सार्थक छाबड़ा, गौरव मेहंदीरत्ता, अंकित कालरा आदि मौजूद रहे।

## छात्रृवत्ति कोटा बढ़ाने पर एससी मोर्चा ने जताया सरकार का आभार

» मदरलैंड संवाददाता



देहरादून। मोदी सरकार द्वारा एससी-एसटी छात्रों की छात्रवृत्ति का कोटा 600 करोड़ से बढ़ाकर 11 हजार करोड़ रुपये किए जाने पर भाजपा एससी मोर्चा ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इसे एससी समाज के गरीब छात्रों के लिए सरकार का बड़ा कदम बताया है। मोर्चा ने राजधानी देहरादून में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बंशीधर भगत व प्रदेश महामंत्री सुरेश भट्ट को आभार पत्र सौंपा। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अम्बादत आर्य ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एतिहासिक बजट पेश किया है। मोदी सरकार द्वारा जारी बजट में हर वर्ग का पूरा ख्याल रखा गया है, हर वर्ग को कुछ न कुछ दिया गया है। सबसे ज्यादा खुशी की बात बजट में एससी-एसटी के गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कोटा 600 करोड़ से बढ़ाकर 11 हजार करोड़ रुपये किया जाना है। अम्बादत आर्य ने कहा कि इससे समाज के गरीब छात्रों की हालत सुधरेगी और वह बिना किसी टेंशन एक अच्छे माहौल में उच्च शिक्षा ग्रहण कर आईएएस, आईपीएस, इंजीनियर, डॉक्टरी व अन्य क्षेत्रों की तैयारी कर सकेगें। प्रदेश मंत्री चतरसेन ने कहा कि छात्रवृत्ति कोटा बढ़ाकर मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह भी साफ कर दिया है कि भाजपा पूरी तरह से एससी-एसटी समाज की हितैषी बनकर उसके साथ खड़ी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बंशीधर भगत ने मोर्चा के लोगों को समाज के बीच पहुंचकर इसका प्रचार करने और मिशन 2022 की तैयारियों में जुट जाने का आहवान किया। कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास की नीति पर आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय कुमार, जिला मंत्री आशीष कुमार लाठरदेवा भी मौजुद रहे।

**संक्षिप्त समाचार**

## दिव्यांग बच्चों को दिए गए सहायता उपकरण

मदरलैंड संवाददाता, मंगलौर। बीआरसी नारसन मंगलौर में बुधवार को दिव्यांग बच्चों को सहायता उपकरण वितरित किये गये। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का पंजीकरण भी किया गया। जिन्हें आगामी शिविर में सहायता उपकरण वितरित किए जायेंगे। मोहल्ला किला स्थित बीआरसी कार्यालय पर दिव्यांग बच्चों को सहायता उपकरण उपलब्ध कराने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय हाईस्कूल मोहल्ला किला के प्रधानाचार्य अताउर्रहमान ने सरस्वती मां के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 37 दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किये गये। जिला समन्वयक दरबान सिंह भंडारी ने दिव्यांग बच्चों के जीवन में आने वाली समस्याओं को सुलझाने व सहायता उपकरण को प्रयोग करने के तरीके समझाये। रिसोर्स पर्सन साधना शर्मा ने दिव्यांग बच्चों को प्रेरित कर उन्हे विद्यालय में नामांकन हेतू प्रोत्साहित किया। एलिम्को कानपुर से आये श्रीकांत पांडेय, डॉ. कमल नयन, मोहित कुमार, बृजवासी ने दिव्यांग बच्चों को 23 व्हील चेयर, 3 ट्राय साईकल, 9 सीपी चेयर, 2 क्रेच, 4 रोलेटर, 8 कान मशीन, 7 कैलिपर आदि वितरित किये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप शिक्षा अधिकारी नारसन बृजपाल सिंह राठौर ने प्रतिभाग किया। इनके अलावा कार्यक्रम में संदीप कुमार, वीर सिंह, वसीम अहमद अहमद, तस्लीमा कुरैशी, कुन्तला गुप्ता, अरविन्द शर्मा, प्रदीप कुमार, ललित कुमार, ऋषिपाल, कल सिंह राठौर, शरद शर्मा, मासूम अली, नईम अहमद ने सहयोग दिया।

## टोल प्लाजा पर अब फास्टैग आनिवार्य

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। भगवानपुर क्षेत्र के करौंदी स्थित टोल प्लाजा पर फास्टैग की अनिवार्यता लागू कर दी गई। अब किसी भी वाहन को बिना फास्टैग के अनुमति नहीं दी जा रही है। जिन गाड़ियों पर फास्ट टैग नहीं लगा था, उनके लिए अच्छी बात यह रही कि टोल प्लाजा पर स्टाल लगा रहे विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों ने समस्या का हाथोंहाथ समाधान कर दिया। वहीं, फास्टैग की अनिवार्यता के चलते स्थानीय लोगों के लिए निशुल्क एंट्री की व्यवस्था खत्म हो गई है। बुधवार को कई बार ग्रामीणों व टोल प्लाजा कर्मियों के बीच नोकझोक भी हुई। प्रदेश में टोल प्लाजा पर फास्टैग अनिवार्य हो गया। अब किसी भी ऐसे वाहनों को टोल प्लाजा से नहीं गुजरने दिया जा रहा है, जिस पर फास्ट टैग न लगा हो। जिन वाहनों ने बिना फास्टैग गुजरने की कोशिश की। उनसे दोगुना चार्ज लिया गया, लेकिन दिल्ली-देहरादून हाईवे पर करौंदी स्थित टोल प्लाजा पर बैंकों के प्रतिनिधियों की ओर से लगाए जा रहे फास्टैग के चलते अधिकांश लोगों को अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ा। बुधवार को कई बार टोल कर्मियों व ग्रामीणों के बीच नोकझोक भी हुई। टोल प्लाजा के मैनेजर पंकज कुमार ने बताया कि अधिकांश वाहनों पर हाथोंहाथ फास्ट टैग लगाए जा रहे हैं। अब स्थानीय लोगों को भी फास्टैग के जरिये टोल टैक्स देने पर ही गुजरने दिया जा रहा है। यूं तो फास्टैग लागू होने पर अब सभी को टोल टैक्स देना पड़ रहा है। इनमें स्थानीय लोग भी शामिल है, जिन्हें अभी तक महज आधार कार्ड दिखाने पर एंट्री मिल रही थी। अब आसपास के बीस किमी के दायरे में रहने वाले लोगों के लिए 275 रुपये के टैरिफ की व्यवस्था लागू की गई है। मैनेजर पंकज कुमार ने बताया कि स्थानीय लोग इस टैरिफ से महीने में अनलिमिटेड आवाजाही कर सकते हैं।

## हरियाणा से धरा गया एटीएम उखाड़ने वाला गिरोह

» मदरलैंड संवाददाता




रुड़की। सिविल लाइन पुलिस ने एटीएम उखाड़कर नकदी चोरी करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया, एक आरोपी को पुलिस पहले ही दबोच चुकी हैं। सिविल लाइन कोतवाली में घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि एसएसपी के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिविल लाइन रुड़की के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छानबीन की गई। मुखबिर की सूचना पर कोतवाल राजेश साह ने तत्काल एसआई रणजीत खनेडा के नेतृत्व में टीम का गठन कर नूह हरियाणा रवाना किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार की पहचान के आधार पर हरियाणा से आरोपित हामिद व हेमंत चैहान ग्राम मुनीरपुर, सोनीपत से इंद्रजीत उर्फ इंदर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह ऐसे एटीएम को चिन्हित करते हैं, जहां गार्ड नहीं होते या आवाजाही कम होती है। इसके बाद वह आस-पास के होटलों में रुककर एटीएम की रैकी करते हैं। इसके बाद साथियों को बुलाकर ऐसे एटीएमों का ताला तोड़कर उसे गैस कटर या अन्य उपकरणों से काटकर उसमें रखी नगदी चोरी कर लेते थे। सीसीटीवी पर वह ब्लैक स्प्रे कर देते थे ताकि पहचान ना हो सके। 15 जनवरी को देहरादून से रुड़की एसडीएम चैक पर पहुंचकर ऐसी ही घटना करना चाही। एटीएम का शटर बैंड देखकर वह उसे तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए और चोरी की कोशिश की लेकिन पुलिस आ गई। जिसके बाद वहां से फरार हो गए। आरोपितों ने अपने नाम हामिद पुत्र अशरफ निवासी शिकारपुर थाना तावडू सदर जिला नूह हरियाणा, हेमंत चैहान उर्फ रेंचो उर्फ ललित सागर पुत्र मनोज चैहान निवासी मकान नंबर 297 फाटक वाली गली, भोरगढ, थाना एनआईए नॉर्थ दिल्ली व इंद्रजीत उर्फ इंदर उर्फ दीपक पुत्र नरेश कुमार निवासी मकान नंबर 16 मुनीरपुर थाना राई जिला सोनीपत हरियाणा बताया। टीम में कोतवाल राजेश साह, एसआई रणजीत खनेड़ा, कॉन्स्टेबल नीरज, प्रवीण, हेमंत, अरविंद व नीता शामिल रहे।

## यूपी में घोषित हुए गन्ने के दाम, उत्तराखंड में घोषणा का इंतजार

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। यूपी सरकार ने बिना किसी बढ़ोतरी के गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है। यूपी सरकार की घोषणा के बाद अब उत्तराखंड के किसानों की बेचैनी बढ़ गई है। सामान्य तौर पर यूपी में गन्ने का भाव घोषित होने के बाद ही उत्तराखंड सरकार गन्ना मूल्य घोषित करती है। अब प्रदेश के गन्ना किसानों की भी नजर सरकार के आदेश पर टिकी है। माना जा रहा है कि 10 से 15 दिन में राज्य सरकार गन्ना मूल्य घोषित कर देगी। वहीं, यूपी में रेट नहीं बढ़ने के बीच यहां के किसानों ने 400 रुपये प्रति क्विंटल का भाव घोषित करने की मांग उठाई है। यूपी के मुकाबले उत्तराखंड में गन्ना मूल्य दो रुपये ज्यादा है। पिछले सत्र में यहां सामान्य प्रजाति का रेट 317 और अगेती प्रजाति का रेट 327 रुपये प्रति क्विंटल था। शुगर मिलों में पेराई सत्र शुरू हुए 4 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक गन्ना मूल्य घोषित नहीं हो पाया है। वहीं, यूपी सरकार ने बिना किसी बढ़ोतरी के गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है। अब यहां के किसान भी जल्द मूल्य घोषित होने की उम्मीद में है। भाकियू रोड़ गुट के प्रदेश अध्यक्ष पद्म सिंह रोड़ का कहना है कि प्रदेश सरकार गन्ना मूल्य घोषित करने में देरी कर रही है। उनकी मांग है कि महंगाई को देखते हुए गन्ना मूल्य 400 रुपये कुंतल घोषित किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो किसान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उत्तराखण्ड किसान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि बिना मूल्य घोषित किए गन्ने की खरीद अवैध है, लेकिन सरकार जानबूझकर शुगर मिलों को फायदा पहुंचाने की नीयत से हर साल मूल्य घोषित करने में देरी करती है। सरकार किसानों की आय दोगुनी करना चाहती है तो गन्ना मूल्य 400 से ज्यादा घोषित करे। यदि ऐसा नहीं होता है तो विरोध किया जाएगा। भाकियू जिला प्रवक्ता राकेश लोहान ने कहा कि 3 साल से गन्ने का रेट नहीं बढ़ा है। यदि सरकार वास्तव में किसानों की हितैषी है तो गन्ने का रेट बढ़ाये। उत्तराखंड किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष पप्पू भाटिया ने कहा कि गन्ना मूल्य घोषित करने में देरी कर सरकार किसानों का उत्पीड़न कर रही है, जिसे किसी सूरत में बरदाश्त नहीं किया जाएगा। अपने ही गन्ने के बकाए को लेकर भी किसानों को मिलों से कोई राहत नहीं मिल सकी है।

## जम्बु प्रसाद बने चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ जिलाध्यक्ष

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। चतुर्थ वर्गीय राज्य कर्मचारी महासंघ उत्तराखण्ड के बुधवार को जनपद हरिद्वार की कार्यकारिणी के चुनाव करा लिए गए। विकास खण्ड रुड़की के सभागार में कर्मचारी महासंघ की जिला शाखा हरिद्वार का शष्ठम महाधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें जम्बू प्रसाद जिलाध्यक्ष, कुरडी सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष, आदेश कुमार उपाध्यक्ष, विनोद कुमार जिला मंत्री, अशोक कुमार उप मंत्री, सतेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष और महावीर सिंह को लेखा निरीक्षक चुना गया, जबकि संरक्षक पद पर मदनलाल श्रीवास्तव को सर्वसम्मति से चुन लिया गया। चुनाव अधिकारी प्रातीय महामंत्री बनवारी सिंह रावत, दिनेश लखेड़ा प्रदेशाध्यक्ष स्वास्थय विभाग व गोविंद सिंह नेगी केंद्रीय उप महामंत्री की देखरेख में सम्पन्न हुआ। महाधिवेशन में समाजसेविका एवं विधायक की पत्नी वैजयंती माला मुख्य अतिथि रही। उन्होने निर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस दौरान महासंघ की ओर से उन्हे 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें सरकार से चतुर्थ श्रेणी कार्मिको की भर्ती पर लगी रोक हटाए जाने, नकदीकरण की छुट्टियां 300 से बढ़ाकर 500 किए जाने और कांवड, कुम्भ, अर्द्ध कुम्भ व कलियर मेले के दौरान पुरे जनपद के कर्मचारियों को अतिरिक्त मेला भत्ता दिये जाने की मांग की गई। मुख्य अतिथी वैजयंती माला ने संगठन को मांगे मुख्यमंत्री के समक्ष रखने और उन्हे पूरा कराए जाने के प्रयास का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने निर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## गणेशपुर में फिर धंसा सड़क का हिस्सा

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। गणेशपुर में एडीबी के सीवरेज पपिंग स्टेशन के बाहर सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इससे पहले भी गांव में पहुंचने वाली सड़क धंस चुकी है। इसमें कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा था। ताजे मामले से लोगों में आक्रोश है। एडीबी ने क्षेत्र में काफी समय पहले इस क्षेत्र में पेयजल लाइन डाली थी। जबकि इसी क्षेत्र में काफी समय पूर्व इस प्रकार की घटना हो चुकी है। सड़क धंसने के बाद मकानों में भी दरार आ गयी थी। गणेशपुर में फिर से सड़क का एक हिस्सा धंसकर गहरे गड्ढे में तब्दील हो चुका है। इस क्षेत्र में एडीबी ने सीवर और पेयजल लाइन को बिछाने का कार्य किया था। लेकिन एडीबी के कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में सड़कों के धंसने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को गणेशपुर स्थित एडीबी के सीवेज पंपिंग स्टेशन के बाहर सड़क का एक हिस्सा धंसकर गड्ढे में तब्दील हो गया। इससे पूर्व भी ऐसी ही घटना इस क्षेत्र में हुई थी। जिसमें सड़क धंसने से आसपास के बहुत से मकानों में भी दरार आ गयी थी।

## भाकियू ने उठाई जल्द गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। गन्ना मूल्य घोषित न होने और बिजली अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने आईएएस अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग की। प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में भारतीय किसान यूनियन प्रदेश उपाध्यक्ष पदम सिंह रोड ने कहा कि किसान अपनी समस्याओं को लेकर सरकार के सामने आंदोलनरत है लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान करने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी समाधान न हुआ तो किसान आंदोलन को और उग्र करेगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि किसान अपने हक की लड़ाई को लेकर आंदोलनरत हैं लेकिन सरकार गूंगी और बहरी बनी हुई है। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष नाजिम अली ने किया। इस दौरान आईएएस अधिकारी नंदन कुमार को मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों के गन्ने का मूल्य घोषित करना, किसानों पर बिजली विभाग द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न को रोकने, चकबंदी विभाग में किसानों के लंबित मामलों का जल्द निस्तारण एवं गन्ने का तुरंत भुगतान किए जाने की मांग की। इस अवसर पर संजीव कुशवाहा, रवि कुमार, अनीस अहमद, राजेश सैनी, शमीम, अनीस अहमद, शहजाद, आलम, इरशाद, रिजवान मौजूद रहे।

# उदलहेड़ी में भरी आंगनवाड़ियो ने मानदेय दिए जाने को हुंकार

» मदरलैंड संवाददाता



मंगलौर। उदलहड़ी में प्राथमिक विद्यालय में ब्लाक स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि आगनवाडी कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री सुसीला खत्री रही। मीटिंग की अध्यक्षता आंगनवाड़ी संघ जिला अध्यक्ष यशोदा सिंह ने की। बैठक का उद्देश्य मोटरसाइकिल भैया माता अपनी मांगों को लेकर और ब्लॉक अध्यक्ष चुनाव को लेकर मीटिंग में नारसन ब्लॉक से आई आंगनवाड़ी बहनों ने नारसन ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध कविता चैधरी के नाम पर सहमति जताई और मुख्य अतिथि सुशीला खत्री ने कविता चैधरी को नारसन ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की। प्रदेश महामंत्री सुशीला खत्री ने सरकार द्वारा 7 महीनें से रोके गए कार्यकत्रियों के मानदेय की भी सरकार से मांग उठाई। देहरादून में पिछले वर्ष धरना प्रदर्शन में शामिल कार्यकत्रियों का सरकार द्वारा 35 दिन का वेतन काटे जाने पर भी आपत्ति जताई। कहा कि सरकार द्वारा कार्यकत्रियों को साढ़े 7 हजार महीने का वेतन मान दिया जा रहा है जो कम है। इसमें घरों के खर्चे और बच्चों का पेट पालना मुश्किल हो रहा है। सरकार इसे बढ़ाकर रुपये 18000 प्रतिमाह करे। यह भी चर्चा हुई की प्रदेश की आंगनबाड़ियों को सरकार अपने अंडर में प्राइमरी टीचरों की तरह रखें जिससे आंगनबाड़ियों का भला हो सकता है। नवनियुक्त नारसन ब्लॉक अध्यक्ष कविता चैधरी ने मौके पर मौजूद सभी कार्यकत्रियों को ब्लॉक अध्यक्ष बनने के लिए समर्थन करने पर बधाई दी। कहा कि वहं ब्लॉक स्तर पर कार्यकत्रियों की आवाज सरकार तक पहुंचाएगीं और अगर सरकार ने कार्यकत्रियों का 7 माह का रोका गया वेतन नहीं दिया और वेतनमान नहीं बढ़ाया तो धरना प्रदर्शन से भी पीछे नहीं हटेगीं। इस मौके पर मीनाक्षी, ममता, पिंकी, सरिता, रोशन जहां, रुकैया, बब्लेश सैनी, शकुंतला सैनी, रचना, सुनीता, बृजेश ,रेशमा, बबली, लक्ष्मी, मीनाक्षी देवी, ज्योति देवी फरजाना शशि सविता, सुब्लेस, आसमा मौजुद रही।


## पुलिस चैकी के बाहर गटका जहर


» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। पुलिस चैकी के बाहर एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ आत्महत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसके गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार देर शाम एक युवक शहर चैकी के बाहर टहल रहा था। पुलिसकर्मियों के पूछने पर युवक अपनी जेब से जहरीला पदार्थ निकाल कर उसे गटक लिया। इसके कुछ देर के बाद वह सड़क पर गिर पड़ा। यह देख पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने उसे उठाकर एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर मंगलौर कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट व सीओ मंगलौर पंकज गैरोला भी मौके पर पहुंच गए। दोनों ने चिकित्सकों से जानकारी लेने के बाद आरोपित के बयान दर्ज किए। पुलिस का दावा है कि युवक ने अपने बयानों में कई बार जेल जाने तथा वर्तमान में भी पुलिस के उसे चोरी के मामले में तलाश करने की बात बताई। पुलिस को फंसाने के लिए ह ीवह चैकी पर आया था। इसके लिए उसने अपने एक मित्र को भी तैयार किया था। पुलिस ने आरोपित अजीज पुत्र गुफरान निवासी ग्राम टांडा भनेड़ा के खिलाफ आत्महत्या के प्रयास कर मुकदमा दर्ज कर उसे लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सीओ ने बताया कि आरोपित के खिलाफ कई अपराधिक मामले दर्ज हैं पहले भी आरोपित कई बार जेल जा चुका है। अभी भी पुलिस को चोरी के एक मामले में उसकी तलाश थी।

## किसानों की आवाज सुने सरकार: त्रिलोकीनाथ

» मदरलैंड संवाददाता





रुड़की। दलित चितंक एवं एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन के जिला संरक्षक त्रिलोकीनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार को किसानों की आवाज सुननी चाहिए। जिस तरह से पिछले 3 महीनों से किसान दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे हैं, वह बेहद दुखद है। कहा कि अब तक लगभग 200 किसानों की धरना-प्रदर्शन के दौरान मौत हो चुकी है। सरकार को इसे ध्यान में रखते हुए किसानों की मांगो को मानना चाहिए और जब किसान ही कृषि बिलों को नहीं चाह रहे तो फिर सरकार को इन्हे जबरन भी नहीं थोपना चाहिए। किसान देश का अन्नदाता है और किसान को खालिस्तानी, पाकिस्तानी या विपक्ष को मोहरा बताने के बजाय सरकार को उसकी आवाज को सुनना चाहिए। उन्होने सरकार से प्रदेश में समाज कल्याण छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए अभिभावकों को अतिरिक्त अवसर प्रदान किये जाने की भी मांग की। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बीएसएनएल के रिटायर्ड एसडीओ प्रेम सिंह ने भी किसान आंदोलन को लेकर सरकार को घेरा। कहा कि एक तरफ सरकार किसानों के विरोध कृषि कानूनों को जबरन थोपने में लगी है, दूसरी तरफ आए दिन तेल और रसोई गैस के दामों में वृद्धि की जा रही है। जिससे हर चीज पर महंगाई बढ़ रही है। डायन महंगाई ने गरीब से लेकर मध्यमवर्ग तक की कमर तोड़कर रख दी है। रसोई गैस महंगी होने से आम आदमी मुश्किल में है। कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास नहीं, बल्कि कुछ ही लोगों के विकास में लगी है। किसान, गरीब, मध्यमवर्ग, युवा और छोटे कारोबारियों को केंद्र और प्रदेश सरकार साजिश के तहत समाप्त करने में लगी है। जिसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। आम आदमी पार्टी किसान, मजदूर की आवाज बनकर सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरेगी।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# जेफ बेजोस फिर दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति, एलन एक पायदान खिसके



**मुंबई।** अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस एक बार फिर दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। बेजोस ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पीछे छोड़ दिया है। इसकी वजह टेस्ला इंक के शेयरों में मंगलवार को आई गिरावट रही। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक जेफ बेजोस की कुल संपत्ति करीब 14.10 लाख करोड़ रुपए है। एलन मस्क अब सबसे रईसों में दूसरे नंबर पर आ गए हैं, वहीं भारत के मुकेश अंबानी दुनिया के टॉप 10 अमीरों की लिस्ट से बाहर हो चुके हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को टेस्ला का शेयर 2.4 फीसदी टूटकर 796.22 डॉलर पर बंद हुआ। इससे एलन मस्क की संपत्ति में 4.58 अरब डॉलर की कमी आई। अब मस्क की कुल दौलत 19000 करोड़ डॉलर है और वह मामूली अंतर से दूसरे नंबर पर आ गए हैं।

अमेजन के जेफ बेजोस पिछले तीन से ज्यादा सालों से लगातार दुनिया के सबसे रईस शख्स बने हुए थे लेकिन जनवरी 2021 में मस्क उन्हें पीछे छोड़कर सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। लेकिन अब बेजोस की दौलत मस्क से 95.5 करोड़ डॉलर ज्यादा है। 2021 में टेस्ला के मालिक एलन मस्क की संपत्ति में अब तक 2050 करोड़ डॉलर का इजाफा हुआ है, जबकि जेफ बेजोस की संपत्ति महज 88.40 करोड़ डॉलर बढ़ी है। मस्क की संपत्ति 458 करोड़ डॉलर घट गई, जिससे वह दूसरे नंबर पर खिसक गए। 26 जनवरी के बाद से टेस्ला के शेयरों में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। हाल ही में मस्क की कंपनी टेस्ला ने घोषणा की थी कि उसने बिटक्वाइन में 1.5 अरब डालर का निवेश किया है। इसके बाद टेस्ला क्रिप्टोकरेंसी को समर्थन देने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई है।

# दो वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदेगा आईसीआईसीआई बैंक



**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि वह 6.03 करोड़ रुपए में दो वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों सिटीकैश और तिल्लीयाज एनालिटिकल सॉल्यूशंस में हिस्सेदारी खरीदेगा। सिटीकैश बसों के परिचालन पर आधारित एक भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी है, जो राज्य परिवहन निगमों को टिकट प्रणाली प्रौद्योगिकी प्रदान करती है। तिल्लीयाज एनालिटिकल सॉल्यूशंस एक नव-बैंकिंग प्लेटफॉर्म बंघी का संचालन करती है, जो कॉरपोरेट्स और एमएसएमई को बैंकिंग समाधानों की सुविधा देता है तथा बैंकों को अपने ग्राहक संबंधों को और मजबूत बनाने में मदद करता है। बैंक द्वारा किए गए दो अलग-अलग सौदों के अनुसार आईसीआईसीआई बैंक सिटीकैश में 5.93 प्रतिशत हिस्सेदारी 4.93 करोड़ रुपए में और तिल्लीयाज एनालिटिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में 9.65 प्रतिशत हिस्सेदारी 1.1 करोड़ रुपए में खरीदेगा। बैंक ने शेयर बाजारों को अलग से दी गई जानकारियों में बताया कि दोनों सौदे मार्च 2021 में पूरा होने की उम्मीद है।

# किशोर बियानी को बड़ी राहत, सेबी के आदेश पर SAT ने लगाई रोक



**नई दिल्ली।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) ने फ्यूचर रिटेल के चेयरपर्सन किशोर बियानी और कुछ अन्य प्रवर्तकों के ऊपर प्रतिभूति बाजार से पाबंदी लगाने के बाजार नियामक सेबी के आदेश पर रोक लगा दी है। सैट ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को अंतरिम उपाय के तहत 11 करोड़ रुपये जमा करने को कहा है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बियानी व अन्य प्रवर्तकों के ऊपर प्रतिभूति बाजार में हिस्सा लेने से एक साल के लिये रोक लगा दी थी। फ्यूचर कॉरपोरेट रिसॉर्सेज प्राइवेट लिमिटेड (एफसीआरपीएल) ने एक बयान में कहा, ह्यह्यसैट ने 15 फरवरी 2021 को हुई एक सुनवाई में सेबी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें फ्यूचर रिटेल के शेयरों की मार्च 2017 में हुई एक खरीद को लेकर फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों के ऊपर भेदिया कारोबार का आरोप लगाया गया है। अब सैट इस मामले पर 12 अप्रैल 2021 को सुनवाई करेगा।

एफसीआरपीएल फ्लैगशिप स्टोर बिग बाजार समेत ईजीडे क्लब और हेरिटेज फ्रेश का संचालन करने वाली फ्यूचर रिटेल की प्रवर्तकों में से एक है। फ्यूचर रिटेल ने भी देर शाम शेयर बाजार को दी गयी एक सूचना में इसकी जानकारी दी। उसने कहा, ह्यह्यसैट ने प्रवर्तकों तथा प्रवर्तक निकायों के खिलाफ सेबी के आदेश पर रोक लगा दी है ह्यह्य फ्यूचर रिटेल ने कहा कि सैट के आदेश की नकल की प्रतीक्षा की जा रही है। न्यायाधिकरण द्वारा आदेश को अपलोड या प्रकाशित कर दिये जाने के बाद वह शेयर बाजारों को भी मुहैया करायेगी। इससे पहले तीन फरवरी को सेबी ने किशोर बियानी और फ्यूचर रिटेल लिमिटेड के कुछ अन्य प्रवर्तकों को प्रतिभूति बाजार से एक साल के लिये रोक दिया था। इसके अलावा, नियामक ने किशोर बियानी, अनिल बियानी और फ्यूचर कॉरपोरेट रिसोर्सेज पर एक-एक करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। उन्हें गलत तरीके से कमाये 17.78 करोड़ रुपये लाभ को जमा करने को कहा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### आईनॉक्स विंड को विंड टर्बाइन जेनरेटर की आपूर्ति का ठेका मिला

नई दिल्ली। आईनॉक्स विंड ने कहा कि उसने स्वतंत्र बिजली उत्पादकों और खुदरा ग्राहकों से 62 मेगावाट के विंड टरबाइन जनरेटर की आपूर्ति व उन्हें लगाने का ठेका प्राप्त किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ये ठेके विभिन्न उद्योगों से मिले हैं। ये तीसरे पक्ष की बिक्री के लिए भी हैं और अपने इस्तेमाल के लिए भी। कंपनी ने कहा कि इन ठेकों के सितंबर 2021 तक पूरा होने की उम्मीद है। इस बीच बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 69.20 रुपए पर कारोबार कर रहा था।

### जालंधर में सौर ऊर्जा आधारित जल आपूर्ति परियोजना स्थापित

चंडीगढ़ (ईएमएस)। पंजाब के जल आपूर्ति और स्वच्छता विभाग ने जालंधर जिले के जागरावान–मुरादपुर और तलवाड़ा गांवों में सौर ऊर्जा आधारित जल आपूर्ति परियोजना स्थापित की है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि इन गांवों के प्रत्येक परिवार को पाइप के जरिये पानी की आपूर्ति के लिए 150 मीटर गहरे ट्यूबवेल के साथ 25,000 लीटर क्षमता के पानी की टंकियां लगाई गई हैं। सौर आधारित पायलट परियोजनाओं को चालू करने में 67.71 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। अब इन गांवों की पंचायतों को जल आपूर्ति के लिए बिजली बिल नहीं देना पड़ रहा है और जो राशि पहले बिजली बिल में भुगतान होती थी, उसका उपयोग अब गांवों के विकास में हो रहा है।

### सोने में गिरावट, चांदी में हल्की तेजी



मुंबई। सोने की कीमतों में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि चांदी की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है। सोना करीब 99 रुपए की गिरावट के साथ 46,800 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला है। इससे पिछले सत्र में सोना 46,899 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं दूसरी ओर चांदी 135 रुपए की तेजी के साथ 69,507 रुपए प्रति किलो के स्तर पर खुली है, जो पिछले सत्र में 69,372 रुपए प्रति किलो के स्तर पर बंद हुई थी। सोना अगस्त में 56,200 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर तक जा पहुंचा था। तब से अब तक सोना करीब 9400 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी 77,840 रुपए प्रति किलो के करीब जा पहुंची थी। तब से अब तक चांदी करीब 8300 रुपए सस्ती हो चुकी है।

### रुपया 23 पैसे लुढ़ककर 72.92 डॉलर पर

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार की सुस्ती और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के बीच बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 23 पैसे कमजोर होकर 72.92 प्रति डॉलर स्तर पर आ गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 72.90 प्रति डॉलर पर खुला। कुछ देर में यह और गिरकर 72.92 प्रति डॉलर पर आ गया। यह पिछले दिवस के मुकाबले में 23 पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया 72.69 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर का सूचकांक 0.17 प्रतिशत बढ़कर 90.66 पर पहुंच गया।

# भारत में 19 को लांच होगा मोटोरोला ई 7 पॉवर



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली मोटोरोला कंपनी ने मोटोरोला ई7 पॉवर फोन की लॉन्च डेट को एक ट्वीट करके कन्फर्म किया। यह स्मार्टफोन भारत में 19 फरवरी को लॉन्च होगा। फोन को दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर लॉन्च किया जाएगा। मोटोरोला का यह लेटेस्ट बजट स्मार्टफोन होगा। ट्वीट में कंपनी ने एक पोस्टर भी शेयर किया है, जिसमें इस फोन के कुछ खास स्पेसिफिकेशन्स और फीचर्स की जानकारी दी गई है। फोन में 720x1600 पिक्सलरेजॉल्यूशन के साथ 6.5 इंच का एचडी+ डिस्प्ले दिया गया है। कंपनी ने ट्वीट में कन्फर्म कर दिया है कि फोन 4जीबी रैम और 64जीबी के इंटरनल स्टोरेज के साथ आएगा।

प्रोसेसर की बात करें तो इस फोन में कंपनी मीडियाटेक हीलियो पी22 प्रोसेसर ऑफर कर सकती है। गीकबेंच लिस्टिंग में मोटो के इस फोन को सिंगल-कोर टेस्ट में 153 अंक और मल्टी-कोर टेस्ट में 865 अंक मिल मिले थे। गीकबेंच लिस्टिंग के अनुसार मोटो का यह फोन ऐंड्रॉइड 10 ओएस पर काम करेगा। वहीं, बैटरी की बात करें तो इस फोन में आपको 5000 एमएएच की बैटरी मिलेगी।

फोटोग्राफी के लिए कंपनी इस फोन में एलईडी फ्लैश के साथ ड्यूल रियर कैमरा सेटअप ऑफर कर सकती है। इसमें 13 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरे के अलावा एक 2 मेगापिक्सल का सेकंडरी सेंसर हो सकता है। सेल्फी के लिए फोन के फ्रंट में 5 मेगापिक्सल का कैमरा मिल सकता है। फोन में मिलने वाले कैमरा का स्पेसिफिकेशन्स के बारे में मोटोरोला की तरफ से कोई ऑफिशल जानकारी नहीं दी गई है।

मोटोरोला के इस फोन में सिक्योरिटी के लिए रियर-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है।

# अमेजन जल्द शुरू करेगी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की मैन्युफैक्चरिंग



**नई दिल्ली।** अमेजन भारत में जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने वाली है। यानी कंपनी के फायर टीवी स्टिक जैसे इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर जल्दी की मेड इन इंडिया का लेबल लगा हुआ देखने में मिलेगा है। अमेजन इंडिया के प्लान की जानकारी केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दी है। प्रसाद ने अमेजन इंडिया के ग्लोबल सीनियर वाइस प्रेसिडेंट व कंट्री हेड अमित अग्रवाल और अमेजन में पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट चेतन कृष्णास्वामी से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बात की। इसके बाद उन्होंने जानकारी दी कि अमेजन इंडिया भारत में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज की मैन्युफैक्चरिंग शुरू करने वाली है। मैन्युफैक्चरिंग प्लांट चेन्नई में लगाया जाएगा।

प्रसाद का कहना है कि अमेजन भले ही ग्लोबल कंपनी हो लेकिन अमेजन इंडिया को सच्ची भारतीय कंपनी के तौर पर उभरना चाहिए, जो भारत के कारोबारी समुदाय व संस्कृति से जुड़ी हुई हो। अमेजन इंडिया को भारत के कारीगरों के उत्पादों को ग्लोबल मार्केट तक ले जाना चाहिए। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स की मैन्युफैक्चरिंग ने हाल ही में वैश्विक दिग्गजों से कुछ बड़े निवेश आकर्षित किए हैं। इस कड़ी में जुड़ने वाली अमेजन इंडिया अगली है।

# राजेश एक्सपोर्ट्स को 1,352 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** स्वर्ण परिशोधन कंपनी राजेश एक्सपोर्ट्स को जर्मनी से सोने के आभूषणों के लिए 1,352 करोड़ रुपए का ठेका मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार से कहा कि राजेश एक्सपोर्ट्स को कोविड के बाद पहला महत्वपूर्ण ठेका मिला है।

यह ठेका जर्मनी से सोने के आभूषणों की एक डिजाइनर श्रृंखला के लिए मिला है। यह ठेका 1,352 करोड़ रुपए का है और इसे 31 मार्च 2021 तक पूरा करना है। कंपनी ने कहा कि यह कोरोना वायरस महामारी की शुरुआत के बाद उसे मिला पहला महत्वपूर्ण ठेका है। कंपनी ने कहा कि महामारी के चलते अंतरराष्ट्रीय विमानन सेवाओं का परिचालन बंद था, ऐसे में यह बड़े ठेके नहीं ले पा रही थी। बीएसई पर कंपनी का शेयर 0.90 प्रतिशत की तेजी के साथ 483.95 रुपए पर कारोबार कर रहा था।

# लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज ने भारत में एनर्जी एफिशियंट डिजाईनर फैंस की सबसे बड़ी श्रृंखला प्रस्तुत की

**लुधियाना।** पॉवर बैकअप, होम इलेक्ट्रिकल एवं आवासीय सोलर स्पेस में शक्तिशाली व भरोसेमंद ब्रांड, लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज ने आज भारत में एनर्जी एफिशियेंट स्टार रेटेड प्रीमियम डिजाइनर पंखों की अपनी सबसे बड़ी श्रृंखला प्रस्तुत की। यह उद्योग की पहली एनर्जी एफिशियंट डिजाईनर फैन श्रृंखला है, जो स्टैंडर्ड सीलिंग फैन के मुकाबले बिजली में 40 प्रतिशत की बचत करेगी। लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज के मुताबिक, दुनिया में घरेलू बिजली का 25 प्रतिशत उपयोग पंखों में होता है, इसलिए ये अन्य उपकरणों, जैसे एसी और गीजर आदि के मुकाबले बिजली की ज्यादा खपत करते हैं। 3 एवं 5 स्टार रेटिंग की इस एक्सक्लुसिव और सबसे बड़ी ह्यएनर्जी एफिशियंटह्य सीरीज में 10 प्रीमियम डिजाइनर फैन्स हैं, जिनमें सात डिजाइनर फैन लुमिनस द्वारा 2018 में लॉन्च किए गए इसके मौजूदा सिग्नेचर कलेक्शन से हैं।

सिग्नेचर कलेक्शन प्रीमियम श्रेणी को सेवाएं देता है, जो पिछले दो सालों में तेजी से बढ़ी है। इन डिजाइनर फैंस की सेल कंपनी के संपूर्ण फैन व्यवसाय में 25 प्रतिशत का योगदान देने की ओर बढ़ रही है। लुमिनस को उम्मीद है कि 2021 में सीलिंग फैन का 15 प्रतिशत राजस्व एनर्जी सेविंग फैंस की श्रृंखला से मिलेगा। एनर्जी एफिशियंट डिजाईनर सीरीज में प्रस्तुत किए गए सिग्नेचर कलेक्शन के अलावा, लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज ने श्रृंखला में दो नए फैन - न्यूयार्क चेल्सी और जयपुर ताम्र भी प्रस्तुत किए हैं। हर फैन का डिजाइन और विकास इस प्रकार किया गया है, जिससे यह दुनिया में एफिशियंसी के साथ प्रीमियमनेस, लक्जरी एवं संपन्न विरासत को प्रतिबिंबित करे। उदाहरण के लिए, जयपुर श्रृंखला अपने भव्य और असाधारण डिजाइन के साथ जयपुर शहर के उल्लेखनीय इतिहास एवं संपन्न संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है।

नई श्रृंखला के लॉन्च पर श्री जितेंद्र अग्रवाल, सीनियर वीपी, लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज ने कहा, ह्यह्यऊर्जा के संरक्षण के लिए सरकार के प्रोत्साहन के अनुरूप हमें स्मार्ट, मॉडर्न, एनर्जी-एफिशियंट और वातावरण के लिए मित्रवत डिजाइनर एनर्जी एफिशियंट फैंस की अपनी श्रृंखला लॉन्च करने की खुशी है। यह नई श्रृंखला न केवल दिखने में आकर्षक है, बल्कि किफायती भी है। भारत पंखों के लिए एक विशाल बाजार है और बड़ी संख्या में लोग पंखों का उपयोग करते हैं, इसलिए एनर्जी एफिशियंट फैंस काफी मात्रा में बिजली बचाकर बिजली के खर्च में कटौती करेंगे। नए लॉन्च किए गए डिजाइनर फैंस से भारत में हर रोज 100 मेगावॉट घंटा बिजली बचाने में मदद मिलेगी और पूरे जीवनकाल में बिजली के खर्च में 100 करोड़ से ज्यादा की संचयी बचत होगी।

उन्होंने आगे कहा, ह्यह्यलुमिनस का उद्देश्य 2023 तक संपूर्ण फैन श्रेणी में 500 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित करना है। हमारा विश्वास है कि अगले 2 सालों में संपूर्ण श्रेणी का 65 प्रतिशत वॉल्यूम एनर्जी रेटेड फैंस की ओर चला जाएगा क्योंकि वो ज्यादा किफायती होते हैं और 3 स्टार रेटिंग वाले फैन के साथ व्यक्ति को हर फैन पर बिजली के वार्षिक बिल में 1250 रु. की बचत करते हैं तथा 5 स्टार रेटिंग के फैन पर 1500 रु. की बचत करते हैं। पंजाब हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और आने वाले सालों में हमें इस क्षेत्र में डिजाइनर फैंस की मांग में 150 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो बिजली की बचत भी करते हैं। अगले दो सालों में फैंस की श्रेणी में 5 प्रतिशत का बाजार अंश हासिल करने के लक्ष्य के साथ हम भारत में अपना वितरण नेटवर्क और ज्यादा मजबूत कर रहे हैं। लुमिनस पिछले तीन सालों में प्रीमियम फैन की श्रेणी में 5 गुना वृद्धि कर चुका है। इस वृद्धि का श्रेय डिजाइनर फैंस, खासकर 2018 में लॉन्च किए गए सिग्नेचर कलेक्शन को जाता है। बिजली की बचत करने वाले डिजाइनर फैंस की श्रेणी 3500 रु. से 5500 रु. के बीच उपलब्ध है।

# ईबे ने हरियाणा सरकार के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये

**गुडगांव।** ईबे ने माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में एमएसएमई डायरेक्टोरेट, हरियाणा सरकार के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह एमओयू राज्य में एमएसएमई को ईबे के क्रॉस-बॉर्डर प्लेटफार्म का लाभ उठाने एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 190 मार्केट्स में सेल करने में सहयोग करेगा।

एमओयू के भाग के रूप में, ईबे विशेष रूप से हरियाणा राज्य में बिजनेस के साथ-साथ होलसेल और रिटेल लेन-देन सहित सभी एमएसएमई के लिए विशेष योजनाएं जैसे प्राइसिंग एवं अन्य लाभ भी ऑफर करेगा। इसके अलावा, राज्य के विकास के लिए ईबे बैलेंस्ड रीजल डेवलपमेंट एवं एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए पूरे हरियाणा में कपड़ा, ऑटो कॉम्पोनेंट्स जैसे प्रमुख एमएसएमई ग्रुप्स के लिए प्रशिक्षण, वेबिनार और ऑनबोर्डिंग वर्कशॉप्स का आयोजन भी करेगा। वर्कशॉप दुनिया भर में लोगों के साथ लेनदेन करने के लिए अन्य प्रोडक्ट्स सहित ऑनलाइन लिस्टिंग प्रोडक्ट, शिपिंग पॉलिसिस, और प्रोडक्ट विवरण जैसे ऑनलाइन रिटेल के विभिन्न पहलुओं के बारे में आवश्यक जानकारी एवं कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

यह समझौता ईबे को संबंधित सरकारी संस्थाओं, इंडस्ट्री और ट्रेड संघों तक पहुंच कायम करने में मदद करेगा और साथ ही एमएसएमई ग्रुप्स के लिए योग्य बिजनेस माहौल तैयार करने, चुनौतियों से उबरने और भारत में ई-कॉमर्स रिटेल एक्सपोर्ट के स्टैंडर्ड्स को आसान बनाने के लिए उचित कदम उठाने की भी अनुमति देगा।

श्री विद्यय नैनी, कंट्री मैनेजर ईबे इंडिया ने समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम ईबे पर ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट के अवसर तलाशने के प्रति हरियाणा से एमएमएमई को सुविधाजनक बनाने के लिए एमएसएमई निदेशालय, हरियाणा सरकार के साथ जुड़कर काफी खुशहैं। एक सही मार्केटप्लेस होने के नाते, ईबे भारतीय मार्केट में एमएसएमई और कारीगरों को सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित किया है। यह समझौता हरियाणा एमएसएमई को शिक्षित करने और योजनाबद्ध कार्यक्रमों के माध्यम से ईबे मार्केटप्लेस पर अपने बिजनेस को शुरू करने व बड़े पैमाने पर प्रशिक्षित करने का प्रयास करेगा।

# पोको एक्स3 प्रो के वर्जन पर काम जारी

## फोन के 4जी वर्जन को वेबसाइट पर देखा



**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी पोको के एक्स3 स्मार्टफोन के प्रो वर्जन पर काम जारी है। स्मार्टफोन पोको एक्स3 प्रो के बारे में कई लीक में डीटेल्स का पता चल चुका है। लिस्टिंग से पता चला है कि हैंडसेट को जल्द लॉन्च किया जा सकता है। टिप्स्टर अभिषेक यादव ने आने वाले फोन के 4जी वर्जन को एनबीटीसी सर्टिफिकेशन वेबसाइट पर देखा है। टिप्स्टर के मुताबिक, पोको एक्स3 प्रो का मॉडल नंबर एम2102जे20एसजी है। लिस्टिंग से स्पेसिफिकेशन्स को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। इससे पहले पोको एक्स3 प्रो को अमेरिका में एफसीसी और रूस में यूरेशियन इकनॉमिक कमीशन सर्टिफिकेशन वेबसाइट्स पर भी देखा गया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, फोन को सिंगापुर की इन्फोकॉम मीडिया डिवेलपमेंट अथॉरिटी पर भी लिस्ट किया जा चुका है। हाल ही में बीआईएस सर्टिफिकेशन लिस्टिंग से संकेत मिले थे कि हैंडसेट को भारत में भी उपलब्ध कराया जाएगा। अभी तक आई खबरों के मुताबिक, पोको एक्स3 प्रो में क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 855 प्रोसेसर दिया जाएगा। स्मार्टफोन में 48 मेगापिक्सल क्वाड-रियर कैमरा सेटअप भी दिए जाने की खबरें हैं। सॉफ्टवेयर की बात करें तो फोन ऐंड्रॉयड 10 बेस्ड एमआईयूआई 12 ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है। फोन में स्नैपड्रैगन 732जी प्रोसेसर दिया गया है। हैंडसेट को पावर देने के लिए 6000 एमएएच बैटरी दी गई है जो 33 वाट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है। फोटोग्राफी की बात करें तो फोन में एआई क्वाड-कैमरा सेटअप दिया गया है जो 64 मेगापिक्सल प्राइमरी सेंसर से लैस है। इसके अलावा फोन में 13 मेगापिक्सल वाइड-ऐंगल सेंसर, 2 मेगापिक्सल मैक्रो सेंसर और 2 मेगापिक्सल डेप्थ सेंसर दिया गया है। फोन 20 मेगापिक्सल फ्रंट सेंसर के साथ आता है।

पोको एक्स3 में किनारे पर फिंगरप्रिंट सेंसर, पी2 आई स्प्लैश और डस्ट रेसिस्टेंट कोटिंग और एआई फेस अनलॉक फीचर्स दिए गए हैं। स्मार्टफोन शैडो ग्रे और कोबाल्ट ब्लू कलर ऑप्शन में आता है।

याद दिला दें कि पोको एक्स3 को पिछले साल सितंबर में भारत में लॉन्च किया गया था। स्मार्टफोन 6 जीबी रैम व 64 जीबी स्टोरेज, 6 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज और 8 जीबी रैम व 128 जीबी स्टोरेज वेरियंट में आता है। इन तीनों वेरियंट्स की कीमत क्रमशः 16,999 रुपये, 18,499 रुपये और 19,999 रुपये है। हैंडसेट में 6.67 इंच डिस्प्ले है जिसका रेजॉल्यूशन 2340x1080 पिक्सल है। सुरक्षा के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 5 दिया गया है।

# वित्त वर्ष 2020 की समान अवधि की तुलना में वित्त वर्ष 2021 के 9 महीनों में सिडबी का निवल लाभ 38.4 प्रतिशत बढ़ा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय वित्तीय संस्था/भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एकीकृत ऋण और विकास सहायता पारितंत्र के सृजन में संलग्न है, उसके कार्य निष्पादन के उल्लेखनीय विवरण इस प्रकार हैं:

वित्त वर्ष 2021 के 9 महीने बनाम वित्त वर्ष 2020 के 9 महीने

* निवल लाभ में 38.4 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई जो कि रु.1,564 करोड़ से बढ़कर रु.2,165 करोड़ हो गया।

* परिचालन लाभ में (प्रावधान से पूर्व) 14.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो रु.2,880 करोड़ से बढ़कर रु.3,301 करोड़ हो गया।

* बैंक का नेटवर्थ रु.16,941 करोड़ से बढ़कर रु.20,694 करोड़ हो गया।

* निवल ब्याज आय (एनआईआई) 22.3 प्रतिशत बढ़कर रु.2,370 करोड़ से रु.2,898 करोड़ हो गया।

* निवल ब्याज मार्जिन (वार्षिक) 1.94 प्रतिशत से बढ़कर 2.27 प्रतिशत हो गया।

* प्रति शेयर आय रु.29.41 प्रति शेयर से बढ़कर रु 40.70 प्रति शेयर हो गई।

* पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआर) 24.79 प्रतिशत से बढ़कर 29.04 प्रतिशत हो गया।

* नियोजित पूंजी पर प्रतिलाभ 9.08 प्रतिशत से बढ़कर 10.45 प्रतिशत हो गया।

आस्ति गुणवत्तासकल अनर्जक आस्तियां (जीएनपीए) रु.1,550 करोड़ (0.97 प्रतिशत) से घटकर रु.669 करोड़ (0.47 प्रतिशत) हो गयीं।

निवल अनर्जक आस्तियां रु.884 करोड़ (0.56 प्रतिशत) से घटकर रु.114 करोड़ (0.08 प्रतिशत) रह गयीं।

* प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) को 72 प्रतिशत से बढ़कर 96 प्रतिशत कर दिया गया।

तीसरी तिमाही (अक्टूबर 2020 - दिसंबर 2020) वित्त वर्ष 2021 बनाम तीसरी तिमाही (अक्टूबर 2019 - दिसंबर 2019) वित्त वर्ष 2020

* निवल लाभ में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के रु.578 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में रु. 630 करोड़ हो गया।

* गैर-ब्याज आय में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के रु.132 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाहीमें रु. 154 करोड़ हो गई।

* निवल ब्याज आय, 3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2020 की तीसरी तिमाही के रु. 816 से बढ़कर वित्त वर्ष 2021 की तीसरी तिमाहीमें रु. 840 करोड़ हो गई।

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक श्री वी. सत्य वेंकटा राव का वक्तव्य, 'कोविड-19 महामारी के प्रभाव के बावजूद एमएसएमईक्षेत्र में ऋण वृद्धि सशक्त रही है और इससे हमें अपनी ऋण बही को बढ़ाने के साथ उत्साहपूर्ण वित्तीय प्रदर्शनकरने में मदद मिली है।'

### कोहली की कप्तानी में 83फीसदी टेस्ट के रिजल्ट निकले

# रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ की तरह है विराट की कप्तानी की स्टाइल



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 317 रन से हराया। विराट कोहली की कप्तानी में यह हमारी 34वीं जीत है, 14 में हार मिली है। उन्होंने अब तक 58 मैच में कप्तानी की है। यानी वे उनकी कप्तानी में 83 फीसदी टेस्ट में रिजल्ट आते हैं। यह बतौर भारतीय कप्तान सबसे अच्छा रिकॉर्ड है। कोहली दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले टॉप-5 कप्तान की लिस्ट में शामिल हैं। लेकिन इन पांच कप्तान के रिजल्ट के प्रतिशत की बात की जाए तो कोहली ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ के नजदीक हैं। यानी कोहली के कप्तानी करने की स्टाइल इन दिग्गजों से मिलती है। वैसे भी कोहली आक्रामक कप्तानी के लिए जाने जाते हैं। कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान भी हैं, विराट कोहली देश में सबसे सफल कप्तान हैं। उन्हें 2014 में कप्तानी दी गई थी। कोहली ने अब तक 7 देशों के खिलाफ कप्तानी की है। सबसे ज्यादा 12 मैच में कप्तानी इंग्लैंड के ही खिलाफ की है। इनेमें से 6 मैच में जीत मिली है जबकि 5 में हार। एक मुकाबला ड्रॉ रहा। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी 10-10 मैच में कप्तानी की।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैच जीते जबकि 4 में हार मिली है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 7 मैच में जीत मिली और सिर्फ दो मुकाबले हारे हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 में से 3 जीते, 2 हारे और श्रीलंका के खिलाफ 9 में से 6 जीते, 1 हारे। कोहली ने बांग्लादेश और विंडीज के खिलाफ एक भी मुकाबला नहीं गंवाया है। विंडीज के खिलाफ 8 में से 6 जबकि बांग्लादेश के खिलाफ 4 में से 3 मैच जीते हैं। स्टीव वॉ के टेस्ट कप्तानी के रिकॉर्ड को देखें तो उन्होंने 57 मैच में कप्तानी की। 41 में जीत मिली जबकि 9 हारे। यानी उनकी कप्तानी के दौरान 88 फीसदी मैच के रिजल्ट निकले। वहीं रिकी पोंटिंग को देखें तो उन्होंने 77 मैच में कप्तानी की। 48 जीते, 16 हारे। यानी उनकी कप्तानी में लगभग 83 फीसदी मैच के रिजल्ट आए। लेकिन अपनी कप्तानी में बतौर बल्लेबाज कोहली का रिकॉर्ड पोंटिंग और वॉ से अच्छा है। कोहली ने अपनी कप्तानी में 60 की औसत से लगभग 5365 रन बनाए हैं। इसमें 20 शतक और 15 अर्धशतक शामिल हैं। पोंटिंग की बात की जाए तो उन्होंने 52 की औसत से 6542 रन बनाए। 19 शतक लगाए। यानी पोंटिंग औसत और शतक दोनों मामलों में कोहली से पीछे हैं। वॉ ने 52 की औसत से 3714 रन बनाए। 15 शतक लगाए। टेस्ट में सबसे सफल कप्तान की बात की जाए तो दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ टॉप पर हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा 53 मैच जीते हैं। रिकी पोंटिंग ने 48, स्टीव वॉ ने 41, विंडीज के क्लाइव लॉयड ने 36 और कोहली ने 34 मैच जीते हैं।

# अर्जुन तेंदुलकर ने खेली आक्रामक पारी

## पुलिस शील्ड टूनार्मेन्ट



**मुम्बई।** ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने 73वें पुलिस शील्ड टूनार्मेन्ट में एमआईजी क्लब की ओर से शानदार प्रदर्शन कर आईपीएल नीलामी से ठीक पहले अपना दावा और पक्का किया है। अर्जुन ने केवल 23 गेंदों पर 5 छक्के लगाकर 47 रन बनाए। अर्जुन आईपीएल नीलामी के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं हालांकि उनका आधार मूल्य सबसे कम 20 लाख रुपये हैं। अब देखना होगा कौन सी टीम उनपर दांव लगाएगी। इससे पहले मैच में भी अर्जुन ने 71 रनों की पारी खेली थी। अर्जुन ने इस पारी के दौरान एक ओवर में 5 छक्के भी लगाये थे। इसके अलावा उन्होंने तीन विकेट भी लिए थे। इससे साफ है कि अर्जुन गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी में भी पीछे नहीं हैं। अर्जुन को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में किये प्रदर्शन के आधार पर आईपीएल में जगह मिली है। अब देखना है कि उन्हें कौनसी टीम खरीदती है। अर्जुन महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सहवाग ने इंग्लैंड की टीम को किया ट्रोल, मोटेरा की पिच की गारंटी नहीं!

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग ने एमए चिदंबरम स्टेडियम की पिच को लेकर इंग्लैंड क्रिकेट टीम को ट्रोल करते हुए कहा कि मोटेरा की पिच की भी गारंटी नहीं है। अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में ही दोनो टीमों के बीच दिन-रात्रि का तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। सहवाग ने मेहमान टीम के साथ ही पिच की आलोचना करने वाले पूर्व कप्तान माइकल वान पर भी निशाना साधा है। सहवाग ने ट्विटर पर मीम शेयर कर इंग्लैंड टीम पर निशाना साधा। सहवाग ने हास्य अभिनेता जॉनी लीवर का एक फोटो शेयर किया। इस तस्वीर के जरिए वीरू ने मेहमान टीम और वॉन को ट्रोल कर दिया। वान चेन्नई की पिच को लेकर नाराज थे। वॉन ने चेन्नै की पिच को 'बीच' यानी समुद्र का किनारा कहा था। वहीं दूसरी और भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन ने इसी पिच पर शतक लगाकर दिखाया कि पिच पर रन भी बनाये जा सकते हैं। इससे पहले सहवाग ने अश्विन को रूट की टीम को चेन्नै की टर्न लेती पिच पर बल्लेबाजी की कला सिखाने की भी तारीफ की।

### तीसरे टेस्ट के लिए पुजारा और पंड्या ने किया अभ्यास



चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में 24 फरवरी से होने वाले दिन-रात्रि के तीसरे टेस्ट मैच के लिए यहां गुलाबी गेंद से अभ्यास किया। पंड्या इस मैच से दो साल के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। इस ऑलराउंडर ने साल 2018 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है। पंड्या ने राहुल चाहर, के गौतम और शाहबाज नदीम की गेंदबाजी का सामना किया। वहीं पुजारा ने स्पिनरों की गेंदों को खेला। पुजारा ने दूसरे टेस्ट में 21 और सात रन बनाये थे। दोनों ने 45 मिनट तक बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और फील्डिंग कोच आर श्रीधर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। वहीं तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा वाशिंगटन सुंदर ने भी गुलाबी गेंद से अभ्यास किया। इन दोनों को भी दूसरे टेस्ट के लिए आराम दिया गया था। दोनो ही टीमें सीरीज में 1-1 से बराबरी पर हैं, ऐसे में यह मैच बेहद अहम रहेगा।

### जुलाई में पहली बार आयरलैंड दौरे पर जाएगी दक्षिण अफ्रीकी टीम

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी टीम जुलाई में सीमित ओवरों के पहले पूर्ण दौरे के लिए आयरलैंड जायेगी। आयरलैंड बोर्ड के अनुसार यह मैच 11 से 25 जुलाई के बीच खेले जाएंगे। इनमें तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मैच होंगे। मैच मालाहाइड और स्टोरमोंट में खेले जाएंगे। वहीं क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपने एक बयान में कहा कि पहली बार दक्षिण अफ्रीका की टीम एक से अधिक मैच खेलने के लिए आयरलैंड जाएगी। इससे पहले जून 2007 के दौरे पर उसने बेलफास्ट में एक एकदिवसीय मैच खेला था। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक आयरलैंड को पांच एकदिवसीय मैचों में हराया है। अंतिम बार दोनों टीमों का मुकाबला साल 2016 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। दोनो ही टीमें पहले बार एकदूसरे के खिलाफ टी20 मैच खेलेंगी।

### आईपीएल नीलामी गुरुवार को

# फिंच , राय सहित इन खिलाड़ियों को मिल सकती है मोटी राशि



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2021 के 14 वें सत्र लिए गुरुवार को होने वाली नीलामी में एविन लुईस और जेसन राय सहित इन 11 विदेशी खिलाड़ियों को मोटी राशि मिल सकती है। संचालन परिषद ने निलामी के लिए खिलाड़ियों की संख्या में कटौती की है जिसके बाद 292 खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे। इस दौरान आठ फ्रेंचाइजी 61 स्थानों को के लिए बोली लगाएंगे। नीलामी की सूची में 164 भारतीय, 125 विदेशी और एसोसिएट देशों के तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है।

**एरॉन फिंच:** सीमित ओवर क्रिकेट में एरॉन फिंच सबसे अहम खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से 66 टी-20 मैचों में फिंच ने 2149 रन बनाये हैं। उनका औसत 37.7 और स्ट्राइक रेट 154.05 है। फिंच ने दो शतक और 12 अर्द्धशतक लगाये हैं।

**इविन लुईस:** वेस्टइंडीज के ओपनर इविन लुईस विस्फोटक बल्लेबाज हैं। उन्होंने 158 टी-20 में 4452 रन, 30.7 की औसत और 142.28 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। इनमें 4 शतक और 30 अर्द्धशतक हैं। उनका स्ट्राइक रेट 155.4 है।

**जेसन राय:** इंग्लैंड के ओपनर जेसन राय किसी भी आईपीएल टीम के लिए विस्फोटक ओपनर साबित हो सकते हैं। टी20 में उनकी स्ट्राइक रेट 144 और वनडे में 107 है। जानी बेयरेस्टो के साथ वह दुनिया की बेस्ट ओपनिंग जोड़ी बनाते हैं।

**स्टीव स्मिथ:** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने पिछले कुछ सालों में टी20 में बहुत शानदार प्रदर्शन किया है। स्मिथ ने 209 टी20 मैचों में 30.6 की औसत से 4000 रन बनाए हैं। वह मध्यक्रम के वह अच्छे बल्लेबाज हैं।

**डेविड मलान:** इंग्लैंड के बल्लेबाज डेविड मलान ने करियर की शुरूआत में 19 मैचों में 53.43 की औसत से 855रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 9 अर्द्धशतक बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 149.47 है।

**ग्लेन मैक्सवेल:** ग्लेन मैक्सवेल को नीलामी में देखना शानदार होगा। आईपीएल 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए वह 13 मैचों में केवल 109 रन बना पाए। उनका औसत 15.42 और स्ट्राइक रेट 101.88 रहा। बावजूद इसके वह सीमित ओवर क्रिकेट के आक्रामक बल्लेबाज हैं। वन डे में उनका स्ट्राइक रेट 125.43 और टी20 में 157.95 है।

**क्रिस मौरिस:** दक्षिण अफ्रीका के ऑल राउंडर क्रिस मौरिस टी20 के शानदार ऑल राउंडर है। यूएई में आरसीबी की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अपना प्रभाव दिखाया। मौरिस की स्ट्राइक रेट टी20 में 151.02 है. वह 218 मैचों में 17 की औसत और 7.75 की इकोनॉमी से 270 विकेट लिए हैं।

**एलेक्स कैरी:** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी राष्ट्रीय टीम में अच्छा प्रदर्शन कर किया है। एकदिवयीय में उन्होंने टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन टी20 में वह यही प्रदर्शन दोहरा नहीं सके।

**आदिल राशिद:** इंग्लैंड के इस लेग स्पिनर ने 179 टी20 में 201 विकेट लिए है। उनका औसत 22.58 और स्ट्राइक रेट 18.2 है. किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए आदिल राशिद बेहतर विकल्प हो सकते हैं।


**झाय रिचर्डसन:** ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज झाय रिचर्डसन काफी शानदार खिलाड़ी हैं. 2021 की बिग बैश लीग में उन्होंने पर्थ स्क्रॉचर्स के लिए सर्वाधिक 29 विकेट लिए। उनका इकोनॉमी रेट 7.69 था।

### अब पंजाब किंग्स के नाम से जानी जाएगी किंग्स इलेवन पंजाब

**चंडीगढ़।** आईपीएल टीम किंग्स इलेवन पंजाब का नया नाम पंजाब किंग्स रखा गया है। फ्रेंचाइजी के सह मालिक मोहित बर्मन ने कहा है कि टीम को नया रुप देने के साथ ही ताजगी का अहसास कराने के लिए नाम बदला गया है।

बर्मन के अनुसार फ्रेंचाइजी के अन्य मालिक नेस वाडिया, प्रीति जिंटा और करण पॉल अपनी रीब्रांडिंग रणनीति के तहत फ्रेंचाइजी के नए लोगो का भी अनावरण करेंगे। उन्होंने कहा कि कम से कम एक साल तक टीम का नाम यही रहेगा। बर्मन ने बताया कि यह फैसला फ्रेंचाइजी ने प्रशंसकों की ओर से प्राप्त फीडबैक के आधार पर फैसला लिया है। आईपीएल के नीलामी के सप्ताह में फ्रेंचाइजी ने रीब्रांडिंग का प्रयोग किया है। नीलामी से एक दिन पहले ही फ्रेंचाइजी के नए नाम और लोगो का भी अनावरण किया जाएगा।

# जोकोविच, सेरेना और ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचे



**मेलबर्न।** विश्व के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच, अमेरिकी की सेरेना विलियम्स और जापान की नाओमी ओसाका ओपन अमेरिकी ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने यहां अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। सर्बियाई खिलाड़ी ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए पांचवीं वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव को 6-7, 6-2, 6-4, 7-6 से हराया। अब सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना रूस के असलान कारात्सेव से होगा। पहली बार कोई ग्रैंडस्लैम खेल रहे कारात्सेव ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 2-6, 6-4, 6-1, 6-2 से हराकर सनसनी फैला दी। कारात्सेव पेशेवर युग में अपने पहले ही प्रयास में किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी हैं। वहीं दूसरी ओर महिला एकल में अनुभवी खिलाड़ी सेरेना ने क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त सिमोना हालेप को 6-3, 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। यहा सेरेना का मुकाबला ओसाका से होगा। हालेप पहले सेट में सेरेना के सामने टिक नहीं पायीं जबकि दूसरे सेट में वह वह 3-1 से आगे चल रही थी पर इसके बाद सेरेना ने लगातार पांच अंक लेकर मैच पर कब्जा कर लिया। वहीं महिला एकल के ही एक अन्य मुकाबले में ओसाका ने सीधे सेटों में जीत के साथ ही सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओसाका ने 35 वर्षीय सीह सु वेई को 6-2, 6-2 से हराया। अब अगले दौरा में जापान की इस महिला स्टार खिलाड़ी का मुकाबला सेरेना से होगा।

# 37 साल के हुए डि विलियर्स

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी और पूर्व कप्तान एबी डि विलियर्स गुरुवार को 37 साल के हो गये। डि विलियर्स को अपनी शानदार खेल के लिए सुपरमैन तक कहा जाता है। साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विलियर्स दक्षिण अफ्रीकी टीम के कप्तान और आक्रामण बल्लेबाज रहे हैं। इसके अलावा वह आईपीएल सहित विश्व की कई क्रिकेट लीग से भी जुड़े हैं। विलियर्स आईपीएल में आरसीबी से खेलते हैं। उन्होंने साल 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

डि विलियर्स ने जूनियर लेवल पर गोल्फ, टेनिस और रग्बी भी खेला है पर क्रिकेट से उन्हें लोकप्रियता मिली। केवल 21 साल की उम्र में ही डि विलियर्स को भविष्य का सितारा कहा जाने लगा। एबी ने करियर में दो दोहरे शतक भी लगाये। इसमें से एक पाकिस्तान के खिलाफ और दूसरा भारत के खिलाफ था। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नवंबर 2010 में नाबाद 278 रन बनाए यह किसी भी दक्षिणअफ्रीकी क्रिकेटर का टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इससे पहले अप्रैल 2008 में उन्होंने अहमदाबाद में भारतीय टीम के खिलाफ नाबाद 217 रन बनाए थे।

डि विलियर्स के नाम एकदिवसीय में सबसे तेज शतक लगाने का रेकॉर्ड भी दर्ज है। उन्होंने केवल 31 गेंदों पर शतक लगाने के साथ ही 149 रन बनाए थे। उनके नाम एकदिवसीय में 16 गेंदों में अर्धशतक का रेकॉर्ड भी है। वह तीन बार आईसीसी के एकदिवसीय प्लेयर ऑफ द इयर अवॉर्ड विजेता रहे हैं। एबी ने करियर में 114 टेस्ट, 228 एकदिवसीय और 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 22 शतक और 46 अर्धशतकों की मदद से कुल 8765 रन बनाए। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 278 रन है जो उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में ठोका था। एकदिवसीय में उन्होंने कुल 9577 रन बनाए जिसमें 25 शतक और 53 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय में 10 अर्धशतकों की मदद से कुल 1672 रन बनाए।




मेलबोर्न में ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में सर्व करती हुई चीनी ताइपे की हशीश सू वेई।

# आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी आज से , शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी टूर्नामेंट गुरुवार से शुरू होगा। इसमें शीर्ष निशानेबाज शामिल होंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अनीश भानवाला को भी इसमें पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर टीम में चुना गया है। उनके टोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल करने की संभावनाएं ज्यादा हैं। ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके 15 निशानेबाजों सहित देश के सभी शीर्ष निशानेबाज कर्णी सिंह रेंज पर 18 से 29 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में शामिल होंगे। 18 वर्ष के अनीश इस समय विश्व रैंकिंग में 12वें और भारत में सातवें स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) 31 मई तक ज्यादा रैंकिंग अंक बनाने वाले खिलाड़ी को ओलंपिक के लिए व्यक्तिगत कोटा दे सकता है। अभी तक किसी भारतीय निशानेबाज ने 25 मीटर रैपिड फायर में टोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल नहीं किया है। विजय कुमार ने 2012 लंदन ओलंपिक में इसी वर्ग में रजत पदक जीता था।

वहीं महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल में अपूर्वी चंदेला और अंजुम मुद्गिल के साथ इसमें भाग लेगी। आईएसएसएफ के नये टीम प्रारुप को देखते हुए पहली बार इस विश्व कप में 30 फाइनल्स खेले जायेंगे।

**टीमें इस प्रकार हैं :**

**10 मीटर एयर राइफल पुरूष :**
दिव्यांश सिंह पंवार, अर्जुन बाबूता, दीपक कुमार, पंकज कुमार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन पुरूष :**
संजीव राजपूत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, नीरज कुमार, स्वप्निल कुसाले, चैन सिंह

**10 मीटर एयर राइफल पुरूष :**
सौरभ चौधरी, अभिषेक वर्मा, सरबजोत सिंह, रविंदर सिंह, शाहजार रिजवी

**25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरूष :**
विजयवीर सिद्धू, गुरप्रीत सिंह, अनीश, अर्पित गोयल , आदर्श सिंह

**ट्रैप पुरूष :**
कीनान चेनाई, लक्ष्य, पृथ्वीराज टी, जोरावर सिंह , नमनवीर सिंह बरार

**स्कीट पुरूष :**
अंगदवीर सिंह बाजवा, मैराज अहमद ,खान, गुरजोत सिंह, करम सुखबीर सिंह, अमरिंदर सिंह चीमा

**10 मीटर एयर राइफल महिला :**
इलावेनिल वालारिवन, अंजुम मुद्गिल, अपूर्वी चंदेला, श्रीयांका एस, निशा कंवर

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन महिला :**
तेजस्विनी सावंत, सुनिधि चौहान, अंजुम मुद्गिल, गायत्री एन, श्रेया सक्सेना

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला :**
मनु भाकर, यशस्विनी सिंह देसवाल, पी श्री निवेता, श्वेता सिंह, ऐशा सिंह

**25 मीटर रैपिड पिस्टल महिला :**
मनु भाकर, राही सरनोबत, चिंकी यादव, नीरज कौर, अभिंद्य पाटिल

**ट्रैप महिला :**
राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर, कीर्ति गुप्ता, नीरू

**स्कीट महिला :**
गनीमत सेखें, परिनाज धालीवाल, कार्तिकी सिंह शेखावत, दर्शना राठौड़, जाहरा दीसावाला

**10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम :**
दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वालारिवान, अर्जुन बाबूता और अंजुम मुद्गिल

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन मिश्रित टीम :**
संजीव राजपूत और तेजस्विनी सावंत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और सुनिधि चौहान

**10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीत :**
सौरभ चौधरी और मनु भाकर, अभिषेक वर्मा और यशस्विनी सिंह देसवाल

**25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम :**
विजयवीर सिद्धू और तेजस्विनी सावंत
गुरप्रीत सिंह और अभिंद्य पाटिल

**ट्रैप मिश्रित टीम :**
कीनान चेनाई और राजेश्वरी कुमारी, लक्ष्य और श्रेयसी सिंह

**स्कीट मिश्रित टीम :**
अंगदवीर सिंह बाजवा और गनीमत सेखों, मैराज खान और परिनाज धालीवाल

**10 मीटर एयर राइफल पुरूष टीम :**
दीपक कुमार , पंकज कुमार, ऐश्वर्यप्रताप

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन पुरूष टीम :**
नीरज कुमार, स्वप्निल कुसाले और चैन सिंह

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरूष टीम :**
सौरभ चौधरी, अभिषेक वर्मा और सरबजोत सिंह

**25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल पुरूष टीम :**
विजयवीर सिद्धू, गुरप्रीत सिंह, अर्पित गोयल

**ट्रैप पुरूष टीम :**
कीनान चेनाई, लक्ष्य और पृथ्वीराज

**स्कीट पुरूष टीम :**
अंगदवीर सिंह बाजवा, मैराज अहमद खान, गुरजोत सिंह के

**10 मीटर एयर राइफल महिला टीम :**
अपूर्वी चंदेला, श्रीयांका एस, निशा कंवर

**50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन महिला टीम :**
अंजुम मुद्गिल, गायत्री एन, श्रेया सक्सेना

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम :**
मनु भाकर, यशस्विनी सिंह देसवाल, पी श्री निवेता

**25 मीटर रैपिड पिस्टल महिला टीम :**
मनु भाकर, राही सरनोबत , चिंकी यादव

**ट्रैप महिला टीम :**
राजेश्वरी कुमारी, श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर

**स्कीट महिला टीम :**
गनीमत सेखों, परिनाज धालीवाल, कार्तिकी।

# ‘जमाई राजा 2.0’

## में बोल्ड सीन करने पर निया शर्मा को नहीं हुई हिचकिचाहट, बोलीं- मैंने सब कर लिया



छोटे पर्दे की जानी-मानी एक्ट्रेस निया शर्मा अब वेब सीरीज का रुख भी कर चुकी हैं। यहां पर निया के बोल्ड अवतार ने सभी को चौंका दिया। अपनी बेबाकी के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस निया शर्मा ने हाल ही में ओटीटी प्लैटफॉर्म पर दिए बोल्ड सीन्स को लेकर बात की है। निया ने टीवी शो ‘जमाई राजा’ के बेव स्पिन ऑफ ह्यजमाई राजा 2.0ह्न में अभिनेता रवि दुबे के साथ कई स्टीमी सीन्स दिए हैं। इसे लेकर बात करते हुए निया ने बताया कि उन्हें ऐसे सीन्स करने में अब हिचकिचाहट क्यों महसूस नहीं होती है? इसके साथ ही निया ने रवि के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया है।

‘जमाई राजा 2.0’ के एक्टर रवि दुबे की पत्नी सरगुन मेहता ने बताया था कि वो शुरूआत में इंटीमेट सीन करने को लेकर काफी असहज थे। वहीं अब निया ने बताया है कि उन्हें ऐसी कोई हिचकिचाहट नहीं थी। निया ने बॉलीवुड लाइफ से बातचीत ते दौरान बताया कि ‘मैं बाकी सबसे काफी पहले ही ओटीटी स्पेस पर आ गई थी, जब ये शुरू ही हो रहा था। मैं ट्विस्टेड से आई थी, ये सीरीज काफी पहले ही चल गई थी जब कोई एक्सपेरिमेंट के लिए तैयार ही नहीं था’।

बोल्ड सीन्स को लेकर निया ने आगे कहा - ‘मैंने वहां सब कर लिया है। मैं एक तरह से ओटीटी स्पेस पर सहज हो गई हूं’। वहीं उन्होंने अपने को-स्टार रवि दुबे को लेकर कहा- ‘जब रवि की बात आती है तो मैंने हमेशा उन्हें अच्छा, सभ्य और गंभीर एक्टर पाया है। मुझे रवि के साथ इस तरह के सीन्स करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। वो आपको कभी असहज महसूस नहीं करवाते हैं’।

# ‘डार्लिंग्स’ में साथ नजर आएंगे शाहरुख-आलिया



**मुंबई।** बालीवुड के स्टार शाहरुख खान और एक्ट्रेस आलिया भट्ट फिल्म ‘डार्लिंग्स’ के साथ मां-बेटी की एक मजेदार कहानी को बयां करने के लिए साथ आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पूरी फिल्म का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। अभी कुछ समय पहले ही आलिया को इसकी कहानी सुनाई गई थी। एक सूत्र ने बताया, ‘उन्हें यह बेहद पसंद आई और उन्होंने तुरंत फिल्म के लिए हामी भर दी।’

‘डार्लिंग्स’ के साथ जसमीत के रेने बतौर निर्देशक डेब्यू कर रही हैं, जिन्होंने कई फिल्मों पर एसोसिएट डायरेक्टर और चीफ असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया है और ‘फोर्स 2’, ‘फन्नी खान’ व ‘पति पत्नि और वो’ जैसी फिल्में लिख चुकी हैं। फिल्म में आलिया के साथ-साथ शेफाली शाह, विजय वर्मा और रोशन मैथ्यू जैसे कलाकार भी हैं। कहा जा रहा है कि यह मां-बेटी की एक प्यारी सी जोड़ी के बारे में एक अजीब कहानी है, जो जिंदगी में पागलपन से भरपूर परिस्थितियों से होकर गुजरती हैं, जिसे पर्दे पर आलिया और शेफाली ने निभाया है।

सूत्र ने कहा, ‘यह मुंबई में एक मध्यम वर्गीय परिवार के जीवन पर आधारित है, जिसमें दो महिलाओं के जीवन को दशार्या गया है, जहां उन्हें असाधारण परिस्थितियों में साहस और प्यार मिल जाता हैं। इस सप्ताह फिल्म की आधिकारिक घोषणा होने की उम्मीद है। सूत्र बताते हैं कि फिल्म की शूटिंग 2021 की पहली तिमाही में ही शुरू की जाएगी। फिल्म को इस साल रिलीज किए जाने की भी बात चल रही है। प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है और टीम मुंबई में बहुत जल्द शूटिंग शुरू करने की तैयारी में है। बता दें कि शाहरुख खान और आलिया भट्ट ने पहली बार गौरी शिंदे की ‘डियर जिंदगी’ में साथ काम किया था, लोगों को यह फिल्म काफी पसंद आई थी।

## 26 मार्च को रिलीज होगी फिल्म ‘साइलेंस’



अभिनेता मनोज वाजपेयी की फिल्म ‘साइलेंस’ रिलीज के लिए तैयार है। अभिनेता ने ट्वीट के जरिये यह जानकारी दी। उन्होंने ट्वीटर पर पोस्ट किया कि फिल्म 26 मार्च को ओटीटी रीलीज के लिए तैयार है। मनोज वाजपेयी ने अपने ट्वीट में लिखा कि ‘जब हर कोई सच्चाई को छुपाता है तो, न्याय शांति से पनपता रहता है। मर्डक मिस्ट्र फिल्म को अंत तक गेस करने के लिए तैयार हो जाएं।’ यह फिल्म 26 मार्च को जी5 पर प्रीमियर होगी। फिल्म एक महिला के रहस्यमय ढंग से लापता होने की कहानी का पता लगाती है, जिसकी लाश को ट्रेकर्स ने एक दिन बाद खोजा। इस फिल्म में प्राची देसाई और अर्जुन माथुर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# कविता कृष्णमूर्ति ने फारूक शेख को किया याद



पाश्र्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति ने काला घोड़ा कला महोत्सव 2021 के वर्चुअल आयोजन में दिवंगत अभिनेता फारूक शेख को याद किया है। उन्होंने कहा कि अभिनेता फारूक ने उनकी कॉलेज में तीसरे वर्ष की परीक्षा पास करने में मदद की थी। सेंट जेवियर्स कॉलेज मुंबई के पूर्व छात्रा कृष्णमूर्ति ने अपने कैंपस के दिनों को याद करते हुए लिखा कि ‘फारूक शेख हमारे कॉलेज का हिस्सा थे। एक दिन उन्होंने मुझे लॉन्ग फेस के साथ देखा। मैंने उनसे कहा कि मेरी उपस्थिति कम है, क्योंकि मैं बहुत सारे जिंगल्स और प्रोग्राम करती हूं, जिसके लिए मुझे बंक करना पड़ता है, लेकिन मैं केवल संगीत के लिए बंक मारती हूं। उन्होंने प्रिंसिपल से बात की और मेरी मदद की। मेरे तीसरे वर्ष में, उन्होंने मेरे लिए सेशन लिया और मेरी मदद की। इससे मुझे बहुत अच्छा लगा।’

# जाह्नवी कपूर ने फिल्म ‘रूही’ का ट्रेलर किया रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव, वरुण शर्मा और जाह्नवी कपूर स्टारर फिल्म ‘रूही’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर जाह्नवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रिलीज किया है। इस फिल्म में जाह्नवी कपूर एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हैं जिस पर चुड़ैल का साया है। वहीं राजकुमार राव और वरुण शर्मा इस हॉरर फिल्म के बीच-बीच में हंसी के फुव्वारे छोड़ते नजर आएंगे। जाह्नवी के इस फिल्म का ट्रेलर पोस्ट किए जाने के कुछ ही मिनटों में इस पर बेहिसाब लाइक्स और शेयर्स आ गए हैं। फैन्स ने कमेंट बॉक्स में अपनी प्रतिक्रियाएं दी है। राजकुमार राव ने ट्विटर पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है जिस पर फैन्स ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने लिखा, ‘आप सभी कमाल का काम किया है।’ तमाम फैन्स ने ट्रेलर की तारीफ की है। कुछ ने फिल्म के पंचलाइनर्स पर रिएक्ट किया है तो किसी को ये काफी डरावना लगा, क्योंकि स्त्री की पंचलाइन मेकर्स ने ‘अब मर्द को दर्द होगा’ रखी थी और रूही की पंचलाइन मेकर्स ने ‘अब मर्द को ज्यादा दर्द होगा’ रखी है इसलिए बहुत से फैन्स इस बात से कनफ्यूज हैं कि क्या ये फिल्म स्त्री की सीक्वल है। कुछ लोगों ने कमेंट बॉक्स में और ट्विटर पर ये सवाल पूछा भी है। फिल्म में एक खास बात ये भी है कि जाह्नवी कपूर पहली बार हॉरर अंदाज में नजर आने वाली हैं। उनका लुक काफी कनविंसिंग लगा है और वह अपने लुक और अभिनय के जरिए वाकई दर्शकों को डरा पाने में कामयाब मालूम पड़ रही हैं। फिल्म में वरुण शर्मा और राजकुमार राव मिलकर जाह्नवी कपूर में से चुडैल का साया निकालने के लिए कोशिश करेंगे बता दें कि साल 2018 में रिलीज हुई वास्तविक घटनाओं पर आधारित फिल्म स्त्री बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। फिल्म की कहानी स्त्री की तरह ही चुड़ैल वाले कॉन्सेप्ट पर आधारित एक हॉरर कॉमेडी स्टोरी है जिसे बनाया है स्त्री के ही मेकर्स ने। फर्क इतना सा जरूर है कि पिछली फिल्म में ज्यादातर जद्दोजेहत चुड़ैल को ढूंढने की थी और इस बार राजकुमार राव पहले से जानते हैं कि चुड़ैल का साया किसमें हैं।

## संस्कृति प्रेम कहानी ‘नमस्ते वहाला’ से आश्चर्यचकित रह गए रूसलान मुमताज



**मुंबई।** अभिनेता रूसलान मुमताज अंतर संस्कृति प्रेम कहानी ‘नमस्ते वहाला’ से आश्चर्यचकित हैं। उनका कहा कि अपने देश में बहुत लोकप्रिय नाजीरियाई सह अभिनेता बॉलीवुड और भारतीय सितारों, खासतौर पर अमिताभ बच्चन के प्रशंसक हैं। मुमताज ने बताया कि नमस्ते वहाला में नाइजीरिया के सुपरस्टार रिचर्ड मोफे डमिजो एवं जोक सिल्वा ने भी काम किया है और उन्होंने पर्दे पर दिमा ओकोजई के माता-पिता का किरदार निभाया है एवं वहाला का मतलब परेशानी है। मुमताज ने आगे कहा कि ‘उन्हें बताया गया कि नाइजीरिया में मोफे डमिजो एवं जोक सिल्वा की ख्याति भारत में अमिताभ बच्चन एवं हेमा मालिनी जैसी है। उन्होंने प्रत्येक की तस्वीर एवं प्रोफाइल दिखाई। जब मैं मोफे डमिजो से मिला जिन्हें आरएमडी के नाम से लोग जानते हैं तो कहा कि आप से मिलकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, तब उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि आप भारत से हैं। आप अमिताभ बच्चन के देश से हैं।’ मुमताज ने बताया कि इसके बाद उन्होंने फिल्म खुदा गवाह से लेकर अबतक आई अमिताभ बच्चन की फिल्मों की जानकारी देनी शुरू की। उन्होंने कहा कि वह अमिताभ बच्चन के प्रशंसक हैं। बॉलीवुड को किसी परिचय की जरूरत नहीं हैइस फिल्म को भारतीय-नाइजीरियाई रेस्तरां मालिक हमिशा दरयानी आहूजा ने निर्देशित किया है और मुमताज के साथ नाइजीरियाई अभिनेत्री इनी-दिमा ओकोजी हैं। यह कहानी एक नाइजीरियाई वकील एवं भारतीय निवेश बैंकर के ईर्दगिर्द घूमती है जो शुरू में परिवार से विरोध का सामना करता है।

मुमताज ने बताया कि उन्हें यह काम कस्ट्यूम डिजाइनर राहिल राजा के जरिये मिला जिन्होंने उनकी तस्वीर निर्देशक को भेजी और उनका मानना था कि इस किरदार के लिए वह फिट हैं। मुमताज ने कहा कि ‘निर्देशक ने मेरी तस्वीर देखी और कहा कि यह बॉलीवुड अभिनेता की तरह दिखता है। इसके बाद उन्होंने और वीडियो मांगे जो राजा ने उन्हें भेज दिया...यह अफ्रीका में करीब एक महीने की शूटिंग अफ्रीकी दर्शक के लिए थी जिसमें केवल दो भारतीय अभिनेता थे, एक मैं और दूसरी सुजाता सहगल जिन्होंने फिल्म में मेरी मां का किरदार निभाया है। बता दें कि इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर प्रसारित किया गया है।

# अब इंडस्ट्री के हर बच्चे को ड्रगी कहा जा रहा:शेट्टी

## एक्टर ने कहा-हम ऐसे नहीं, अच्छे लोग हैं



**मुंबई।** बालीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने कहा, ‘मैं अपने बच्चों को लेकर चिंता नहीं करता, बल्कि इंडस्ट्री में सामान्य तौर पर अपने बच्चों को लेकर चिंतित हूं। अब इंडस्ट्री के हर बच्चे को ड्रगी कहा जा रहा है, लेकिन हम ऐसे नहीं हैं। हम अच्छे लोग हैं। उन्हें भरोसा है कि उनके बच्चे- अभिनेत्री अथिया शेट्टी और बेटे अहान इन मामलों में सुरक्षित हैं लेकिन वे लोगों के मन में स्टार किड्स के बारे में बनी गलत धारणा को लेकर चिंतित हैं।

शेटटी ने कहा- हम अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसबिलिटी पूरा करते हैं और मैं इसके बारे में बहुत मुखर भी हूं। मैं एक अच्छे, साफ-सुथरे और दोस्ताना माहौल को सपोर्ट करता हूं। ‘वह आगे कहते हैं, ‘मैं कभी असफल नहीं हुआ। 5 फ्लॉप फिल्में देने के बाद भी मैं सुनील शेट्टी हूं। आप मुझे यह नहीं बता सकते कि मुझे कैसे चलना और बात करना है। आप मेरे लिए यह कह सकते हैं कि वह एक फ्लॉप एक्टर हैं, लेकिन ये बताइए कि आप अपने जीवन में किस मुकाम पर हैं? ऐसा सवाल करने वाले आप कौन होते हैं? मैं तो आपसे ऐसे सवाल तब ही पूछूंगा जब आप बहुत व्यक्तिगत होंगे। वरना आप अपनी जिंदगी जी रहे हैं और मैं अपनी। लिहाजा, कोई जजमेंट न करें।’ सुनील शेट्टी की बेटी अथिया हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अब तक 3 फिल्में कर चुकी हैं और अहान जल्द ही तेलुगू ब्लॉकबस्टर ‘आरएक्स 100’ के हिंदी रीमेक के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं।

अपने बेटे को लेकर अभिनेता ने कहा, ‘मुझे लगता है कि उसके आने से मेरी इमेज पर असर पड़ेगा, क्योंकि वह बहुत अच्छा है। जब वह एक्शन करेगा तो लोग कहेंगे कि यह एक्शन में इतना अच्छा कैसे है, क्योंकि इसका पिता तो औसत था। मेरा बेटा शानदार है और बहुत अच्छे दिल वाला है। उसे आउटडोर एक्टिविटीज बहुत पसंद है। उसे ट्रैवलिंग करना भी पसंद है। बता दें कि इंडस्ट्री के स्टार किड्स, उनकी लाइफ स्टाइल और ड्रग्स लेने की चचाओं पर सुनील शेट्टी लगातार नजर रख रहे हैं।

## गहना पर लगा आरोप, केस दर्ज



अभिनेत्री गहना वशिष्ठ उर्फ वंदना तिवारी पर कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म और गलत तरीके से कैद करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता के तहत अभिनेत्री और 3 लोगों पर महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें करने और शील भंग करने का मामला दर्ज किया है। एक 24 वर्षीय मॉडल ने यह मामला दर्ज कराया है। मॉडल का आरोप है कि उसे एक वीडियो शूट के दौरान 3 पुरुषों के साथ अश्लील काम करने के लिए मजबूर किया गया था। इन आरोपों से इनकार करते हुए गहना के वकीलों ने कहा कि अभिनेत्री ने केवल अश्लील वीडियो शूट किए हैं। 87 अश्लील वीडियो शूट करने के लिए गहना को गिरफ्तार किया गया था। ये वीडियो उसने अपनी वेबसाइट पर अपलोड किए थे। उसकी गिरफ्तारी के बाद गहना के पब्लिसिस्ट फ्लिन रेमेडियोज ने बयान जारी कर कहा कि ये वीडियो गहना की कंपनी जीवी स्टूडियोज ने बनाए और निर्देशित किए हैं और ज्यादातर को अश्लील वीडियो की श्रेणी में रखा जा सकता है।













